CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25°C
न्यूनतम : 11°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 28 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 43 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े : अखिलेश यादव पेज 2




जम्मू-कश्मीर का पहली बार रणजी चैंपियन बनना पक्का खेल टाइम्स



विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा सम्पादकीय



न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात पेज 12

## 10वां रोज़ा

### रहमत और बरकत का आशियाना है 10वां रोज़ा



रमजान माह के तीस रोजे दरअसल तीन अशरों पर मुश्तमिल हैं। शुरुआती दस दिनों यानी रोजों का अशरा रहमत का, बीच के दस रोजों का अशरा मगफिरत का और आखिरी दस रोजों का अशरा दोजख से निजात का है। रहमत का अशरा अल्लाह की सना करते हुए रोजेदार के लिए अल्लाह की मेहरबानी मांगने का है। कुरआने-पाक में जिक्र आया है ...तो अपने रब की सना करते हुए उसकी पाकी बयान करो और उससे बख्शीश चाहो। दरअसल शुरुआती दस रोजे यानी पहला अशरा, अल्लाह से रहमत हासिल करने का दौर है। दसवां रोज़ा अल्लाह की रहमत की रवानी और मेहरबानी के मील के पत्थर की मानिन्द है।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालात

इस्लामाबाद, वार्ता



- पाक का दावा: 274 अफगान लड़ाके मारे गए, 400 से ज्यादा घायल, दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की अटकलें
- भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का किया समर्थन
- तालिबान बोला: फिर हमला किया, तो कड़ा जवाब देंगे

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान** के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है।

वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का समर्थन किया है। अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वार्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की सीमा पार हो चुकी है, अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने यह वीडियो एक्स पर पोस्ट किया है। वीडियो में पाकिस्तानी एयरफोर्स की अफगानिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिका प्रांत में स्ट्राइक के फुटेज हैं। अफगानिस्तान के सेना प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत ने कहा है -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 % हुई

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपने मजबूत प्रदर्शन से बाजार और अर्थशास्त्रियों को चौंका दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हो गए हैं, जिसने 7.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था की इस तेज रफ्तार और इसके पीछे के मुख्य कारणों को आइए एक आसान सवाल-जवाब के जरिये विस्तार से समझते हैं।

# कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने बंगाल एसआईआर पर सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में प. बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से कहा कि चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल -शेष पृष्ठ दो पर



- कहा: हमने स्पष्ट कर दिया है किन दस्तावेजों की जांच की जानी है, आदेश बिल्कुल स्पष्ट है

## परिवार संग होली मना सकेगा नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सात दिन की फरलो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी विकास यादव की याचिका मंजूर की। विकास यादव 2002 में व्यवसायी नीतीश कटारा की हत्या के लिए 25 साल की जेल की सजा काट रहा है।

उसने जेल से होली पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि विकास यादव ने अब तक 23 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे सात मार्च तक रिहाई की अनुमति दी गई है। इस दौरान वह अपने परिवार के साथ होली मना सकेगा। बेंच ने कहा कि होली के समय परिवार के साथ समय बिताने के लिए फरलो का आवेदन किया गया है। मामले के मापदंडों में प्रवेश किए बिना हम याचिकाकर्ता को सात मार्च तक फरलो (अस्थायी रिहाई) की अनुमति देते हैं। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने विकास यादव की रिहाई के खिलाफ याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को खारिज किया।

# शराब घोटाला मामला: केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपी बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच कराने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ-साथ अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया।

राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने इस मामले में जिन सभी 23 आरोपियों को बरी किया है, उनमें तेलंगाना से पूर्व सांसद के. कविता, विजय नायर, समीर महेंद्रू शामिल हैं। यह मामला 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा था। इस नीति को तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद वापस ले लिया था। फैसला आने के बाद सीबीआई ने कहा कि उसकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को अदालत ने या तो नजरअंदाज किया या पर्याप्त महत्व नहीं दिया। एजेंसी ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष सीबीआई प्रथम दृष्ट्या मामला साबित नहीं कर सका है। अदालत ने कहा कि सीबीआई -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी व शाह ने रचा सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में बरी होने के बाद इसे सत्य की जीत करार देते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा।

श्री केजरीवाल अदालत से बरी होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बेहद भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू गिरने लगे और उनकी जबान लड़खड़ा गई। कुछ सेकंड की चुप्पी के बाद उन्होंने कहा के केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है। यह पूरा केस फर्जी था। आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है। सत्यमेव जयते। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, शुक्रवार को कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया।




नई दिल्ली: 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज शराब घोटाला मामले में अदालत से राहत मिलने के बाद जीत का निशान दिखाते हुए।

## योगी ने होली से पहले वेतन भुगतान के दिए सख्त निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- उप्र में 2, 3 और 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश रहेगा

**लखनऊ।** होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित कर्मचारियों सहित आउटसोर्सिंग, संविदा और सफाईकर्मियों का वेतन होली से पूर्व हर हाल में जारी किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने स्तर से वेतन वितरण की प्रक्रिया तत्काल पूरी करें, ताकि कर्मचारियों को त्योहार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन ने शनिवार, 28 फरवरी 2026 को कार्यदिवस घोषित किया है। वहीं कर्मचारियों को 3 मार्च 2026 का अतिरिक्त अवकाश दिया जाएगा।

## कनाडाई पीएम चार दिन के दौरे पर भारत पहुंचे

- निवेश-ट्रेड डील पर फोकस

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार को 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है।

प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी। कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। पहले कनाडा ने आरोप लगाया था कि भारत उसकी जमीन पर हस्तक्षेप कर रहा है और सीमापार दबाव जैसी गतिविधियों में शामिल है।




## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के 6 शहरों में पारा -10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गर्मी लगातार बढ़ रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में शीतलहर की स्थिति है। उत्तरकाशी, चमोली, और पिथौरागढ़ में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट रहा।

### भाजयुमो का सोनिया गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा युवा मोर्चा की केरल इकाई के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के आवास के बाहर श्री भगवान स्वामी शरणम अयप्पा मंदिर से जुड़े स्वर्ण चोरी प्रकरण को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में केरल भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर प्रश्न उठाया।

# मुर्मू ने स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में भरी उड़ान



**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाते हुए सुबह जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में ऐतिहासिक उड़ान भरकर इतिहास रचा। राष्ट्रपति की इस उड़ान ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया।

वह 2023 में लड़ाकू विमान सुखोई और 2025 में राफेल में भी उड़ान भर चुकी हैं। इस उड़ान से शुक्रवार का दिन भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। श्रीमती मुर्मू की यह उड़ान एक मिशन का हिस्सा थी और इसमें वह ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ कॉकपिट में सह पायलट की भूमिका में नजर आई। ऐसा करने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। इस मिशन में दो हेलीकॉप्टर शामिल थे जिनमें से दूसरे हेलीकॉप्टर में स्वयं वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ग्रुप कैप्टन ए. महेंद्र के साथ सवार थे। लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान हेलीकॉप्टरों ने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी तथा हेलीकॉप्टर ने एक टैंक को लक्ष्य बनाकर हमला किया। राष्ट्रपति ने हेलीकॉप्टर की कॉकपिट से सैनिकों को सलामी भी दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपना अनुभव भी साझा करते हुए लिखा कि प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक प्रबल प्रतीक है। इस समय मैं प्रसिद्ध जैसलमेर किले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मुझे देश के वीर वायु सैनिकों पर अत्यंत गर्व है। आगंतुक पुस्तिका में राष्ट्रपति ने एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखकर भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

- सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाया, राफेल और सुखोई लड़ाकू विमानों में पहले ही उड़ चुकी हैं राष्ट्रपति

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**नोएडा।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया है। वह लंबे समय से लीवर कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### अवनीश अवस्थी को मिला एक वर्ष का सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार एवं पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी को एक वर्ष का सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल अब 28 फरवरी 2027 तक बढ़ा दिया गया है। अवनीश अवस्थी को मुख्यमंत्री के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में गिना जाता है। वे प्रशासनिक अनुभव, नीतिगत समन्वय और महत्वपूर्ण निर्णयों के क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए जाने जाते हैं। सरकार की विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सेवा विस्तार को सरकार की निरंतरता और नीतिगत स्थिरता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### चीता गामिनी ने एक और शावक को दिया जन्म: यादव

**नई दिल्ली।** पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी ने एक और शावक को जन्म दिया है। इसके साथ ही गामिनी के शावकों की संख्या चार हो गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार गामिनी ने इससे पहले इसी सप्ताह बुधवार को तीन शावकों को जन्म दिया था और चौथै शावक को शुक्रवार को जन्म दिया है। इसके साथ ही देश में चीतों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर गामिनी के चौथे शावक के जन्म की जानकारी देते हुए खुशी जताई कि कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी ने चौथे शावक के जन्म दिया है।इससे पहले गामिनी ने तीन और शावकों को जन्म दिया था। उन्होंने लिखा- कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी के चौथे शावक के जन्म की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

### दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर चढ़ा सियासी पारा

# केजरीवाल के साथ सत्य व न्याय दोनों खड़े: अखिलेश



**राउज एवेन्यू कोर्ट से फैसला आने पर सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया, केजरीवाल और सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपी के बरी होने का 'आप' ने किया स्वागत**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किए जाने पर समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने इसे भाजपा के लिए 'नैतिक मृत्युदंड' बताते हुए कहा कि आज दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं।

शुक्रवार को सोशल मीडिया के जिरए प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आरा. ेप कभी इतना बड़ा नहीं हो सकता कि वो सच को आच्छादित कर ले। आज हर ईमानदार आशा भरी सांस लेगा और भाजपा के समर्थक शर्म के मारे घोर आत्म-लज्जित हो रहे होंगे।

भाजपा ने दिल्ली के निवा. सियों से विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि जो कपटजीवी सनातनी शंकराचार्य, साधु, संतों, संन्यासियों तक पर झूठे आरोप लगाने का महापाप करते हैं। वो भला किसी सरकार, दल या किसी व्यक्ति को बदनाम करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। इसकी कल्पना कोई शरीफ आदमी कर ही नहीं सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि आजादी से पहले, वर्तमान सत्ता के जो 'संगी-साथी' देश के दुश्मनों से मिले हुए थे और स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी के फंदों तक पहुंचाने के लिए, आजादी के दीवानों के खलिाफ मुखबिरी जिनका काम रहा है, जो देश को गुलाम बनाने वाले साम्राज्यवादियों के माफी-वजीफे पर रहकर अपनी भूमिगत भूमिका निभाते रहे हैं, छल-छलावे के वो विचारवंशी भाजपाई, आज किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। वहीं दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले का आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश ने स्वागत किया है। शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि यह निर्णय न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सत्य की विजय का प्रतीक है।

### भाजपा ने केजरीवाल के बरी होने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को दिल्ली की नई शराब नीति मामले में बरी किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी इस फैसले का विस्तृत अध्ययन करने के बाद अपना पक्ष रखेगी। त्रिवेदी पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया है, लेकिन यह एक तकनीकी विषय भी है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

# ऑपरेशन धन के जरिये जब्त मादक पदार्थो की होली जलाएगी यूपी पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**होली के दौरान यूपी में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे के लिए हाई अलर्ट पर रखी गई**

**लखनऊ।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न ऑपरेशनों के जिरए जब्त किए गए मादक पदार्थों के समयबद्ध विनष्टीकरण / निस्तारण के लिए यूपी पुलिस विशेष अभियान ष्ऑपरेशन दहनष चलाएगी। पहली मार्च से लेकर 31 मई तक प्रदेश के सभी जिलों में इसका समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय की तरफ से बयान जारी कर कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नशा मुक्त उत्तर प्रदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा के निर्देशन में प्रदेश में जब्त/बरामद अवैध मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा। मुख्यालय की तरफ से कहा गया है कि अभियान के अंतर्गत न्यायालय से विनष्टीकरण के लिए अनुमति प्राप्त कर नियमानुसार विनिष्टी करण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जिसमें जनपदीय पुलिस प्रभारी डी सी पी कमिश्नरेट की व्यक्तिगत उपस्थिति में मादक पदार्थों का सुरक्षित विनष्टीकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी एवं विधिवत अभि लेखीकरण कर विनष्टीकरण कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यालय ने कहा है कि 'ऑपरेशन दहन' केवल विनष्टीकरण की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रदेश पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं शून्य सहनशीलता नीति का सशक्त प्रतिबिब है। इस अभियान के माध्यम से न केवल भंडारण संबंधी जोखिमों को न्यूनतम किया जाएगा, बल्कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर एवं स्पष्ट संदेश भी प्रेषित किया जाएगा। लरदेश के सभी जिलों में इस अभियान की मॉनिटरिग एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा की जाएगी। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विनष्टीकरण की सभी कार्यवाही नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न हुई है। वहीं होली पर्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को 24 घंटे हाई अलर्ट पर रखा गया है। शासन के निर्देश के बाद सभी एंबुलेंस इकाइयों को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश जारी किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 108 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस को 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। संस्था के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि 24ग7 निर्बाध एंबुलेंस सेवा सुनिश्चित की जा सके। त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस को चिन्हित संवेदनशील स्थानों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और थानों के आसपास तैनात रखा जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके। सभी एंबुलेंस में ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाएं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जबकि सड़क दुर्घटना, जलने, हार्ट अटैक, सांस संबंधी समस्या, गर्भावस्था या अन्य किसी भी आपात स्थिति में 108 नंबर पर कॉल कर नि:शुल्क सेवा ली जा सकती है।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार

नई दिल्ली, वार्ता

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में चल रही तेज हवाओं के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार होने से दिल्लीवासियों को प्रदूषण से काफी राहत मिली है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार राजधानी में अधिकतम तापमान लगभग 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का अनुमान जताया है। जिससे क्षेत्र में दिन का तापमान मौसमी औसत से ऊपर रहने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 26 से 28 फरवरी और फिर दो-तीन मार्च के दौरान पश्चिमी हिमालई क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं। इनके प्रभाव से कल और आज जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में तथा आज हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। दो से चार मार्च के बीच जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। मध्य भारत में अगले सात दिनों के दौरान अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान जताया गया है। महाराष्ट्र में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, इसके बाद मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

# एनसीआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव मोदी का बनावटीपन: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि एनसीईआरटी की पुस्तकों के पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुस्सा बनावटी है और यदि उनका गुस्सा कृत्रिम नहीं है तो उन्हें पाठ्यक्रम बदलने से संबंधित पूरे मामले की जांच करवानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को एक बयान में आरोप लगाया कि श्री मोदी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों के मुद्दे पर बनावटी आक्रोश जता रहे हैं। पाठ्यक्रम में बदलाव पर वह अपनी नाराजी का सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने श्री मोदी की नाराजगी को स्थिति संभालने का प्रयास बताया और कहा कि स्पष्ट रूप से एक डैमेज कंट्रोल प्रयास के तहत यह संदेश दिया जा रहा है कि वे एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका से जुड़े आलोचनात्मक उल्लेखों से बेहद नाखुश हैं।

पिछले एक दशक में उन्होंने ऐसे शिक्षाविदों और झोलाछाप अकादमिकों के एक नेटवर्क की अगुवाई की है, जिन्होंने अपने विचारधारात्मक वायरस से पाठ्यपुस्तकों को संक्रमित कर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। यह कोई आकस्मिक चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित वैचारिक घुसपैठ अभियान का हिस्सा है कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला किया और कहा कि पाठ्यक्रम कैसा होना चाहिए इसकी भूमिका संघ मुख्यालय नागपुर में बनती है, जिससे श्री मोदी स्वयं सम्बद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मोदी स्वयं नागपुर कॉम्युनल इकोसिस्टम फॉर रिराइटिग टेक्सबुक असली एनसीईआरटी- को दिशा देते और आकार देते रहे हैं।

रमेश ने कहा कि उच्चातम न्यायालय को उद्वेलित करने वाली पाठ्यपुस्तकों से स्वयं को अलग दिखाने की उनकी कोशिश महज ढोंग है। अब उच्चतम न्यायालय के लिए अगला तार्किक कदम यह होना चाहिए कि वह इस बात की विस्तृत जांच कराए कि पाठ्यपुस्तकों को किस प्रकार दोबारा लिखा गया और वे किस तरह ध्रुवीकरण तथा राजनीतिक हिंसाब-किताब चुकाने के औजार में बदल गईं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81287.19
निफ्टी 25178.65



सोना 164700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 268000
प्रति किलो



# जीडीपी के आंकड़ों से पहले लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों से पहले शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 961.42 अंक (1.17 प्रतिशत) गिरकर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत लुढ़ककर 25,178.65 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का लगभग चार सप्ताह का निचला स्तर है।

बाजार में यह गिरावट जीडीपी के आंकड़े जारी होने से ठीक पहले दर्ज की गई है। जीडीपी के सरकारी आंकड़े आज ही जारी होने हैं। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। रियलटी, ऑटो, एफएमसीजी, धातु, फार्मा, बैंकिंग, स्वास्थ्य और रसायन समूहों पर अधिक दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिर गए। अडानी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टीसीएस, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोने में लौटी चमक 1.64 लाख रुपये के पार पहुंचा भाव, चांदी धड़ाम

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं और भू-राजनी. तिक तनाव के बीच शुक्रवार को सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी ओर चांदी की कीमतों में नरमी का रुख रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,800 रुपये उछलकर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले गुरुवार को यह 1,62,900 रुपये पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी लगातार दूसरे दिन टूटकर 2,500 रुपये (करीब 1 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है, जो इसके पिछले बंद भाव 2,70,500 रुपये से कम है। स्थानीय स्तर पर आभूषण विक्रेताओं और स्टाकिस्टों की ताजा लिवाली ने सोने की कीमतों को ऊपर उठाने में मदद की है। अमेरिका की बढ़ती व्यापार संरक्षणवाद नीतियों और मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण निवेशकों का रुझान एक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की तरफ बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थिति थोड़ी मिश्रित है। स्पाट सिल्वर 1.42 डॉलर चढ़कर 89.72 डॉलर प्रति औंस हो गया है, जबकि सोना मामूली गिरावट के साथ 5,172.17 डॉलर औंस पर कारोबार कर रहा है।

# खाद्य तेलों में तेजी, चावल चीनी नरम, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ चीनी में भी नरमी रही। गेहूं की कीमतों में टिकाव देखा गया जबकि खाद्य तेलों के दाम बढ़ गए। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये गिरकर 3,841 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं का भाव 2,837 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी 14 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। तुअर दाल 28 रुपये और चना दाल 26 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल का भाव 16 रुपये गिर गया। उड़द दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4,040 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.15 प्रतिशत की बढ़त में 61.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 20 रुपये और सोया तेल 18 रुपये महंगी हुई। मूंगफली तेल का भाव 13 रुपये और सरसों तेल का नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान...**

कि अगर पाकिस्तान फिर हमला करता है, तो अफगानिस्तान और ज्यादा कड़ा जवाब देगा। उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में किसी भी हमले का जवाब पहले से ज्यादा सख्त होगा। दूसरी तरफ मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों से शांति और संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोनों देश तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकें और बातचीत से मसला सुलझाएं। अनवर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की सुरक्षा चिंताएं भी जरूरी हैं, लेकिन अफगानिस्तान की संप्रभुता का सम्मान करना भी उतना ही अहम है। बातचीत ही इसका सही रास्ता है। पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग के डायरेक्टर अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया है कि पाकिस्तानी हमलों में 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। इसके अलावा 115 टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां और तोपें भी तबाह कर दी गई हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि अफगानिस्तान में उसका सैन्य ऑपरेशन अभी भी जारी है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई प्रधानमंत्री के आदेश पर की जा रही है। वहीं अल जजीरा से बात करते हुए जरगून नाम के एक अफगान नागरिक ने कहा कि गुरुवार रात जब उनके कैंप पर हमला हुआ, तो लोग अपने परिवारों के साथ भागने लगे। लोग अपना सामान छोड़कर भाग गए।

**कोई नहीं कर सकता...** जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। सीजेआई ने कहा कि हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसका अंत होना चाहिए। हम अपने न्यायिक अधिकारियों को जानते हैं और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हो सकते। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। पीठ ने कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों से आगे जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच चल रहे गतिरोध से निराश होकर शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को एक असाधारण निर्देश जारी किया। इसमें राज्य में विवादित मतदाता सूचियों की एसआईआर में चुनाव आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह अदालत ने राज्य अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर राज्य और चुनाव आयोग के बीच विवाद को देखते हुए एसआईआर प्रक्रिया में दावों पर फैसला करने के लिए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा है कि झारखंड और ओडिशा से भी न्यायिक अधिकारियों को तैनात किया जा सकता है, क्योंकि चुनाव वाले राज्य में समय-सीमा से पहले काम पूरा करने के लिए पर्याप्त जज उपलब्ध नहीं हैं। अदालत ने कहा कि वह आज कोई और निर्देश जारी नहीं कर रहा है और कहा कि उसने एसआईआर को ठीक से चलाने में मदद के लिए राज्य के लगभग सभी न्यायिक अधिकारियों को लगा दिया है।

**शराब घोटाला मामला...** का आरोप पत्र बहुत विस्तृत था, लेकिन उसमें गंभीर खामियां भी थीं। आरोपपत्र में लगाए गए आरोप, गवाहों के बयानों या रिकॉर्ड पर मौजूद पर्याप्त सबूतों से साबित नहीं हो सके हैं। अदालत ने यह भी कहा कि श्री सिसोदिया के खिलाफ कोई प्रथम दृष्ट्या मामला नहीं बनता है और श्री केजरीवाल को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया। अदालत ने जांच में कमियों को लेकर जांच एजेंसी को फटकार भी लगाई। इस आदेश के बाद श्री केजरीवाल ने न्यायपालिका में विश्वास व्यक्त किया और इस मामले को अपनी पार्टी को कमजोर करने के उद्देश्य से रची गई एक राजनीतिक साजिश करार दिया। श्री सिसोदिया ने कहा कि फैसले ने संविधान और कानून के शासन में उनके विश्वास को पुन: पुख्ता किया है। अदालत ने श्री सिसोदिया की भूमिका के बारे में कहा कि ऐसा कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है, जो यह दिखाए कि उन्होंने 2021-22 की आबकारी नीति बनाने या लागू करने में गैरकानूनी तरीके से प्रभाव डाला था। अदालत ने कथित अनियमितताओं संबंधी कोई भी बरामदगी नहीं होने का भी उल्लेख किया। उसने श्री केजरीवाल के संबंध में कहा कि उनके मामले में ठोस सामग्री का अभाव था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी सबूतों के बिना एक संवैधानिक पदाधिकारी पर साजिश का आरोप लगाना स्थापित कानूनी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता है। मामले का केंद्र बिंदु रही आबकारी नीति दिल्ली सरकार ने आबकारी कारोबार में सुधार और राजस्व बढ़ाने के मकसद से पेश की थी। इसमें अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने आरोप लगाया था कि इस नीति से चुनिंदा निजी कंपनियों को अनुचि. चत लाभ मिला था।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका पोषणीयता पर सवाल उठाए। कहा कि अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। उन्होने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया।

शंकराचार्य के वकील ने कहा पीड़ित का मुकदमा संरक्षक के जरिए दर्ज कराया है। उसके माता-पिता और अभिभावकों का कोई पता नहीं है। सरकार ने कहा कि असाधारण हालात में ही अग्रिम जमानत सीधे हाईकोर्ट आ सकती है। इस मामले में असाधारण जैसा कुछ नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह कोई अनिवार्य बाधा नहीं है। शंकराचार्य के वकील ने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ पहले 18 जनवरी को अमावस्या के दिन हुई मारपीट की अर्जी दी गई। इस पर केस दर्ज नहीं हुआ तो पाक्सो वाली अर्जी दाखिल कर दी गई। यह दो अर्जी ही आपस में भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। यह मामला साजिश के तहत दर्ज कराया गया है, जो किसी के दबाव की ओर ईशारा कर रहा है।

कहा कि शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाला खुद हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर गौ हत्या, दुष्कर्म, हत्या का केस दर्ज है। वह 25 हजार रुपये का इनामी है। नाबा. लिगों को अब तक बाल कल्याण समिति को क्यों नहीं सौंपा गया। बच्चों के मां-बाप कहां हैं। इस पर कोर्ट ने सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि बच्चे कहां हैं। शंकराचार्य के अधिवक्ता ने विवेचना पर ही सवाल खड़ा किए। कहा कि जन बच्चों को पेश किया गया है उनकी मार्कशीट हरदोई की है और वहां के वह संस्थागत छात्र हैं। शंकराचार्य से विवाद मौनी अमावस्या से शुरू हुआ है। आरोप लगाया कि यह सब सरकारी की ओर से प्रायोजित है। बच्चों का मेडिकल करीब एक माह बाद हुआ है। सरकार ने बताया कि बच्चों को बाल कल्याण समिति ने उनके माता पिता को सौंपा है। इससे पहले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई पर कहा कि झूठ की कलई कोर्ट में खुल जाएगी। कोर्ट पर भरोसा जताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि कब तक झूठ की कहानी बनाकर बरगलाएंगे। उत्तर प्रदेश की पुलिस भी उनको संरक्षण दे रही है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



10वां रोज़ा इफ्तार
28 फरवरी शनिवार
सुन्नी...................... 06:21
शिया...................... 06:32

11 वां रोज़ा सहरी
01 मार्च रविवार
सुन्नी...................... 05:19
शिया...................... 05:25



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत, होमगार्ड हुआ घायल

## मंडी क्षेत्र में हुई दो दुर्घटनाएं, सिखेड़ा में किसान का शव मिला, वहलना कट पर होमगार्ड को कार ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में एक होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल होमगार्ड को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया और तीनों मृतकों के मंडी और सिखेडा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

एक घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला ग्राम सरवट के 36 वर्षीय मौहम्मद साजिद पुत्र सैदा हसन के साथ हुई। मौ. साजिद और उसके पिता बिस्किट की फैक्ट्री चलाते है बीती रात वह बाइक द्वारा किसी काम से बिलासपुर गया था। रात्रि के दौरान हाईवे पर बिलासपुर कट के निकट एक दुर्घटना में साजिद की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन कर मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर पहचान करते हुए घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। साजिद की मौत की खबर से परिवार में को. हराम मच गया। शुक्रवार (जुमे) को साजिद के जनाजे को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

दूसरी घटना सिखेडा क्षेत्र की है 45 वर्षीय अमित उर्फ बिट्टू पुत्र सहेन्द्र सिंह ग्राम भटौडा बीती रात किसी काम से जंगल की ओर गया था। रात्रि के समय परिवार के लोगों को खबर लगी कि अमित उर्फ बिट्टू का शव सिखेडा राजबाहे के निकट पडा हुआ है। मौके पर पहुंची डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने शव को मोर्चरी में रखवाया। बताया जाता है कि अमित उर्फ बिट्टू खेती करता था और उसकी मौत से परिवार में शोक छा गया। कुछ लोगों का कहना है कि अधिक शराब के सेवन से अमित उर्फ बिट्टू की मौत हुई है तो कुछ लोग इस घटना को दूसरा रूप भी दे रहे है।

एक अन्य घटना मंडी क्षेत्र में हुई जहां संजय सिंह पुत्र सीतावीर सिंह उम्र 65 वर्ष की मंडी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। संजय सिंह ग्राम तिगरी थाना मुआना जनपद मेरठ का रहने वाला है। पुलिस ने नाम पता ज्ञात होने के बाद इसकी जानकारी संजय के परिवार को दी और शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

एक घटना एनएच 58 पर हुई। बताया जाता है कि होमगार्ड गोल्डी पुत्र संजीव कुमार निवासी कच्ची सड़क थाना सिविल लाइन की ड्यूटी वहलना कट के पास थी। जब वह ड्यूटी कररहा था तो अचानक तेज गति से आई कार ने गोल्डी को टककर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। होमगार्ड के साथ हुई दुर्घटना के बाद अधिकारियों ने घायल का हाल जाना और स्टाफ में भी घटना को लेकर शोक छाया हुआ है।

# गले में फंदा डालकर युवक ने दी जान, परिजनों का पीएम कराने से इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक ने गृह कलेश से तंग आकर अपने गल्ले में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर परिजनों में कोहराम मचा दिया। घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस जब शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने लगी तो परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था लेकिन बुढाना पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद मृतक युवक के परिजनों को कानूनी प्रक्रिया की बात बताते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला के जुनैद राणा पुत्र गफ्फार अली ने गृह कलेश के चलते गुस्से में आकर आत्मघाती कदम उठाते हुए अपने गले में रस्सी का फंदा डालकर लटककर आत्महत्या कर ली। घटना का पता जब परिजनों को लगा तो परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक व्याप्त हो गया। किसी ग्रामीण के माध्यम से इस घटना की सूचना पाकर मौके पर बुढ़ाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लगभग 26 साल के जुनैद राणा ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं लग पाया था। अचानक से हुई इस घटना से परिवार के लोग स्तब्ध भी हैं। वहीं दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरु कर दी है।



मुजफ्फरनगर: शिव चौक से गणपति धाम तक निशान यात्रा निकालते श्याम प्रेमी।

# श्याम रंग में रंगी शिव चौक से गणपति धाम तक की सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फाल्गुन मास की एकादशी पर शहर भक्तिरस में डूबा नजर आ रहा है। गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर समिति के द्वारा मनाये जा रहे पांच दिवसीय खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव में शुक्रवार को शिव चौक से भव्य निशान पदयात्रा का आयोजन किया, जिसमें बाबा श्याम के भक्तों के रूप में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चारण के बीच निशान यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप और मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक गर्ग, उद्यमी भीमसेन कंसल, वरिष्ठ पत्रकार अंकुर दुआ ने किया। इस दौरान शिव चौक परिसर में बाबा श्याम की आरती और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में लाल-पीले निशान लेकर बाबा के जयकारों के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालु भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए नई मंडी स्थित गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर की ओर बढ़े। जय श्याम के उद्‌घोष से पूरा मार्ग गूंजता रहा। यह निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों शिव चौक, झांसी रानी चौक, टाउन हॉल रोड, भोपा पुल और पीठ बाजार से होकर गुजरी। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा की।

महोत्सव का समापन 28 फरवरी को भव्य भंडारे के साथ होगा। श्रद्धालुओं का बिवास है कि बाबा श्याम की निशान यात्रा में शामिल होने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर अनिल गोयल, जेपी गोयल, अम्बरीष सिंघल, रजत गोयल, अनिल ऐरन, विकल्प जैन, गोल्डी सिंधी, रजत राठी, यश गर्ग, विकास अग्रवाल, प्रतीक सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

# एक्स-रे टेक्नीशियन का फांसी पर लटका मिला शव

**मंसूरपुर।** बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक्स-रे विभाग में कार्यरत 35 वर्षीय टेक्नीशियन ने अपने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रामकुमार पुत्र निर्भन सिंह निवासी पिपरी नूरपुर, जिला जालौन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रामकुमार मेडिकल कॉलेज परिसर में ही आवासीय कमरे में रह रहा था। देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में उसने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही मंसूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस कमरे की तलाशी लेकर साक्ष्य जुटाने में लगी है। वहीं कॉलेज स्टाफ और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

घटना के बाद मेडिकल कॉलेज परिसर में शोक व सनसनी का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। एक्स-रे टेक्नीशियन रामकुमार की मौत से पूरे मेडिकल में जहां शोक छाया हुआ है वहीं लोगे आत्महत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे है। यह कोई सोचने वाली बात नहीं सीधा-सीधा एक सवाल है कि आखिर एक्स-रे टेक्नीशियन रामकुमार ने आखिर मौत का रास्ता क्यो चुनो?

# सात पेस्टीसाइड फैक्ट्रियों की जांच

## दस ठिकानों पर केन्द्रीय टीम ने की कार्यवाही, भरें सेम्पल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में पेस्टीसाइड निर्माण इकाईओं और बिक्री केन्द्रों पर केन्द्रीय निगरानी सख्त कर दी गई है। केन्द्रीय कीटनाशक प्रयोगशाला की टीम ने विभिन्न औद्योगिक और ग्रामीण क्षेत्र में छापेमार कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से कई सैम्पिल लिए है इस कार्यवाही के बाद फैक्ट्री संचालक और दुकानदारों में हडकंप मचा रहा।

बताया जाता है कि फरीदाबाद स्थित केन्द्रीय कीटनाशक प्रयोगशालाकी टीम ग्राम बहादरपुर जानसठ रोड, पुरकाजी खादर, बेहडा अस्सा समेत कई इलाको में पहुंची। टीम ने यहां छापेमार कार्यवाही की। बताया जाता है कि टीम ने सात पेस्टीसाइड निर्माण इकाईओं से सैम्पिल लिए और उन्हे जांच के लिए भेजा। टीम का कहना है कि जांच के दौरान कच्चे माल, तैयार उत्पादन और लेखा-जोखा की बारिकी से जांच पडताल की गई ताकि गुणवत्ता मानको और लाइसेंस शर्तो के पालन की पुष्टी हो सके।

इस दौरान केन्द्रीय टीम में शामिल अधिकारियों ने जनपद में कीटनाशक निर्माण करने वाले औद्योगिक इकाई बहादरपुर स्थित चक्रधर पेस्टीसाइड, जानसठ की ज्योति एग्रो केमिकल, पुरकाजी खादर की रेड जोन, बेहडा अस्सा टेहराग्रीन, जानसठ रोड की नॉर्दन पेस्टीसाइड और दो अन्य इकाईओं पर छापेमार कार्यवाही की है। इस दौरान टीम ने आधा दर्जन से अधिक सेम्पिल लिए।

इस दौरान उत्पादन इकाईओं के साथ अधिकारियों ने बिक्री केन्द्र को भी बारिकी से परखा। अधिकारियों ने कूकडा क्षेत्र में शाकुम्भरी बीज भण्डार, गर्ग बीज भण्डार और गंगा पेस्टीसाइड समेत कई दुकानों पर छापेमार कार्यवाही की। टीम का नेतृत्व सीआईआई एव डीडी केल मीणा ने किया। और सहारनपुर से उप कृषि निदेशक यतेन्द्र सिंह, राहुल तेवतिया और जिले के कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया मौजूद रहे।

# मुजफ्फरनगर में विशेष रोल प्रेक्षक की समीक्षा बैठक

## किसी भी अनर्ह व्यक्ति का नाम नहीं होगा मतदाता सूची में दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये विशेष रोल प्रेक्षक निखिल गजराज, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य परिवार कल्याण मन्त्रालय, डी-विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली द्वारा जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिवों एवं उनके प्रतिनिधियों तथा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

बैठक का उद्देश्य अर्हता 01. जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बंध में चर्चा करना था। निखिल गजराज ने मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के साथ विचार विमर्श करते हुए सभी दलों से प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में आने वाली समस्याओं / समाधान को साझा किया।

उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देशय है कि प्रत्येक अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में दर्ज हो जाये तथा किसी भी अनर्ह व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज न होने पाये। उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिका. रियों को आयोग के निर्देशानुसार कार्य किये जाने एवं राजनैतिक दलों के साथ समन्वय स्थापित किये जाने तथा नो मैपिंग वाले मतदाताओं से वार्ता कर के उनके द्वारा अभिलेखीकरण किये जाने वाली प्रकिया को सरल किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिक. ारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह, एवं नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, उप जिलाधिकारी बुढ़ाना कृष्णकान्त बिवकर्मा, उप जिला. धिकारी सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप जिलाधिकारी खतौली मती निकिता शर्मा, उप जिलाधिकारी जानसठ राजकुमार, उप जिलाधिक. ारी मुख्यालय राहुल देव भट्ट उपस्थित रहे। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एवं साजिद हसन, सोमपाल सिंह, भारतीय जनता पार्टी के ओम प्रकाश उपाध्याय, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया के सुभाष, बहुजन समाज पार्टी के इन्तजार अली एवं सुभाष चन्द गौतम, आम आदमी पार्टी के कैसर अली (एडवोकेट) द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# बच्चों को अब मोबाइल पर नहीं घर के लिए मिलेगा होमवर्क

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के जरिए होमवर्क, असाइनमेंट या अन्य शैक्षणिक कार्य भेजने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाए जाने से विद्यालयों में हलचल है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

दरअसल बच्चों को मोबाइल फोन की लत से दूर रखने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अहम निर्णय लिया है। गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइड की घटना के बाद सरकार हुई सख्त रुख अख्तियार करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के पत्र पर पर स्कूलों को जारी हुए निर्देशजिसके अनुपालन के लिए प्रशासन ने प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को मोबाइल के बढ़ते नकारात्मक प्रभाव से बचाने के लिए कदम उठाया है। इसके तहत अब किसी भी शासकीय, सहायता प्राप्त या निजी विद्यालय में मोबाइल फोन के माध्यम से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को होमवर्क या अन्य शैक्षणिक कार्य भेजने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के जरिए होमवर्क, असाइनमेंट या अन्य शैक्षणिक कार्य भेजने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाए जाने से विद्यालयों में हलचल है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। इस आदेश में बताया गया है कि शासन ने यह यह निर्णय उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ के पत्र के संदर्भ में लिया गया है, जिसमें गाजियाबाद में नवीं मंजिल से कूदकर तीन सगी बहनों द्वारा आत्महत्या किए जाने की दुखद घटना का उल्लेख किया गया है।

# बूथ विवाद में रालोद नेता सहित चार बरी

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर स्थित गांव सोन्टा जिला पंचायत चुनाव के दौरान बूथ पर हंगामा और बूथ को कब्जाने के आरोप में करीब इक्कीस वर्ष बाद फैसला आया है इसमें साक्ष्यो के अभाव और गुण दोष के आधार पर कोर्ट ने रालोद के वर्तमान जिलाध्यक्ष सहित चार को बरी किया है, जबकि दो लोगों की पहले मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि 2005 में जिला पंचायत चुनाव के बाद बूथ पर मतदान के दिन हंगामा हुआ था, जहां निवर्तमान दरोगा नानक चंद ने मंसूरपुर थाने में संजय राठी, यशपाल राठी, जितेन्द्र, कालूराम, ओमकार और देवेन्द्र के खिलाफ धारा 307 7 क्रिमनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। इस सुनवाई के दौरान दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्रवण कुमार की दलिलों के आधार पर साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने संजय राठी सहित चार लोगों को बरी कर दिया है।



मुजफ्फरनगर: रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा करते अकीदतमंद।

# युवती की मौत के एक माह बाद जांच की मांग

**मोरना।** बेहड़ा सादात गांव में एक माह पूर्व हुई एक युवती की मौत को संदिग्ध बताते हुए ग्रामीणों ने कब्र से शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम की मांग की प्रशासन से की है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात में 20 वर्षीय युवती की मौत बीते 24 जनवरी को हो गयी थी। युवती के मौत के संबंध मे गांव निवासी मौ. कामिल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र व सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर बताया कि मोहल्ला निवासी युवती की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी। आरोप है कि युवती की मौत के बाद उसके परिजनों ने बिना किसी सूचना व जांच के जल्दबाजी में शव को दफना दिया था । शिकायतकर्ता का कहना है कि युवती की मौत के कारणों को लेकर परिजन गांव में किसी को भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों मे विपरीत आशंका उतपन्न हो गयी।मौ.कामिल ने प्रशासन से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

# जिले में 1215 स्थानों पर होगा होलीका दहन

## मिश्रित आबादी पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में रमजान व होली के मध्यनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन ने कडे प्रबंध किए है। इस वर्ष जिले के शहर और कस्बों में कुल 1215 स्थानों पर होली का दहन किया जाएगा, ऐसे पुलिस के आंकडे बता रहे है।

त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या साम्प्रदायकि सौहार्द बिगाडने की को. शिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर कडी कार्यवाही होगी। और इससे निपटने के लिए जनपद को आठ जोन और इक्कीस सेक्टर में बांटा गया है तथा 120 सब सेक्टर में भी विभाजित किया गया।

त्यौहार पर संवेदनशील और मिश्रित वाले इलाकों में विशेष ऐतिहात बरती जा रही है, क्योकि रमजान और होली का त्यौहार एक साथ है और इन क्षेत्रों में न केवल पुलिस की तैनाती बढाई गई है, बल्कि निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की भी संख्या बढ़ाई गई है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत की माने तो सुरक्षा व्यवस्था का पुरा खाका तैयार है और समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर गस्त करने के निर्देश दिए गए है। विशेष कर पुलिस को रात्रि में गश्त और सुरक्षा, सर्तकता बरतने के लिए कहा गया है। पुलिस ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी को बिना मर्जी रंग लगाता है या हुडदंग मचाता है उसके खिलाफ भी कार्यवाही होगी।



मुजफ्फरनगर: होली के त्यौहार के लिए पिचकारी व अन्य सामान खरीदते लोग।

# रमजान के दूसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्वक हुई

**मुजफ्फरनगर।** रमजान के दूसरे जुमे की नमाज पूरे जनपद में शांतिपूर्वक हुई। शहर से लेकर कस्बे तक पुलिस प्रशासन भी मुशतैद रहा और पुलिस ने पैदल मार्च भी किया। मस्जिदों में नमाज से पहले उलेमाओं ने कहा कि रोजा रखना सभी बालिक पर फर्ज है और अच्छाई के मार्ग पर चलकर युवका समाज को अच्छा संदेश देने वाले बने। युवा पीढ़ी मोबाइल और फिजूल खर्ची करना छोड़कर समाज के कार्यों में भाग लेना सीखें। कहा कि रमजान के महीने में गरीब की दिलभर के मदद करे। और आस-पडौस, बस्ती-बस्ती घूमकर गरीबों का हाल जानकर आर्थिक स्थिति से कमजोर लोगों की मदद और सहायता करे। यह अलम नेक कहलाता है। मस्जिद खालापार होज वाली, जामा मस्जिद, पुराना बस अढा, कचहरी परिसर समेत पुलिस लाइन मस्जिद में नमाज अदा की गई। खतौली कस्बे की मस्जिद मरकज अकबर खां, बकरियान, काजियान, सराफान, इस्लामनगर, शेखपुरा व खतौली देहात की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की गई। उधर, जुमे की नमाज एवं होली पर्व के दृष्टिगत खालापार, सिविल लाइंस, नगर कोतवाली पुलिस फोर्स ने बाजारों, कालोनियों में पैदल मार्च निकाला। लोगों को आपसी सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की गई।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# एफटीए के खिलाफ सड़कों पर उतरी भाकियू चढ़ूनी

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले किसानों ने भैसी गांव में प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति क्वदंसक ज्तनउच का पुतला दहन करने की कोशिश को पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया।

भाकियू (चढ़ूनी) के जिला अध्यक्ष नकुल अहलावत की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित बैठक में किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित एफटीए से भारतीय कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उनका कहना था कि समझौते के तहत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में कटौती की जा रही है, जबकि अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ा रहा है, जो संतुलित व्यापार की भावना के विपरीत है। नेताओं ने आशंका जताई कि दूध, मक्का, सोयाबीन और कपास जैसे उत्पादों में विदेशी कंपनियों की भागीदारी बढ़ने से स्थानीय किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



विशेष रूप से कपास पर आयात शुल्क शून्य किए जाने के मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने कहा कि पिछले सीजन में इससे किसानों को आर्थिक क्षति झेलनी पड़ी। बैठक के उपरांत सैकड़ों किसान नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतर आए। पुतला दहन की सूचना मिलते ही खतौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। कोतवाली दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में पुलिस बल ने कई नेताओं को एहतियातन नजरबंद कर दिया और पुतला अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली।यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों की चिंताओं की अनदेखी की तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में क्षेत्र के अनेक किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन स्वास्थ्य जागरूकता रैली और स्वच्छता अभियान चलाया



**खतौली।** विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय गंगधारी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा संचालित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को स्वयंसेविकाओं ने गांव में जागरूकता रैली निकाल. कर महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया। रैली में छात्राओं ने प्रेरक नारों के माध्यम से महिलाओं की सेहत और सम्मान का संदेश दिया। महिलाओं की सेहत, हर घर की दौलत और नारी को दें सम्मान, नारी का रखें ध्यान जैसे नारों से गांव का माहौल जागरूकता से भर उठा। इसके उपरांत शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए प्राचार्य एवं एनएसएस अधिकारी डा. कविता वर्मा ने कहा कि महिलाओं को परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य और संतु. लित आहार का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त और समृद्ध परिवार की नींव होती है। वहीं, एनएसएस अधिकारी श्रीमती सुलक्षणा आर्य ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर बल देते हुए आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। शिविर के संचालन में डा. रश्मि, साधना सोम, अनीता, उमा मिश्रा, कोमल और प्रियंका का सक्रिय सहयोग रहा। अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजोपयोगी बताया।

## एसपी ने देर रात किया कस्बे में पैदल गश्त

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने शुक्रवार की देर रात बुढ़ाना कस्बे में भारी पुलिस बल के साथ विभिन्न मार्गों पर आगामी त्योहारों के मद्देनजर पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा और बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। एसपी देहात ने जहां एक और पैदल गश्त करने के दौरान आते जाते संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की वहीं दूसरी और कई वाहनों को भी सीज किया गया जबकि कुछ वाहन चालकों को हेलमेट आदि ना होने पर चेतावनी देकर छोड़ा गया। उन्होंने होली पर होलिका दहन होने वाले स्थान का भी निरीक्षण किया।

### संक्षिप्त समाचार

## दूसरे जुमे की नमाज में दुआ के लिए उठे हाथ

**बुढ़ाना।** माह ए रमजान के दूसरे जुम्मे की विशेष नमाज बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र की मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। नमाज के बाद सभी नमाजियों ने दुआ में पूरी दुनिया में अमन औ चौन व खुशहाली की दुआएं की। इस दौरान मस्जिदों में रौनक नजर आई। इस महीने में इबादतों का अधिक सवाब होने के कारण बच्चों में भी इसका उत्साह दिखाई दिया।घ बड़े तो बड़े बच्चों ने भी रोजा रखकर नमाज अदा की। कुबा मस्जिद, मदीना मस्जिद, जामा मस्जिद व एक मीनार मस्जिद समेत कस्बे व क्षेत्र की अधिकांश मस्जिदों में बच्चों ने भी नई पौशाकें पहन खुदा की इबादत में सर झुकाया व खुशहाली की दुआ मांगी। रमजान के दूसरे जुमे पर मस्जिदों में रोजे के साथ नमाज की अहमियत पर चर्चा हुई। मो. मिनों ने अल्लाह की इबादत में सिर झुकाए। मस्जिदों में आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा रौनक नजर आई। बड़ों के साथ बड़ी संख्या में बच्चों ने भी नमाज पढ़ी। कुछ मस्जिद क्षेत्रो में सेवइयों व खजूर की दुकानों पर रोजेदार खरीदारी में जुटे थे। मस्जिदों में इमाम ने अल्लाह व उसके रसूल के फरमानों का जिक्र कर कहा कि जिसने रोजे व नमाज की अहमियत समझ ली उसने जिदगी में सुकून हासिल कर लिया। मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने बताया जन्नत का हकदार वही है जो ईमान पर चल रहा है। नमाज अल्लाह के करीब लाती है। रोजा अल्लाह का शुक्रिया अदा करने का मौका देता है। ईमान वाला इंसान ही अल्लाह को पसंद है। इसलिए मोमीन बुराईयां छोड़ अल्लाह की तरफ मुतवज्जह हों।

## एसपी ने बुढ़ाना कोतवाली का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल द्वारा शुक्रवार की प्रथम रात्रि बुढ़ाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान रात्रि गणना करते हुए अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अर्धरात्रि में एसपी देहात ने बुढाना कोतवाली का कार्यालय अभिलेख, कोतवाली परिसर, मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हैल्प डेस्क, शस्त्रागार, हवालात ओर साफ सफाई व्यवस्था आदि का गहन निरीक्षण किया। यहां अभिलेखों के रख रखाव, लंबित विवेचनाओं की स्थिति, अपराध रजिस्टरों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही उनके द्वारा कोतवाली में मौजूद पुलिस बल की नाइट रोल कक्ल्ल ली गई और डड्यूटी पर नियुक्त पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी एवं सतर्कता का परीक्षण किया गया। उन्होंने समस्त पुलिसकर्मियों को कानून व्यवस्था सुख्रढ़ बनाए रखने, रात्रि गश्त प्रभावी ढंग से संचालित करने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने व जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया। यहां पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, महिला थाना अध्यक्षा सुमन शर्मा, एसएसआई ललित शर्मा, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, गढ़ी चौकी प्रभारी ललित कसाना, बायवाला चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह, उमरपुर चौकी इंचार्ज मोहित कुमार तेवतिया, दारोगा छविकांत चौहान और राम अवतार आदि मौजूद रहे।

## अब 10 बजे के बाद रात में नहीं खुलेंगी दुकानें

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने साफ कहा है कि बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में रात के दस बजने के बाद कोई भी दुकानदार अपनी दुकानघ खुली नहीं रखेगा। दस बजे से पहले ही दुकानें बंद की जाएंगी। यह निर्णय कस्बे और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए लिया गया है क्योंकि खबर है कि विगत दिवस एक दुकान पर देर रात के समय कुछ युवकों में आपस में किसी बात को लेकर जबरदस्त कहासुनी हो गयी थी और ये कहासुनी एक दो दिन बाद ही अंधाधुंध फायरिंग में बदल गयी थी। जिसमें दो युवकों की जान भी जान सकती थी। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात आदित्य बंसल के निर्देश पर बुढ़ाना कस्बे और देहात क्षेत्र में 10 बजे के बाद कोई भी दुकान आगामी त्योहारों के मद्देनजर नहीं खुलेगी। इसको लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। अगर रात 10 बजे के बाद कोई भी दुकान खुली मिलती है तो उस दुकानदार पर कार्यवाही होगी। बताया जाता है कि बीती देर रात एसपी देहात को औचक निरीक्षण के दौरान दो दुकानें खुली हुई मिली थी। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। वैसे पुलिस के इस निर्णय से आवारा टाइप युवकों की संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा ऐसा लोगों का मानना है।

## सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल

**बुढ़ाना।** दो अलग अलग दुर्घटनाओं में एक ट्रेक्टर चालक हो गया जबकि दूसरे ट्रेक्टर के कारण लंबा जाम लग गया। पहली घटना में भूसा लेकर मेरठ जा रही ट्रैक्टर ट्राली मेरठ करनाल हाइवे पर खेडा मस्तान गांव के पास ट्रक से टकरा गई। इस घटना में ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त तथा चालक घायल हो गया। शामली जिले के कैराना का रहने वाला रमेश अपने ट्रैक्टर ट्राली में भूसा लेकर मेरठ जा रहा था। मेरठ करनाल हाइवे पर खेडा मस्तान गांव के पास उसकी भूसा भरी ट्राली ट्रक से टकरा गई। इस घटना में ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक रमेश घायल हो गया। घायल रमेश को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। दूसरी घटना बुढ़ाना कांधला मार्ग पर शुक्रवार दोपहर को हुई। जिसमें गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली डिवाइडर से टकरा गई। ट्रैक्टर का गियर फंसने से यह हादसा हुआ। जिसके बाद मार्ग पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हालांकि इस दुर्घटना में कोई जनहा. नि नहीं हुई। ट्रैक्टर ट्रॉली में अत्यधिक गन्ना लदा था। अचानक ट्रैक्टर का गियर फंस गया जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन डिवाइडर से जा टकराया। ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया जिससे मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से ट्रैक्टर ट्रॉली को हटवाकर जाम को खुलवाया।

## सीएचसी की गरज, 36 रन से मख्याली पर प्रहार

**खतौली।** लीग मुकाबले में सीएचसी बुधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सीएचसी मख्याली को 36 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी और मजबूत कर ली। हाई-स्कोरिंग मुकाबले में दर्शकों को चौकों-छक्कों की बारिश देखने को मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएचसी बुधाना ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अभिषेक ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंदों पर 53 रन ठोके, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उनकी इस पारी ने टीम को मजबूत आधार प्रदान किया।230 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएचसी मख्याली की शुरुआत आक्रामक रही। रोहित ने 31 गेंदों पर 72 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। डॉ. गौरव शिव ने भी 19 गेंदों पर 44 रन बनाकर मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। अलौकिक (16) और डॉ. सागर (17) ने योगदान दिया, लेकिन नियमित अंतराल पर गिरते विकेटों ने टीम की लय तोड़ दी। पूरी टीम 17.4 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। टीम को 18 रन अतिरिक्त मिले, जिनमें 12 वाइड शामिल रहे। गेंदबाजी में सीएचसी बुधाना के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। अभिषेक ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। शशांक त्यागी ने 3.4 ओवर में 38 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद तसीम ने 3 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट चटकाए। प्रतीक और रवि ने भी एक-एक विकेट लेकर जीत में योगदान दिया। अभिषेक ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन कर 9.52 एमवीपी अंक अर्जित किए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। उनकी आक्रामक अर्धशतकीय पारी और अहम मौकों पर झटके गए विकेट टीम की जीत की नींव साबित हुए। इस जीत के साथ सीएचसी बुधाना का आत्मविश्वास चरम पर है। टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी सोवीर अहलावत और मोनू अहलावत ने संभाली, जबकि मुकाबले में अंपायर की भूमिका अंकित और अमन ने निभाई। दर्शकों को एक बार फिर रोमांच से भरपूर मुकाबला देखने को मिला।

## शिक्षा मित्र एक मार्च को करेंगे योगी का धन्यवाद

**मोरना।** आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएसन ब्लाई इकाई की शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 18 हजार करने की घोषणा को लेकर एक मार्च को जिला मुख्यालय पर होने वाली धन्यवाद सभा के लिए रणनीति बनाई गई।बैठक में ब्लाक इकाई के संरक्षक विजयपाल सिंह कि मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने मानदेय में 10 हजार से 18 हजार की बढ़ोतरी कर शिक्षामित्र के जीवन में संजीवनी का कार्य किया है। बैठक में ब्लॉक मीडिया प्रभारी मोहम्मद रजी ने कहा कि शिक्षामित्रों के संघर्ष का फल मिला है। वास्तव में वर्षो से शिक्षामित्र सेवा कर रहे है। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष पंजाब सिंह ने कहाकि जिले भर से शिक्षामित्रएक मार्च को जिला मुख्यालय पर सरकारी आईटीआई के प्रांगण एकत्रित होकर सभा में सरकार का सामूहिक रूप से धन्यवाद करेंगे। बैंठक में ओमवीर सिंह, पप्पू सिंह, ललित, अलका, मनोज, पूनम, गुलशन मौजूद रहे।

## सौतेली बेटी से छेड़छाड़ में पिता को भेजा जेल

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी के द्वारा अपनी सौतेली बेटी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी पिता को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा दिया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया, कि उसकी शादी करीब 18 वर्ष पूर्व हुई थी, जिनसे उनसे एक पुत्री हुई। पहले पति की मृत्यु के बाद परिवार की रजामंदी से महिला की शादी उसके देवर के साथ कर दी गई थी। आरोप है, कि वह पिछले काफी समय से अपनी ही सौतेली बेटी पर बुरी नजर रखता था और अक्सर घर में मां-बेटी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता था।पीड़िता महिला का आरोप है, कि बुधवार को उसने अपने पति को उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करते देख लिया। उसने विरा. ध किया तो पति ने महिला की गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता महिला की तहरीर पर आरोपी पति अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# भोकरहेड़ी में हुआ होली महोत्सव का आयोजन,बुजुर्गों ने गाई होली

**मोरना।** कस्बा भोकरहेडी स्थित नेहरू चौक में स्थित बृहमचारी मंदिर चौक पर होली महोत्सव का आयोजन किया गया। निपुण बुजुर्गों कलाकारों ने महाभारत काल सहित अन्य प्राचीन किस्सों का गायन ढ़ोल मंजीरो की थाप के साथ किया। जाट महासभा के पदा. धिकारियो द्वारा आपसी भाई चारे व नशा मुक्ति का संदेश दिया।ग्रामीणों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई भी खिलाई गई। होली मिलन समारोह में पहुंचे बागपत जनपद के धनोरा गांव निवासी 82 वर्षीय चौधरी जगबीर सिंह ने महाभारत कालीन लाक्षाग्रह किस्से की प्रस्तुति मे कहा -एक कथा वर्णन करूँ सुनियो मन लगाये,बरनावा पुरी के बीच मे दिया कैरों ने भवन बनाये तथा सीता वनवास के किस्से मे कहा सिया खड़ी सोच कर बन में उड़ रे होश मात सीता के इकली का हाय लरजे, मार हाँक जाति लक्ष्मण को, हा वैरी जंगल गरजे

दोघट गांव से आये 70 वर्षीय फूल सिंह ने किस्सा सुनाते हुए कहा की नगरी दूर समय चौमासा,नदी नाले करे रे जोर, चारो तरफा बिजली चमके, बादल करे गगन मे शोर, मार्ग दिशा समझ मेरी बहन या तो मुझसे नहीं झिलेगी प्रसिद्ध होली गायक रामपाल सिंह ने नल नील,निहालदे के किस्से प्रस्तुत करते हुए कहा की भोकरहेड़ी मे तीन वर्षों से होली गायन की विशेष परम्परा चली आ रही है। कार्यक्रम मे पधारे जाट महासभा के महामंत्री चौधरी संतोष वर्मा ने कहा की बुजुर्गो द्वारा आज भी प्राचीन सभ्यता को जीवित रखा जा रहा है। युवा पीढ़ी भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और होली के त्यौहार को नशा छोड़कर रंगो से मनाये।वहीं ढ़ोल मंजीरे बजाने वालों मे कंवरपाल सिंह,जयपाल सिंह, बबलू,डा. चंद्रपाल सिंह, नवनीत, राज. ेंद्र, मनोज, सतेन्द्र,यश आदि शामिल रहे।इस अवसर पर युद्धवीर सिंह,श्याम पाल सिंह, ओमपाल सिंह घटायन, धर्मवीर सिंह मलिक,जगदीश मलिक, रणवीर सिंह,मनोज कुमार, प्रकाशवीर प्रधान ,बिजेंद्र लंबरदार, धर्मपाल सिंह, ललित सहरावत, जगदीश मलिक, धीरसिंह डायरेक्टर, कृष्णपाल, योगेंद्र, सुनील,मनीष,राजवीर,सचिन वामन आदि मौजूद रहे।



### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री वर्षा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। पिछले पांच वर्षों से विश्वेंद्र के साथ लीव रिलेशनशिप में दिल्ली में रह रही है। गलत संगत में पड़ गई है। मेरे साथ गाली गलौच व दुर्व्यवहार करती है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**लक्ष्मी देवी पत्नी सुभाष पाल निवासी- 711/35 इन्द्रा कालोनी थाना सिविल लाईन जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी- तिसंग थाना जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा छोटा पुत्र दिलदार मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। तथा नशा का आदी हो गया है नशा करके आये दिन मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौच व लडाई झगडा करता रहता है। इसी से परेशान होकर मैने अपने पुत्र दिलदार को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद दिलदार के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए दिलदार स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**मुसिर्दा पत्नी दिलशाद निवासी 1094/8 रामपुरी-6 मुजफ्फरनगर**

## जनरेटर फैक्ट्री में भीषण आग

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने जनरेटर फैक्ट्री और उसके गोदाम में अचानक ही भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। जहां विकराल रूप धारण कर चुकी आग में लाखों रूपये का कीमती सामान जलकर राख हो गया है। गोदाम के मालिक उमरदराज ने बताया कि आग की चपेट में ट्रांसफार्मर व तकनीकी उपकरण व अन्य सामान आया है।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्र शाहरूख, फारूख, रिजवान व मेरी पत्नी संजीदा है और मेरे कहने सुनने से बाहर है। मेरी पुत्रवधू सोफिया पत्नी शाहरूख का व्यवहार मेरे प्रति ठीक नही है। मेरे पुत्रों का चाल चलन ठीक नही है और आये दिन लडाई झगडा करते है। इस कारण मै इन सभी से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूँ। आज के बाद अपने द्वारा किये गये कृत्य व लेन-देन के लिए ये सभी स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**युनुस पुत्र बुल्ला निवासी- ग्राम कसेरवा, थाना- शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर।**

## एसपी देहात ने बोर्ड परीक्षा के बनाए स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**शाहपुर।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा हेतु बनाए गए स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश-निकास रजिस्टर, डयूटी पर नियुक्त पुलिस बल की उपस्थिति एवं सतर्कता का गहन परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि बोर्ड परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों/उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए तथा स्ट्रांग रूम की 24-7 निगरानी सतत रूप से की जाए। डडूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने, अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रखने तथा प्रत्येक गतिविधि का विधिवत अभिलेखीकरण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सजग रहे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाए। इस दौरान शाहपुर थानाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# 75 हजार रुपये की कीमत का विद्युत संबंधी सामान चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने खंभों पर टिका हुआ एक विद्युत ट्रांसफार्मर नीचे गिराकर उसके अंदर रखा 75 हजार रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया।

घटना लगभग दो महीने पुरानी बताई गयी है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव अलीपुर अटेरना में स्थित बिजली घर के अवर अभियन्ता गिरीश कुमार ने बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बुढ़ाना पुलिस को बतलाया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र अलीपुर अटेरना से निर्गत 11 केवी पोषक अटेरना कृषि पर ग्राम अलीपुर अटेरना के जंगल में उपभोक्ता दीन मौहम्मद पुत्र चांद खान ग्राम रसूलपुर दभेडी के द्वारा मोबाईल फोन बीती एक जनवरी को परिवर्तक जोडे के नीचे गिरने की सूचना मिलने पर सम्बन्धित लाईनमैन अमित कुमार को साथ लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया तो मौके पर 52 केवीए निजी नलकूप परिवर्तक को बीते वर्ष में 31 दिसम्बर की रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा डबल पोल से नीचे गिराकर परिवर्तक के अन्दर की सामग्री खुर्द बुर्द कर गये। मौके पर खाली खोखा और कुछ कोर पत्ती पडी हुई मिली।

जिससे विद्युत निगम को लगभग 75 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। जेई श्री कुमार ने बुढ़ाना पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरी और बुढाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

# बिंदल स्ट्राइकर्स ने की शानदार जीत हासिल

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 (एपीएल-2) के मैच-9 में दर्शकों को रोमांच से भरपूर मुकाबला देखने को मिला। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस लीग मैच में वसुंधरा सुपर किंग्स और बिंदल स्ट्राइकर्स आमने-सामने थे। अंत तक चले संघर्ष में बिंदल स्ट्राइकर्स ने 1 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

यह मुकाबला 27 फरवरी 2026 को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुजफ्फरनगर में खेला गया। टास जीतकर बिंदल स्ट्राइकर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।वसुंधरा सुपर किंग्स- 155/10 (19.3 ओवर)पहले बल्लेबाजी करते हुए वसुंधरा सुपर किंग्स की टीम ने 19.3 ओवर में 155 रन बनाए।अनिवेश चौधरी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 59 रन की पारी खेली। उनके अलावा टीम के अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। गेंदबाजी में बिंदल स्ट्राइकर्स के आकाशित त्यागी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। उनकी किफायती और सटीक गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।


**जनता हाई ग्राम शिक्षा सभा स्कूल भोपा, मुजफ्फरनगर**

दिनांक- 26.02.2026

**''सार्वजनिक सूचना''**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रजि0 संस्था जनता हाई ग्राम शिक्षा सभा स्कूल भोपा मु0नगर नामक संस्था के भूस्वामित्व की कृषि भूमि को तीन वर्षो (3 वर्ष) के लिए ठेके पर देने के लिए नीलामी दिनांक 08.03.2026 दिन रविवार प्रात: 10 बजे सोसाइटी कार्यालय पर जनता इन्टर कॉलिज प्रांगण में की जायेगी। बाकि की शर्ते सोसाइटी के कार्यालय के कार्य दिवस में देखी जा सकती है। बोली को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष में निहित होगा।

| (सुदेश पाल) | (अवनीश कुमार) | (देवराज सिंह) |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | सचिव |
| मो0 9758618298 | मो0 8218811824 | मो0 9719333549 |


## शादी का झांसा देकर युवक किशोरी को लेकर हुआ फरार

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** एक युवक एक नाबालिग किशोरी को लेकर फरार हो गया। उधर रतनपुरी पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिकन्दरपुर कलां निवासी एक ग्रामीण ने थाना रतनपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बतलाया कि बीती 25 फरवरी को उसकी लगभग 16 साल की सगी भतीजी को थाना रामराज क्षेत्र के गांव हासिमपुर का निवासी अंकित पुत्र देशराज शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। बीती 18 फरवरी को भी आरोपी अंकित उसकी भतीजी को लेकर चला गया था किन्तु अपनी इज्जत के चलते उसने पुलिस में शिकायत नही की थी। अब एक सप्ताह बाद फिर से आरोपी अंकित उसकी भतीजी को अपने साथ बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। उसने दोनों को खोजने का बहुत प्रयास किया किन्तु वे दोनों कहीं पर भी नही मिले। पीड़ित चाचा ने अपनी सगी भतीजी को सकुशल बरामद करने और आरोपी अंकित के खिलाफ कडी कार्यवाही किए जाने की गुहार रतनपुरी पुलिस से लगाई है। उधर रतनपुरी पुलिस ने बुढ़ाना सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल के निर्देश पर आरोपी अंकित के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी अंकित और नाबालिग किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# अरबपति नगर पालिका के पास नहीं हैं गौ माता के अंतिम संस्कार के लिए डीजल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** एक नाले में मिली मृत गौ माता का अंतिम संस्कार कराना एक गौ सेवक को काफी भारी पड़ गया है। नगर पालिका परिषद की टीम ने गाय के अंतिम संस्कार में जेसीबी भेजने के लिए गौ सेवक से 1000 की अवैध वसूली की है। गौ सेवक निशु ने बताया कि गांव बिलासपुर के पास नाले में एक गौ माता का शव पड़े होने की सूचनापर वह मौके पर पहुंचे थे।

नल से गाय के शरीर को निकलवाने के लिए जेसीबी मशीन की आवश्यकता होने पर उन्होंने नगर पालिका से संपर्क किया। पहले तो सीमा से बाहर होने के कारण अधिकारियों ने कोई भी सहयोग करने से इनकार कर दिया। बाद में खर्च वहां करने की शर्त पर पालिका के अधिकारी मदद करने को तैयार हुए। करीब 4:00 बजे एक जेसीबी इस शर्त पर गौ सेवक को उपलब्ध कराई गई की जेसीबी में 1000 का तेल डलवाना पड़ेगा। पालिका के स्वस्थ अधिकारी इस वसूली को जायज ठहराने के लिए यह बात कह रहे हैं कि गाय का शव पालिका सीमा से बाहर पड़ा हुआ था।

सभासद राजीव शर्मा का कहना है कि इस मामले में शनिवार को टाउन हॉल में होने वाली बोर्ड मीटिंग में बड़ा हंगामा होने की संभावना प्रबल हो गई है।

# रतनपुरी थाने के विवेचकों का किया अर्दली रुम

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना रतनपुरी का आकस्मिक निरीक्षण कर थाने पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। विवेचकों को समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्वक विवेचनाओं का निस्तारण करने, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा थाना रतनपुरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उनके द्वारा थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष और कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त उनके द्वारा थाना रतनपुरी पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। अर्दली रूम के दौरान उनके द्वारा थानों पर लम्बित विवेचनाओं, महिला सम्बन्धी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी करते हुए सभी विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण करने एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रतनपुरी राकेश सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खतौली में साध्वी मंडल के आगमन से धर्ममय हुआ वातावरण



**खतौली।** धर्म नगरी खतौली में उस समय भक्ति और श्रद्धा का अनुपम ख्रश्य देखने को मिला, जबश्वेताम्बरी स्थानकवासी परंपरा की उप प्रवर्तिनी गुरु मां महा साध्वी श्री प्रियंका जी महाराज एवं जप-तप साधिका महा साध्वी श्री सुकृति जी महाराज (ठाणे-4) का जैन स्थानक में मंगल प्रवेश हुआ। साध्वी मंडल के स्वागत के लिए समाज के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और पूरे नगर में आध्यात्मिक उल्लास का माहौल बन गया। पैदल विहार करते हुए नगर में पधारी साध्वी श्री ने जन-जन को धर्म, संयम और साधना का संदेश दिया। जैन स्थानक में प्रतिदिन प्रात: आयोजित प्रवचनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अपने प्रवचन में साध्वी श्री ने कहा कि मानव जीवन अनमोल और क्षणभंगुर है। ऐसे में संतों का सान्निध्य और जिनवाणी का श्रवण अत्यंत दुर्लभ अवसर है, जिसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीवन की अनिश्चितता को समझते हुए प्रत्येक व्यक्ति को धर्म साधना, आत्मचिंतन और गुरु वचनों के पालन की ओर अग्रसर होना चाहिए। साध्वी श्री ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे स्वयं तो प्रवचन में आएं ही, साथ ही अपने परिवार और परिचितों को भी धर्म लाभ हेतु प्रेरित करें। प्रवचन का समय प्रतिदिन प्रात: 8:30 बजे से 9:30 बजे तक निर्धारित है। जानकारी के अनुसार साध्वी मंडल होली पर्व तक खतौली में ही विराजमान रहेगा, जिससे श्रद्धालु नियमित रूप से दर्शन और प्रवचन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### आबकारी निरीक्षक पर ठगी के लगे आरोप....

# बुढ़ाना के बाद बुलंदशहर में भी हुई रिपोर्ट दर्ज

**आबकारी निरीक्षक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के निवासी मनोज शर्मा जो कि आबकारी विभाग में इंस्पेक्टर हैं उनके विरुद्ध धोखाधड़ी का दूसरा मुकदमा भी दर्ज हो गया है। पहला मुकदमा सीओ बुढ़ाना के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली में विगत दिवस दर्ज हुआ था तो शुक्रवार के दिन दूसरा मुकदमा बुलंदशहर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शिकायत जांच प्रकोष्ठ बुलंदशहर में दर्ज हुआ है। जिसकी जांच कोतवाली नगर बुलंदशहर के प्रभारी निरीक्षक को सौंपी गयी है। अगर जांच सही तरीके से हुई तो आबकारी निरीक्षक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

बताया जाता है कि बुढ़ाना कस्बा निवासी प्रवीण पुत्र ओमप्रकाश कश्यप ने गत दिनों बुढ़ाना कोतवाली में कस्बा बुढ़ाना के ही मनोज शर्मा और उनके पिता देहाती फिल्मों के हास्य अभिनेता मास्टर देव शर्मा के विरुद्ध सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया था। मनोज शर्मा वर्तमान में सहारनपुर जनपद में आबकारी विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। दरअसल पैसों का लेन देन व बात. चीत बरेली जिले में हुई तो बुढ़ाना पुलिस ने जीरो रिपोर्ट दर्ज कर ठगी का मामला बरेली पुलिस को सौंप दिया। अभी बरेली पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि आरा. पी निरीक्षक के विरुद्ध ठगी का एक और मामला सामने आ गया। जिसमें इस बार पीडित जिला बुलंदशहर के राधानगर निवासी केशव चौधरी पुत्र धर्मवीर सिंह जाट हैं। जो 2 दिन पूर्व बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह से मिले थे और उन्हें आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा की कारगुजारी बतलाई थी। तब उन्होंने बुलंदशहर का मामला बताकर पीड़ित पक्ष को बुलंदशहर जाने को कहा तो आज पीडित बुलंदशहर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह से मिले और उन्हें पूरी घटना बताई तो उन्होंने बुलंदशहर नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र राठौड को पूरे मामले की सही जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# एसपी आदित्य ने त्यौहारों पर दिए विशेष निर्देश

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने कहा कि होली के अवसर पर किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अभद्रता या जबरन रंग लगाने की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। दोपहिया वाहन पर दो से अधिक व्यद्रियों के बैठने पर कार्रवाई की जाएगी। चार पहिया वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के बैठने पर भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। नशे की हालत में वाहन चलाने या उत्पात मचाने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में होली के साथ साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है ऐसे में सभी समुदायों की भावनाओं का सम्मान करना आवश्यक है। त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक हैं इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। पुलिस प्रशासन ने आम जन से अपील की है कि त्योहारों को शांति, संयम और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुढ़ाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

## जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न, पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

**जानसठ** कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धार्मिक स्थलों के बाहर व मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को कस्बे के अलावा क्षेत्र के गांव चितौड़ा, कवाल, तिसंग, तालड़ा, सालारपुर, मेहलकी, गढ़ी देहात सहित सभी गांवों में रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से धार्मिक स्थलों के बाहर व मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह क्षेत्र में नमाज शांतिपूर्ण अदा कराने को लेकर लगातार धार्मिक स्थलों का पुलिस बल के साथ दौरा करते रहे। सभी गांवों में धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा कराई गई। एसडीएम राज. कुमार भारती ने क्षेत्रवासियों से रमजान और होली के त्योहार को लेकर शांति बनाए रखने की अपील की।

# चुनाव अधिकारी को हटाने को बार अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढाना के कुछ अधिवक्ताओं द्वारा एक प्रार्थना पत्र बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर को दिया गया। जिसमें कहा गया है कि बार के चुनाव में 10 साल से लगातार बनते आ रहे चुनाव अधिकारी हरवीर वर्मा के स्थान पर किसी अन्य अधिवक्ता को ही चुनाव अधिकारी बनाया जाए। यह मांग खासकर युवाओं अधिवक्ताओं द्वारा की गई। इस संबंध में एक मीटिंग बार कार्यालय में करवाने के लिए भी अध्यक्ष और सचिव से मांग रखी गई। अध्यक्ष एवं सचिव के व्यस्त होने के कारण युवा अधिवक्ताओं के द्वारा अध्यक्ष से फोन पर वार्ता करने के बाद अध्यक्ष के निर्देश अनुसार ज्ञापन बार कोषाध्यक्ष अनिल कुमार को देने के लिए कहा। इसके बाद सभी युवा अधिवक्ताओं ने उक्त ज्ञापन कोषाध्यक्ष को दिया। जिसमें बुढ़ाना बार के 55 अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर संलग्न रहे। इसमें मुख्य रूप से मेहराज कुरैशी, प्रवेश कुमार, शिवम निमेष, गुफरान, रवि, सोनू, प्रवेश कुमार, संजय त्यागी और अनुज राठी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# चोरों ने कीमती वायर चोरी कर आधे गांव की सप्लाई की ठप्प

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने लगभग 50 हजार रुपये की कीमत की अंडर ग्राउंड टंकी की फीटिंग का वायर मुस्लिम बाहुल्य गांव जौला से चोरी करते हुए रमजान माह में लगभग आधे गांव की पानी की सप्लाई ठप्प करते हुए रमजान के महीने में ग्रामीणों में जबरदस्त हडकम्प मचा दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों को पकड़ने का काम शुरु कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार इकबाल अहमद पुत्र मखमुल्लाह निवासी ग्राम जौला ने बतलाया कि वह अपने ही ग्राम जौला में जल निगम की नंबर एक टंकी पर टंकी का ऑपरेटर है। शुक्रवार की प्रथम रात्रि लगभग चार बजे सहरी के समय वह खाना खाने घर पर चला गया तो उसकी गैर मौजूदगी में कुछ अज्ञात चोरों के द्वारा टंकी का फीटिंग का वायर जो कि अन्डर ग्राउन्ड था उसको चोरी कर लिया गया है। उसने मौके पर आकर देखा तो टंकी के फीटिंग के वायर गायब मिले और मौके पर एक चाकू मिला। वायरल की कीमत 50 हजार रुपये है। इसके चोरी होने से आधे गांव जौला की पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप्प हो गयी है।घ जिसके चलते रमजान में ग्रामीणों को पानी न मिलने के कारण भारी असुविधा हो गयी है। इस घटना के कुछ घंटों बाद बिना पानी गांव में हा-हाकार मच गया। आपरेटर इकबाल ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही और चोरी हुआ कीमती वायर बरामद करने की मांग की है। वहीं बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टूल किट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** उप्र माटीकला बोर्ड, मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में एक दिवसीय माटीकला जागरूकता एवं नि:शुल्क टूल किट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन कम्बल कारखाना, रूड़की रोड़ के प्रांगण में किया गया।

एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता वन्दना वर्मा, मा. सदस्य विधान परिषद, उप्र के द्वारा की गयी एवं मिनाक्षी स्वरूप, अध्यक्ष नगरपा. लिक, मु.नगर विशिष्ट अथिति के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित रहीं। सर्वप्रथम जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अथितियों का सोमप्रकाश, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अगवस्त्र भेंट करते हुये स्वागत किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 चयनित माटीकला कामगारों को नि:शुल्क विद्युत चालित चाक, एवं 06 माटीकला के कारीगरों को पगमिल मशीन तथा 10 चयनित पापकार्न मेकिंग मशीन का वितरण कराया गया। उपस्थित अधिकारीयों द्वारा माटीकला बोर्ड / विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लाभार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गयीं। कार्यक्रम में सुश्री ज्योति प्रजापति, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अनील सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र के सलीम, राजबीर सिंह, पूर्व जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, टीपी सिंह, पूर्व सहायक विकास अधिकारी द्वारा विचार व्यक्त किये गये। जागरूकता कार्यक्रम में कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैंप के चौथे दिन भी हुआ कार्यक्रम

**चरथावल।** नगर के प्रतिष्ठित संस्थान चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष कैंप के चौथे दिन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का अलग-अलग स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम चरण में सभी टोलिओ ने गली गली में जाकर साक्षरता, निरक्षता , अक्षर ज्ञान से संबंधित लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय सेशन में संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिक. ारी डॉ गुलाब सिंह एवं सुमित कुमार नागयान ने सभी स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सुनील कुमार , ऋषिपाल सिंह ,तरबिया, कशिश, पूजा, दीपाली,कार्यालय अधीक्षक सुखपाल सिंह , विनीत कुमार , तरस पाल आदि का सहयोग रहा।




मुजफ्फरनगर: वार्षिक खेल-कूद का समापन करते श्रीराम कॉलेज के पदाधिकारी।

# श्रीराम कॉलेज की वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता-2026 का रंगारंग समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज में चल रहे 'वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता-2026' का आज रंगारंग समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ, चेयरमेन श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस अवसर पर खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं उनके टीम कोच और मैनेजर्स को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा0एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा श्रीराम कॉलेज के 120 ऐसे खिलाडियों को ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने ऑल इंडिया, नार्थ जान स्तर और अंतरमहाविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय द्वारा ऐसे विद्यार्थियों को पुरूस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

श्रीराम कॉलेज़ के खेल प्रांगण में चल रहे 'वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026' के अंतिम दिन क्रिकेट का फाइनल मुकाबला शारीरिक शिक्षा विभाग और कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की टीमो के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने विपक्षी टीम को निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 110 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की टीम केवल 65 रन ही बना पाई। इस तरह शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने 45 रनों से यह मैच जीतकर वार्षिक खेलकूद-2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। शारी. रिक शिक्षा विभाग की टीम के बल्लेबाज गौरव त्यागी को ह्मैन ऑफ दी मैचह तथा जय साहनिया को मैन ऑफ दी सीरिज़ घोषित किया गया। मौ0 सुहैल को बेस्ट बल्लेबाज, वसीम को बेस्ट बॉलर, अथर राणा को बेस्ट क्षेत्ररक्षण तथा अर्पित कुमार और कुनाल को बेस्ट अम्प्यार का अवार्ड दिया गया वही बेस्ट स्कोलर का अवार्ड यश शर्मा तथा मौ0 सुहैल को दिया गया।

इसके पश्चात श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के विभिन्न विभागों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गयी। सप्ताह भर मैदान पर अलग-अलग खेल प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और जज्बे की छाप छोड़ने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

बेस्ट एथिलीट 2026 पुरूष वर्ग की चौम्पियनशिप का खिताब शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र रवि भाटी को दिया गया। महिला वर्ग की एथलेटिक चौम्पियनशिप के खिताब पर शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्रा वैष्णवी त्यागी ने कब्जा किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता 2026 के महिला वर्ग में प्रथम स्थान बायोसाइंस विभाग की टीम ने वही पुरूर्ष वर्ग में बेसिक साइंस विभाग की टीमों ने प्राप्त किया। बेडमिंटन प्रतियोगिता में पुरूर्ष वर्ग में वाणिज्य विभाग के सावेज प्रथम स्थान, बीटेक के साथ गर्ग ने द्वितीय स्थान तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के उज्जवल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही बेडमिंटन महिला वर्ग में प्रथम स्थान शारी. रिक शिक्षा विभाग की नंदनी तथा द्वितीय स्थान शारीरिक शिक्षा विभाग की तनीशा तथा तृतीय स्थान बीबीए की वंशिका मलिक ने प्राप्त किया। बॉस्केट बॉल पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर बायोसाइंस (स्नातक) तथा तृतीय स्थान पर बायोसाइंस (परास्नातक) रही वंही बॉस्केट बॉल महिला वर्ग में बायोसाइंस द्धपरास्नातकक्ऋ प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम तथा तृतीय स्थान बायोसाइंस द्धस्नातकक्ऋ की टीम रही। बॉस्केट बॉल पुरूष वर्ग मे सर्वश्रेष्ठ खिलाडी वैभव तथा महिला वर्ग में नंदनी रही।

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ कोच का खिताब आशीष तिवारी और बायोसाइंस की सबा को दिया गया। वहीं गौरव एसआरजीसी पॉलिटैक्निक और विकास त्यागी, प्रवक्ता बायोसाइंस सर्वश्रेष्ठ टीम मैनेजर रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमेन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ खेलो में हमेशा ही विद्यार्थियों को बडा मंच प्रदान करता रहा है। उन्होंने कहा है कि हर वर्ष संस्थान के खेल प्रांगण में होने वाले वार्षिक खेल सप्ताह के माध्यम से श्रीराम कॉलेज की खेल प्रतिभाएं निखर कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेर रही है। उन्होंन कहा कि यह हमारे लिये गर्व की बात है कि श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के खिलाडियो ने माँ शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी के अंतरमहाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुये पदक जीतकर यूनिवर्सिटी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन को अनुशासित कर नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। अत: प्रत्येक विद्यार्थी को खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिये। उन्होंने वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये आयोजन मंडल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग को बधाई दी। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल ने कहा कि पूरे वर्ष में यह एक सप्ताह महाविद्यालय में खेल सप्ताह के रूप में आयोजित किया जाता है। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की खेल प्रतिभाए इस वार्षिक खेल कार्यक्रम में पूरे जोश के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करती है। अंत में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया।

साथ ही सात दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार एंव अन्य प्रवक्ताओं को भी बधाई दी।इस अवसर पर श्री राम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज के उपप्रचार्य डा सौरभ मित्तल, श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी के निदेशक डा गिरेन्द्र गौतम, श्रीराम पालिटैक्निक के प्राचार्य डा अश्वनी कुमार, डीन एकेडमिक्स डा0 विनित कुमार शर्मा, श्रीराम कॉलेज आफ इंजी. नियरिंग डीन डा0 सुचित्रा त्यागी तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा प्रवक्ता अमरदीप, डा0 अब्दुल अजीज़ खान, भुपेंद्र, संदीप कुमार, तरूण तथा विश्वदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं प्रवक्तागण डॉ0 अब्दुल अजीज़ खान, भूपेन्द्र कुमार, संदीप देशवाल, अमरदीप, विश्वदीप कौशिक तरूण आदि का विशेष योगदान रहा।

## शतरंज में चमके उज्ज्वल और ज्योति, श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय में हुआ रोमांचक समापन



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को शतरंज मुक. ाबलों के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिन शतरंज की बिसात पर छात्रों ने अपनी सूझबूझ, रणनीतिक कौशल और धैर्य का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, क्रीड़ा अधिकारी प्रो. अरविन्द कुमार तथा उपक्रीड़ा अधिकारी डा. विपिन कुमार बंसल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने संबोधन में प्राचार्या ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्फूर्ति ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और निर्णय क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से शतरंज को एकाग्रता और तार्किक सोच का उत्कृष्ट माध्यम बताया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के 42 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नाकआउट चरण से लेकर फाइनल मुकाबले तक खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। पूरे आयोजन में खेल भावना और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। छात्र वर्ग में बीकाम प्रथम वर्ष के उज्ज्वल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीसीए प्रथम वर्ष के अनित कुमार द्वितीय रहे। छात्रा वर्ग में बीए तृतीय वर्ष की कु. ज्योति पटेल ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया तथा बीएससी द्वितीय वर्ष की कु. रूपा द्वितीय स्थान पर रहीं।विजेताओं को प्राचार्या एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल एवं मंच संचालन की जिम्मेदारी ई. आशीष जैन, विकास जैन और निखिल चौहान ने निभाई।

समापन अवसर पर प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता संयोजक डा. अरविन्द कुमार ने स्पोर्ट्स कोच विश्वजीत सिंह सहित समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# वासु सैनी ने वेटलिफ्टिंग में जीते 3 स्वर्ण पदक

**वृंदावन में आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में की जीत हासिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के बड़ौत रोड पर स्थित मौहल्ला मिनर्वा टॉकीज निवासी वासु सैनी ने हाल ही में वृंदावन में आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में एक साथ 3 स्वर्ण पदक जीतकर बुढ़ाना कस्बे का नाम रोशन किया है। वासु सैनी के पिता विकास सैनी ने बताया कि उनके बेटे ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है।



वासु सैनी के बुढ़ाना आगमन पर स्थानीय लोगों व समर्थकों ने फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। ढोल नगाड़ों, आतिशबाजी और जयकारों के बीच खिलाड़ी का अभिनंदन किया गया जिससे पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा था। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमेश मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने वासु सैनी को फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना बड़ी बात है और ऐसे खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग मिलना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा नेता आशीष जैन, मोनू सैनी प्रधान, पलड़ी, अंकुर सैनी सूर्यवंशी, रोहित सैनी, अंकुश राठी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, नितिन सैनी लुहसाना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ी का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया जाता है कि खिलाड़ी वासु की यह कामयाबी लोगों को हर्षित कर रही है।

# बैंड-बाजों और गुलाल के बीच श्रीकृष्ण पालकी यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

**मीरापुर।** कस्बे में रंगभरी और आंवला एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य पालकी यात्रा पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। बैंड-बाजों और भक्ति गीतों की मधुर धुनों के बीच निकली इस शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। यात्रा का शुभारंभ सतसंग भवन से हुआ, जहां समाजसेवी अरुण शर्मा और मनोज मदान ने भगवान की आरती उतारकर पालकी को रवाना किया।

श्री हरि संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यात्रा का आयोजन किया गया। पालकी यात्रा सतसंग भवन से शुरू होकर चौक बाजार, सर्राफा बाजार, घास मंडी, वैश्य धर्मशाला, काली मंदिर, मोहल्ला खटिकान और पडाव चौक से होती हुई पुन: सतसंग भवन पर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और विभिन्न प्रकार के प्रसाद वितरित किए।

शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने फूलों और रंग-गुलाल के साथ होली का उल्लासपूर्ण आयोजन किया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। आंवला एकादशी के अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर आंवले के वृक्ष की पूजा की और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। पडाव चौक पर भाजपा नेता वैद्य प्रद्युम्न शर्मा और ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष विकास कौशिक ने श्री हरि संकीर्तन मंडल के 11 सदस्यों को पुष्पमाला और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वासुदेव शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, नीरज शारदा, नरेश रस्तौगी ॐ टीटू, राघव



रस्तौगी, मोहित लखोटिया, घनश्यामदास अग्रवाल, रोहित लखोटिया और सतीश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर पंचायत द्वारा शोभायात्रा मार्ग की विशेष सफाई भी कराई गई। यात्रा शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# मासूम अतस ने रोजा रख मांगी अमनों अमान की दुआ



**चरथावल।** रमजान के दूसरे जुमा के दिन छ वर्षीय बच्ची अतस पोत्री भूरा मेंबर ने रोजा रख देश मे अमनो अमान की दुआ करते हुए देश मे अमन शांति के लिए दुआ की बताते चले की जहाँ पवित्र रमजान का महीना चल रहा है और रमजान मे मुस्लिम भाई पुरे जोश के साथ रोजे रख रहे है वही नगर के मुंहल्ला मुर्दापटी के निवासी पूर्व सभासद भूरा आढ़ती की पोत्री छ वर्षीय अतस त्यागी ने बड़ी हिम्मत दिखाते हुए जुमे का रोजा रखा इतनी कम उम्र मे रोजा रखकर अतस ने जो हिम्मत दिखाई दे वह काबिले तारीफ है चेयरमेन मास्टर इस्लाम, यामीन नंबरदार, सादिक पत्रकार, काला मेंबर, फुरकान अध्यक्ष सहित अनेको ने बच्ची अतस त्यागी को रोजा रखने पर मुबारकबाद दी ।

## मशीन की चपेट में आने से मजदूर घायल

**छपार।** मकान पर लिंटर डालने वाली मशीन में सीमेंट का घोल बनाते हुए मजदूर मशीन की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया वहां से डाक्टरों ने मेरठ रेफर कर दिया।छपार में श्रीविश्वनाथ शिव मंदिर के पास एक मकान पर लिंटर डालने का कार्य चल चल रहा था।बसेड़ा निवासी आजम की मशीन से सीमेंट आदि सामग्री घोलकर डाली जा रही थी।बसेड़ा निवासी मजदूर सुलेमान का मशीन में सीमेंट डालते हुए पैर फिसल गया और उसका हाथ मशीन में आ गया जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घायल को मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय भेजा गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने नगर पंचायतों का किया गहन निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को जिलाधिकारी शामली ने कई नगर पंचायतों का निरीक्षण किया जिसमें और जहां भी कमी नजर आई उसमें सुधार के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने शुक्रवार को अपने निरीक्षण में कार्यालय नगर पंचायत ऊन, कार्यालय नगर पंचायत झिंझाना, कार्यालय नगर पंचायत गढ़ीपुख्ता एवं कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी ऊन का निरीक्षण किया और जहां भी कमी दिखी उसमें सुधार के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी ऊन का निरीक्षण करते हुए खण्ड विकास अधिकारी से प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर खंड विकास अधिकारी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर की गई और फटकार लगाई। निरीक्षण में कार्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं मिली जिसको लेकर भी फटकार लगाई और व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय प्रांगण में पुराने जर्जर भवन को भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा समूह के कार्य,आदि की जानक. ारी प्राप्त करते हुए प्रांगण में साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत झिंझाना का निरीक्षण कर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, पेय जल व्यवस्था एवं निर्माण कार्य संबंधी पत्रावलियों आदि का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत ऊन का निरीक्षण कर जल कर, भवन कर एवं निर्माण कार्य संबंधी पत्रावलियों आदि का निरीक्षण किया ओर सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय नगर पंचायत गढ़ीपुख्ता का निरीक्षण कर आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों की गुणवत्ता चौक किया, पेयजल व्यवस्था एवं निर्माण कार्य संबंधी पत्रावलियों आदि का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए। नगर निकायों के निरीक्षण में संबंधित अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते आज 3 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विद्युत विभाग द्वारा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र केरटू पर निर्धारित मेंटेनेंस कार्य कराए जाने के कारण शनिवार, 28 फरवरी 2026 को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार दोपहर 01:00 बजे से 4:00 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। उपखंड अधिकारी झिंझाना जितेंद्र कुमार ने बताया कि उपकेंद्र पर आवश्यक रखरखाव एवं तकनीकी कार्य कराए जाएंगे, जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति मिल सके। उन्होंने क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समयावधि के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें और विभागीय कार्य में सहयोग प्रदान करें। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से केरटू उपकेंद्र से जुड़े गांवों और मोहल्लों में असर पड़ेगा। विभाग ने आश्वस्त किया है कि कार्य पूरा होते ही विद्युत सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

## आज सभी सरकारी कार्यालय खुलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ के विज्ञप्ति संख्या-1 दिनांक 27 फरवरी, 2026 के अन्तर्गत सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति दिनांक 27 फरवरी, 2026 द्वारा होली पर्व के पावन अवसर पर 03 मार्च दिन मंगलवार को निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन घोषित सार्वजनिक अवकाश के कारण सामान्य कार्य दिवस के भांति दिनांक 28 फरवरी (दिन शनिवार) को प्रदेश के समस्त सरक. ारी कार्यालय / संस्थान/बैंक / कोषागार आदि खोले जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 28 फरवरी, 2026 (दिन शनिवार) को प्रदेश के समस्त सरकारी कार्यालय / संस्थान / बैंक / कोषागार आदि सामान्य कार्य दिवस के भांति एतदद्वारा खुले रहेंगे।



## अवैध तमंचा समेत पुलिस ने एक अभियुक्त पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना कैराना पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को शामली के पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह के आदेशानुसार जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने ग्राम बसेड़ा निवासी मौसीम पुत्र अय्यूब को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र त्यागी, हेड कांस्टेबल ज्योति प्रकाश और हेड कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराध एवं अवैध शस्त्रों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिजली विभाग की कार्यशैली से किसानों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित हमजा कॉलोनी में भारतीय किसान यूनियन (आजाद गुट) द्वारा एक किसान सभा का आयोजन किया गया। सभा में केंद्र सरकार द्वारा अमे. रिका के साथ किए गए समझौते को रद्द करने, एमसपी पर कानून बनाने, बिजली विभाग की कार्यशैली और क्षेत्र में बढ़ते नशे के खिलाफ जोरदार हल्ला बोला गया।



सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे किसान नेता जगजीत सिंह डाल्लेवाल का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं व ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। भारतीय किसान यूनियन आजाद द्वारा किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागृति यात्रा निकाली जा रही है, जो कश्मीर से शुरू होकर कन्याकुमारी तक जाएगी और आगामी 19 मार्च को दिल्ली पहुंचकर संपन्न होगी। जनपद में प्रवेश करते ही यात्रा का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया और इसके बाद यात्रा हमजा कॉलोनी पहुंची, जहां सभा आयोजित की गई।सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डालेवाल ने कहा कि सरकार द्वारा अमेरिका के साथ किया गया समझौता किसान विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में किसान आंदोलनों के दौरान सरकार ने एमसपी पर कानून बनाने का वादा किया था, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति सरकार के विरुद्ध आवाज उठाता है, उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया जाता है और उसे देशविरोधी या विदेशी फंडिंग से जुड़ा बताकर बदनाम किया जाता है। उन्होंने किसानों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसान संगठित हो जाएं तो कोई भी लड़ाई जीती जा सकती है। सभा का संचालन कर रहे नितिन बालियान ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि रात के समय की जा रही छापेमारी तत्काल बंद की जाए, अन्यथा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो बिजली कर्मियों को बंधक बनाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने नगर व क्षेत्र में बढ़ रहे नशे पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की कि नशा बेचने वालों की सूचना प्रशासन को दें। यदि प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शाहरुख जंग, सुशांत राठी, अंकित चौहान, रिजवान अंसारी, शादाब चौधरी, तेलंगाना के किसान नेता पी.आर. पांडे, रविंद्र त्यागी, अनिल तालन, सर छोटू राम, मेहराज राव, इकरार तोमर, बाबा यासीन, रेनू चौधरी, गीता कश्यप, संगीता चौधरी, सोनिया तोमर सहित सैकड़ों किसान व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## एक नजर

### लाइनमैनों ने एसएसओ के खिलाफ जेई को दी लिखित शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के टोडा बिजलीघर पर तैनात तीन लाइनमैनों ने एसएसओ पर ड्यूटी में लापरवाही और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए अवर अभियंता को लिखित शिकायत दी है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे संबंधित एसएसओ की ड्यूटी में कार्य नहीं करेंगे।

चौसाना क्षेत्र के टोडा बिजलीघर पर कार्यरत लाइनमैन बिट्टू, जितेंद्र और बबलू ने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि बिजलीघर पर तैनात एसएसओ ड्यूटी के दौरान अधिकतर समय मोबाइल फोन में व्यस्त रहता है। उनका कहना है कि लाइन में फॉल्ट होने पर जब वे एसएसओ को फोन करते हैं तो वह कॉल रिसीव नहीं करता। कई बार संपर्क होने पर भी वह सहयोग के बजाय अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। लाइनमैनों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित एसएसओ किसी अन्य कंपनी में भी कार्य करता है, जिसके कारण वह फोन पर अत्यधिक व्यस्त रहता है और विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने मांग की है कि या तो उन्हें अकुशल श्रमिक घोषित कर दिया जाए या फिर एसएसओ का अन्यत्र तबादला किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि मौजूदा स्थिति में कार्य करना उनके लिए कठिन हो रहा है। मामले को लेकर बिजली विभाग में हलचल बनी हुई है। वहीं एसएसओ गौतम कुमार ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि कुछ लाइनमैन गांव के एक व्यक्ति के बहकावे में आकर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह नियमित रूप से ड्यूटी निभा रहे हैं। वहीं एसडीओ शाहब सिंह ने बताया कि उन्हें अभी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी यदि शिकायत आई है तो उसकी जांच कराई जाएगी और जो भी उचित कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

### दूसरे जुमे को शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पवित्र माह रमजान के दूसरे जुमा की नमाज थाना भवन क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा की गई। क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। नमाज से पूर्व मस्जिदों में साफ-सफाई और विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे अकीदतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जुमे की नमाज से पहले मौलाना ने रमजान की फजीलत पर विस्तार से बयान दिया। उन्होंने रोजे की अहमियत बताते हुए कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत और आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। इस महीने में नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा इबादत और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। मौलाना ने जुम्मे के दिन की अहमियत पर भी रोशनी डाली और बताया कि जुम्मा मुसलमानों के लिए बेहद खास दिन है। इस दिन इबादत और दुआ का विशेष महत्व होता है। उन्होंने लोगों से अमन-चौन, आपसी प्रेम और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। नमाज के बाद लोगों ने देश, प्रदेश और क्षेत्र की तरक्की, अमन-शांति तथा खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

### तेज रफ्तार थ्री व्हीलर की टक्कर से मासूम घायल

**कैराना।** मोहल्ला खेल कला निवासी अरशद (10) पुत्र सलमान तित्तरवाड़ा रोड पर खेल रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक थ्री व्हीलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चा सड़क पर गिर पड़ा और उसके पैर व सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद चालक थ्री व्हीलर समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## विद्युत लाइन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी की मौत, मौके पर पहुंचा वन विभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कनियान में शुक्रवार को विद्युत लाइन से टकराने से एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। खेत पर पहुंचे किसानों ने मोर को मृत अवस्था में पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। गांव कनियान निवासी किसान उपेंद्र अपने खेत पर पहुंचे तो वहां एक मोर जमीन पर मृत पड़ा हुआ मिला। मौके पर रहने दर्जनों ग्रामीण भी पहुंच गए ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी।सूचना मिलते ही वन विभाग के उप निरीक्षक वंश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृत मोर को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि मोर की मौत खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से टकराने के कारण हुई है। हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए नगर के पशु चिकित्सालय ले जाया गया।पशु चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किए जाने के बाद वन विभाग की टीम ने रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम उपरांत मोर के शव को जंगल क्षेत्र में दफना दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मोर राष्ट्रीय पक्षी होने के कारण हर ऐसी घटना में विधिक प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम कराना अनिवार्य होता है, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके। पशु अस्पताल के डॉक्टर धीरेंद्र सिंह का कहना है की करंट लगने से मोर की मौत होने की पुष्टि हुई है।

# सतलोक आश्रम में दूसरे दिन किया 40 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शुक्रवार को बेदखेड़ी स्थित सतलोक आश्रम में संत शिरा. ेमणि संत गरीबदास जी महाराज के पावन बोध दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समागम का दूसरा दिन श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकारों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया व मानव सेवा का लाभ भी उठाया।



प्रात:काल नित्य नियम और सत्संग के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सत्संग में संत गरीबदास जी महाराज की शिक्षाओं, सत्यभक्ति, नशामुक्ति और मानव कल्याण के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सत्संग श्रवण कर समाज में सद्भाव फैलाने का संकल्प लिया। समाज सुधार की दिशा में दूसरे दिन 6 जोड़ों का दहेज मुक्त रमैणी विवाह सादगीपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया गया। बिना किसी दहेज और आडंबर के हुए इन विवाहों को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे दहेज प्रथा के खिलाफ प्रेरणादायक पहल बताया। मानव सेवा को प्राथमिकता देते हुए आश्रम परिसर में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 40 यूनिट रक्तदान किया। आयोजकों ने बताया कि यह रक्त जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। आश्रम में आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें संतों की शिक्षाओं और सेवा परियोजनाओं से जुड़ी झांकियां प्रदर्शित की गईं। विशाल भंडारे में देशी घी से बने प्रसाद सहित शुद्ध सात्विक भोजन हजारों श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। समागम 28 फरवरी तक जारी रहेगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग और भंडारे का लाभ लेने की अपील की है।

## पुतला दहन से पहले पदाधिकारियों को किया हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के आहवान पर भारत-अमे. रिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में प्रस्तावित पुतला दहन कार्यक्रम से पहले पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट कर लिया। मामला जनपद शामली के पीर खेड़ा गांव का है, जो झिंझाना थाना क्षेत्र में आता है। जानकारी के अनुसार संगठन द्वारा शुक्रवार को भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन करने की घोषणा की गई थी। कार्यक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया और एहतियातन कार्रवाई करते हुए जिलाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों को उनके घरों पर ही नजरबंद कर दिया। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि फ्री ट्रेड डील से किसानों, मजदूरों और आम जनता के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों व श्रमिकों के लिए मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करे। उनका कहना था कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जहां एक ओर सरकारी खर्च पर शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, वहीं उन्हें उच्च वेतन और पेंशन भी मिलती है, जबकि आम नागरिक बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है।

## रासेयो शिविर का समापन

**चांदपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा पीयूष वर्मा के नेतृत्व में चल रहा था। जिसका विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। स्वयंसेवियों ने पर्यावरण जागरूकता पर लघु नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी छात्रों द्वारा समस्त कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणा प्रद और ज्ञानवर्धक है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से ही छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने 7 दिन तक चलने वाले समस्त कार्यक्रमों की आख्या प्रस्तुत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अशोक कुमार ने कहा कि समाज सेवा बहुत ही पुण्य का कार्य है। यह कभी व्यर्थ नहीं जाएगी।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शिवाली राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में हम होंगे कामयाब एक दिन गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त स्वयंसेवियों को प्रबंध तंत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## शव पहुंचने पर कोहराम

**अफजलगढ़।** मानियावाला निवासी सचिन कुमार (28 वर्ष) पुत्र अनुज कुमार एम्स ऋषिकेश में रहकर एम्बुलेंस चलाने का कार्य करता था। वह अपने दोस्तों के साथ नजीबाबाद में शादी समारोह में आए थे। वापसी में वह व एक अन्य हादसे का शिकार हो गए थे। आज पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव उसके घर पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। सचिन का पांच वर्षीय पुत्र पापा की मौत पर गहरे सदमे में है।

## कुत्ते के हमले में बालिका घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम आसफाबाद चमन स्थित प्राथमिक विद्यालय से छुट्टी के बाद घर वापस जा रही गायत्री (छह वर्ष) पुत्री संदीप कुमार पर आवारा कुत्तों ने अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया। कुत्ते ने उसके हाथ में काट लिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर किसी तरह कुत्तों को भगाकर छात्रा को उनके चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाने और नियमित रूप से पकड़वाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

## बावरिया गिरोह से खतरा

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में होली पर वन व वन्य जीवों की सुरक्षा के मद्देनजर अलर्ट जारी किया गया है। कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। होली पर जंगलों में लकड़ी माफिया और वन्य जीव तस्करों से खतरा रहता है। बावरिया गिरोह की आहट से बाघ जैसे जीव की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बड़ोला के अनुसार होली पर्व पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। चैकिंग अभियान व गश्त बढ़ा दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों से सुरक्षा में सहयोग मांगा जा रहा है।

## फादरसन में टीकाकरण शिविर

**चांदपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल में खसरा (मैजलेस) एवं रूबेला टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के 91 विद्यार्थियों को टीके लगाए गए। टीकाकरण की प्रक्रिया एएनएम नेहा कुमारी एवं एएनएम अर्चना राजपूत द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव बीबीपुर जलालाबाद मे सांवरिया देसी गौशाला में हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में मक्का और बाजरे की रोटी, चने का साग, आलू-पूरी तथा साबूदाने की खीर और गुलदानों का प्रसाद परोसा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भोजन उपरांत गौशाला के संचालक संत बलवान नाथ ने सभी साधु-संतों को दक्षिणा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भक्ति, सेवा और गौ संरक्षण का भाव स्पष्ट रूप से झलकता नजर आया। शुक्रवार सुबह गौशाला परिसर में मुजफ्फरनगर से पहुंचे पंडित शिवकुमार मिश्र द्वारा विधि विधान से हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। गौशाला समिति अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा स - पत्नी यजमान रहे। समिति सदस्य हरिओम वर्मा, प्रेम चन्द वर्मा, सजल वर्मा मुजफ्फरनगर, जय सिंह चौधरी, नाथ संप्रदाय से संत मेघनाथ, संत कदम पुरी, संत राजनाथ, संत पुरन गिरी, संत चमकार गिरी, संत राकेश गिरी, संत ज्ञानेश्वर गिरी आदि सैकड़ो संत उपस्थित रहे।



व्यवस्था में ग्रामीण युवा अनुज, धीरा, राकेश, सुभाष, रेगुस, रॉबिन ऋतिक आदि ने भंडारे में बेहतर सेवा देकर अपना योगदान दिया। गौशाला समिति अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा ने बताया कि लगभग आठ वर्ष पूर्व स्थापित इस गौशाला में देसी गायों और बछड़ों का संरक्षण किया जा रहा है। ग्रामीण और समाज सेवियों के सहयोग से गौशाला का संचालन विधिवत रूप से किया जा रहा है। गौशाला के संचालक और नाथ संप्रदाय से जुड़े संत बलवान नाथ ने बताया कि वर्तमान में गौशाला में लगभग 55 गोवंश है। ग्रामीणों के सहयोग से गौशाला पर वर्ष भर समय-समय पर धार्मिक आयोजनों को श्रद्धा और आस्था के साथ किया जाता है। बताया कि अब तक सरकार से किसी प्रकार की कोई आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है। अब तो प्रयास करना भी बंद कर दिया है। फिर भी स्थानीय लोगों के सहयोग और संतों के मार्गदर्शन से गौसेवा का कार्य निरंतर जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला केवल गौ संरक्षण का केंद्र ही नहीं है, बल्कि सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का भी प्रमुख स्थल बन गई हैं।

## महिला से हाथापाई का वीडियो वायरल

**नजीबाबाद।** जलालाबाद के साप्ताहिक बाजार में एक महिला पर चोरी का आरोप लगाकर कपड़ा व्यापारी द्वारा कथित रूप से हाथापाई किए जाने का मामला सामने आया है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि साप्ताहिक बाजार के भीतर एक कपड़ा व्यापारी महिला के साथ धक्का-मुक्की करता नजर आ रहा है।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटी, एक की मौत, 9 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में मजदूरों को लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।चालक समेत करीब 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है।



हादसा थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र के गांव मल्हीपुर के पास महा मृत्युंजय मंदिर के सामने हाईवे पर हुआ। जानकारी के मुताबिक, कैराना से मजदूरों का एक समूह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सहारनपुर स्थित अमरूद के एक बाग में तारबंदी का काम करने जा रहा था। ट्रैक्टर को कैराना निवासी यामीन चला रहा था। ट्रॉली में करीब नौ मजदूर सवार थे।हाईवे पर तेज रफ्तार में चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे ही मल्हीपुर गांव के पास पहुंची, अचानक ट्रैक्टर का स्टेयरिंग फेल हो गया। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रॉली पलट गई। हादसे में चालक यामीन सहित ट्रॉली में सवार सभी मजदूर घायल हो गए। ट्रॉली पलटते ही हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।

ट्रॉली के नीचे दबे मजदूरों की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे मजदूर और राहगीर मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया।घायलों में संदीप, नंदलाल पुत्र दुर्गा प्रसाद, राम मनोहर पुत्र दुर्गा प्रसाद, धर्मराज पुत्र राजकुमार, गोलू पुत्र हंसराज, राम अभिलाष पुत्र दुर्गा प्रसाद, अरविंद पुत्र ओम प्रकाश शामिल हैं, जो जनपद रायबरेली के थाना नसीराबाद क्षेत्र के गांव ओलि. पुर के निवासी बताए गए हैं। वहीं विजय पुत्र शोभनाथ अमेठी का रहने वाला है। जबकि रायबरेली के रहने वाले बॉबी देओल की मौत हो गई। राम अभिलाष ने बताया कि वह कैराना में एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करने के लिए आए थे भट्टे पर काम न होने के चलते वह मजदूरी के लिए निकले थे।

## हत्या की कोशिश का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अपनी पत्नी की हत्या की कोशिश करने के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

ज्ञात हो कि पुलिस ने विगत 16 फरवरी को पीड़िता सहरीन पुत्री अलीशेर निवासी नाई नगली उर्फ माजरी थाना रामपुर मनिहारान व पत्नी आसिफ पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम दुमझेड़ा थाना चिलकाना की लिखित तहरीर पर पीड़िता को जान से मारने की नीयत से रस्सी से गला घोटने, मारपीट करने तथा गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे सम्बंधित धाराओं के तहत एक मुकदमा थाना पर दर्ज किया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त मे फरार चल रहे आरोपी पति आसिफ पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम दुमझेडा को गिरफ्तार किया है।

# सुरक्षा दरकिनार, बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक ढोए जा रहे मासूम बच्चे सरसावा में सुरक्षा नियमों की अनदेखी शिक्षा के नाम पर मासूमों के जीवन से खिलवाड़ परिवहन विभाग की ढीली कार्यप्रणाली के चलते निजी स्कूल प्रबंधकों के हौसले हो रहे बुलंद।



शुक्रवार दोपहर सरसावा के एक निजी विद्यालय से जब छुट्टी हुई तो स्कूल से मैजिक में अक्षमता से अधिक करीब 33 मासूमों को बैठाकर उनके घर हुसैनपुर ,घघोंड,माजरी छोड़ने के लिए जैसे ही मैजिक सरसावा टोल प्लाजा से आगे निकला तो वह पहले से सड़क किनारे खड़े बजरंगदल संगठन हरिद्वार से जुड़े कृष्णा ने मैजिक को रुकवा मैजिक चालक से बच्चों की संख्या के बारे में पूछा तो वह चुप्पी साध गया। देखते ही देखते कुछ बच्चों के अभिभावक भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने ओर मैजिक में बैठे स्कूली बच्चों ने बताया कि प्रतिदिन ऐसे ही स्कूल जाते है। मैजिक में भीड़ ज्यादा होने के कारण बैठना मुश्किल हो जाता है। यह हालत सिर्फ एक स्कूल वाहन की नहीं है दर्जनों स्कूलों में लगे अधिकतर वाहनों के यही हालात है। इन वाहनों में न तो सीट बेल्ट, फ्रस्टेट किट, न सिक्रोरिटी गार्ड, स्कूल टीचर,के अलावा कई वाहनों के तो टैक्स परमिट तक भी नहीं होते।जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने स्कूल बसों और अन्य परिवहन साधनों के लिए सुरक्षा नियम निर्धारित किए है। इसके बावजूद सड़कों पर स्कूली बच्चों को इस तरह क्षमता से अधिक ले जाना जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है। इतना ही नहीं करीब दो सप्ताह पूर्व भी एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बचा था। हाईवे पर ग्राम जलालपुर के समीप सड़क पर खड़ी कस्बे के ही एक स्कूल की वैन में पिकअप की टक्कर हो गई थी।हालांकि गनीमत रही सभी बच्चे सुरक्षित रहे।

# लूट के दो आरोपी पकड़े, 92 हजार रुपये बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना फतेहपुर क्षेत्र में 25 फरवरी की रात को पशु व्यापारी परवेज आलम निवासी ग्राम रजापुर से लगभग 5 लाख 8 हजार रुपये की डकैती हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस जांच के दौरान अभियुक्तों के नाम सामने आए जिनमें गौरव पुत्र धनवीर निवासी बिशनपुर थाना फतेहपुर और अरुण कुमार पुत्र सुखवीर सिंह निवासी लखनौती थाना कोतवाली देहात शामिल थे थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम है हेड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद, हैड कांस्टेबल रोहित राणा हैड कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल कुलदीप कुमार ने लखनौती से दतौली जाने वाले मुख्य मार्ग पर बिशनपुर कट के पास घेरा. बंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान गौरव के कब्जे से 47,000 रुपये और अरुण के कब्जे से 45,000 रुपये कुल 92,000 रुपये बरामद हुए जो लूटी गई राशि का हिस्सा हैं अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी जहाँगीर उर्फ काला पिकअप चालक ने ही साजिश रची थी रात करीब 2 बजे रजापुर-भैसराव रास्ते पर श्मशान मोड़ के पास पिकअप रोका गया आगे मोटरसाइकिल लगाकर परवेज की थैली से 5 लाख रुपये छीन लिए गए पांचों आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए थे।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री राधा कृष्ण मन्दिर पुरानी मंडी में धार्मिक आस्था और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला जहाँ होली महोत्सव का भव्य आयोजन परम् पूज्य सतगुरुदेव आचार्य पण्डित प्रगीत कौशिक महाराज के संरक्षण में किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवती शाकंभरी एवं श्री राधा कृष्ण भगवान को चन्दन एवं गुलाल अर्पित किए।



विभिन्न प्रकार के मिष्ठान इत्यादि से भगवान को भोग लगाया।विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई जिसमें महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों से उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर माता जी एवं श्री सतगुरुदेव भगवान जी के दर्शन करते नजर आए। आयोजन में उपस्थित सभी साधक शिष्य परिवारों ने आगंत. ुकों का स्वागत किया और समाज की सुख समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। पूजन उपरांत 56 भोग 36 व्यंजन एवं भोजन प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। इस दौरान आचार्य नितिन शांडिल्य, पं ललित शर्मा, पंडित कौशिक प्रणयन प्रगीत, अक्षय अग्रवाल, संकेत गोयल, विपिन कश्यप, संजय बंसल, उदित वर्मा, आदित्य सैनी, सत्यम विश्वकर्मा, श्रीमती प्रेरणा कौशिक, श्रीमती आरजू शर्मा, श्रीमती रितु मित्तल का विशेष सहयोग रहा।

# अजीत बने भाजपा जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में दौडी खुशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ नानौता।** भाजपा नेता अजीत राणा को पार्टी हाईकमान द्वारा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर जिलेभर में कार्यकर्ताओ में हर्षोल्लास है वहीं नानौता के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी प्रकट की।



नानौता के गांव खुडाना से ताल्लुक रखने वाले अजीत राणा को भाजपा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया अजीत राणा जन्मजात भाजपाई है और जब भाजपा सत्ता में नहीं थी तब कुछ ही कार्यकर्ता भाजपा का झंडाबरदार थे उन चुनिंदा लोगों में अजीत राणा का नाम भी शुमार है। भाजपा में सालों से जिलाध्यक्ष पद को लेकर उठा-पटक चल रही थी अजीत राणा सहित जिले के कई लोग भाजपा का जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में थे मगर पार्टी ने अजीत राणा पर विश्वास जताते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष घोषित किया। अजीत राणा पार्टी के जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता हैं इससे पूर्व वह जिला उपाध्यक्ष तथा नानौता के भुमि विकास बैंक के चौयरमेन पद पर भी आसीन रहे हैं। देर रात्रि भाजपा हाईकमान द्वारा प्रदेश के अन्य जिलों सहित सहारनपुर जिलाध्यक्ष की घोषणा की तो कार्यकर्ताओ में जश्न का माहोल हो गया सोशल मीडिया पर एक दूसरे को बधाई देने लगे।

# भैंसराऊ में आरसीसी सड़क का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मंडल के वार्ड नंबर 4 अंतर्गत ग्राम में विकास कार्यों की रफ्तार जारी है जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी के कुशल नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम ने ग्राम भैंसराऊ में आरसीसी (सीमेंट कंक्रीट) सड़क का शुभारंभ किया उन्होंने फीता काटकर निर्माण कार्य की शुरुआत की



इस अवसर पर हंसराज गौतम ने कहा भाजपा सरकार में विकास की गंगा चारों ओर बह रही है अंतिम छोर पर बैठे हर व्यक्ति तक सीधा लाभ पहुंच रहा है और भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दुबे सिंह काम्बोज मंडल अध्यक्ष ने भी संबोधित किया उन्होंने विकास योजनाओं की सराहना की और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि ऐसी परियोजनाएं निरंतर चलती रहेंगी

मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सेन भाजपा नेता विकास गुप्ता दिनेश शर्मा अंशुल म्यूचुअल फाउंडेशन डायरेक्टर धर्मदास प्रधान, सतीश कुमार, ऋषि पाल सैनी, ऋषिपाल उपाध्याय, गौरव वर्मा केहर सिंह सैनी प्रीतम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे सड़क ग्रामीणों की आवाजाही को सुगम बनाएगी और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेगी। स्थानीय लोग इस पहल से काफी उत्साहित दिखे

# पेपर मिल रोड पर जेसीबी से ध्वस्त किया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आज पेपर मिल रोड पर जेसीबी से चार दुकानों का अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। ब्रजेश नगर पुल के नीचे भी अनेक दुकानों का अतिक्रमण हटाते हुए दो दुकानों पर जुर्माना लगाया गया।

पेपर मिल रोड पर टीन शेड डालकर चार दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसकी शिकायत कुछ लोगों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी थी। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज प्रर्वतन दल ने पेपर रोड पहुंचकर जेसीबी से टीन शेड सहित सभी अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा ब्रज. ेश नगर पुल के नीचे भी करीब एक दर्जन दुकानों का अतिक्रमण हटाते हुए दो दुकानों से दो हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल गुरुंग ने बताया कि ताहरपुर स्थित एक तालाब में अवैध रुप से पोपुलर के सैकड़ों पेड़ लगाकर अवैध रुप से कब्जा कर लिया था।

नगरायुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल ने आज ताहरपुर पहुंचकर अवैध रुप से लगाए गए समस्त पेड़ उखड़वा दिए। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, हरिप्रक. ाश कसाना आदि सहित प्रवर्तन दल व निगम की राजस्व टीम शामिल रही।

# रिमाउंट डिपो की 2400 एकड़ जमीन पर डिफेंस कोरिडोर की मांग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्वदलीय संघर्ष समिति के डेलीगेशन ने जिलाधिकारी से मिलकर रिमाउंट डिपो की 2400 एकड जमीन पर डिफेंस कोरिडोर बनाने की मांग की है।

डेलीगेशन ने जिलाधिकारी को बताया कि रिमाउंट डिपो डिफेंस मिनिस्ट्री का एक उपक्रम है। यहां पहले जो घोड़ों और खच्चरों का काम था, वह अब न के बराबर रह गया है। इसलिये यहां कोई डिफेंस कॉरिडोर या बड़ा उपक्रम बने, जिससे जिले का भला हो और रोजगार मिले। डेलीगेशन में पूर्व विधायक ठा.विरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री सरफराज खान, जयनाथ शर्मा, महेन्द्र तनेजा, किरणजीत सिंह संधू, दलजीत सिंह कोचर, रामजी सुनेजा, रविन्द्र मिगलानी, विवेक मनोचा, शीतल टंडन, गुरप्रीत बग्गा, डॉ. पंकज खन्ना, चंद्रजीत सिंह निक्कू आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करें: रूचि गुप्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** पुलिस क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता ने कहा कि वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ रुचि गुप्ता ने पुलिस टीम के बाद बस स्टैंड हाथी गेट पर वाहन चौकिंग अभियान चलाया।हेल्मेट न लगाने वाले बाइक सवारों व एक बाइक पर दो से अधिक सवारी को उन्होंने सख्ती से नसीहत करते हुए कहा कि अपनी जान से खिलवाड़ करना अच्छा नहीं होता।सरकार ने कानून इसलिए बनाए हैं ताकि आप सुरक्षित रहें।सीओ रुचि गुप्ता ने कहा कि सभी को वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना चाहिए।ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ रखने चाहिएं।ज्यादा तेजी से वाहन न चलाएं और नशा करके वाहन न चलाएं।

# गायन व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संस्थापक सप्ताह के अंतर्गत महाराज सिंह कॉलेज में तृतीय दिवस पर गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। संयोजक प्रोफेसर प्रवीन कादियान ने विद्यार्थियों को गायन एवं नृत्य के महत्व को समझाते हुए बताया कि कला न केवल मनो. रंजन का माध्यम है, बल्कि यह भावनाओं की अभिव्यक्ति और मानसिक संतुलन का भी सशक्त साधन है। गायन पुरूष वर्ग में देव ने प्रथम, वंश ने द्वितीय, जफर ने तृतीय, महिला वर्ग में रिया ने प्रथम, पारूल ने द्वितीय, दिव्यांशी ने तृतीय तथा नृत्य में ईशा ने प्रथम, जिया ने द्वितीय व साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।गायन प्रतियोगिता में संजीव पाराशर, राजू वर्मा एवं शिवानी शुक्ला तथा नृत्य प्रतियोगिता में प्रिया बजाज, तमन्ना अरोड़ा एवं सुमित कुमार ने निर्णायक रहे। कार्यक्रम का संचालन मानसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर संजय गुप्ता, प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर पूनम यादव, प्रोफेसर दिनकर मलिक, प्रोफेसर संदीप कुमार, डॉ. गुरदेव सिंह और डॉ. संजीव कुमार का सरहानीय योगदान रहा।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मुर्शीद व पुत्रवधू फरजाना को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके कार्यों का मैं वह मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**जाहिद पुत्र वहीद निवासी ग्राम झाड़वन थाना तीतरो तहसील नकुड जनपद सहारनपुर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जांडखेडा विकास खंड गंगोह ( सहारनपुर )**

दिनांक: 27.02.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जांडखेडा विकास खंड गंगोह सहारनपुर में निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा दिनांक 28. 02.2026 को ब्लॉक सभाकार में सुबह 11 बजे जमा होगी तथा दिनांक 01. 03.2026 को दोपहर 1 बजे सभी फर्म/ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी।

| निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत जांडखेडा (धरमपुरी) में विनोद के मकान से हरचंद के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 271540 रु. | 1 माह |
| ग्राम पंचायत जांडखेडा (धरमपुरी) में हरचंद के मकान से मेन रोड (राहुल) तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 325404 रु. | 1 माह |
| ग्राम पंचायत जांडखेडा (लोहागढ) में सुखदेव के घर के सामने खडंजा निर्माण व जीता से मेन रोड तक खडंजा निर्माण कार्य। | 110000 रु. | 1 माह |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम जांडखेडा, वि.ख. गंगोह, सहारनपुर।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम जांडखेडा, वि.ख. गंगोह, सहारनपुर।**

# उ.प्र.महिला शिक्षक संघ का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारीयो ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित किए गए नए नीतियों के खिलाफ जिलाधिकारी सहारनपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा



हकीकत नगर रामलीला मैदान में चल रहे शिक्षको सुप्रीम कोर्ट की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन के बीच संगठन की जिला अध्यक्ष अलका भटनागर ने शासन व मीडिया को अवगत कराया है कि पूर्व की सरकारों ने अधिनियम 2009 उत्तर प्रदेश 27जुलाई 2011 से लागू किया गया था। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ द्वारा धरना स्थल पर सुप्रीम कोर्ट के नए नियमों के विरोध में धरना दिया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष अलका भटनागर, राजेश्वरी पवार, नीलम गोपाला, विनीता कश्यप, दिव्या, इंदु बेस, सरिता देवी, रोजी राणा, पूनम तनेजा, रेनू धीमान, ममता तोमर, भावना भारद्वाज, अर्चना रानी, दिव्या शर्मा, बरखा शर्मा, सीमा शर्मा ,प्रतिभा यादव, बबली देवी, रोजी अरोड़ा, नेहा गुप्ता मौजूद रहे।

**कार्यालय निर्माण अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर।**

पत्रांक 44 /सा.नि. अनु./न.नि. सहा. दिनांक 27/02/26

**नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वार्ड न. 48 आवास विकास में हाउस न. 127 से हाउस न. 588 तक (झण्डा चौक तक) सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहें पेड़-पौधों में तुन-1, नीम-7, अशोक-11, कनेर-1, कढ़ी पत्ता-1, एलोस्टोनियां-1, आम-3, अमरूद-1, चमेली-1, करोन्दा-1 कुल 28 वृक्ष बाधक है, जिनका स्वामित्व नगर निगम सहारनपुर का हैं। उक्त पेडों के पातन हेतु सार्वजनिक नीतामी दिनांक 06.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से 05:00 बजे के मध्य नगर निगम सहारनपुर में की जायेगी।

उपरोक्त सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाताओं से पृथक-पृथक प्रार्थना पत्र दिनांक 05.03.2026 अपराना: 01:00 बजे तक ही लिये जायेगें। नीलामी में भाग लेने से पूर्व बोलीदाताओं को प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर मुव. 1000/- रू. की जमानत पनराशि निर्माण अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर में जमा करनी होगी, जो बोली स्वीकार होने पर मीलामी की राशि में समायोजित हो जायेगी।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम सहारनपुर।**

**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर**

पत्रांक-3249/स.वि.प्रा. / अभि.खण्ड/2025-26 दिनांक 27/02/2028

**"ई-निविदा आमंत्रण सूचना"**

सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित निर्माण/विकास कार्य के अन्तर्गत शासकीय विभागों में पंजीकृत फर्मो से ई-निविदा वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा टू-बिड पद्धति से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 28.02.2020 से अपलोड किये जा सकते है। उक्त ई-निविदा कार्य के नाम के सम्मुख अंकित निविदा खोलने /डाउनलोड करने की दिनांक को साय: 03:00 बजे तक ई-टेण्डर वेबसाईट पर डाली जायेगी तथा प्राप्त ई-निविदा उसी दिन साय: 04:00 बजे प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली / डाउनलोड की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | धरोहर धनराशि (रू.लाख में) | कार्य की श्रेणी | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र (जी.एस.टी. (सहित रु. में) | खोलने/ डाउनलोड करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहारनपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में पुरानी बिजली की तारों की मरम्मत एवं रख-रखाव व नयी तारों से प्रतिस्थापना कार्य, बिजली पैनल, अर्थिक की स्थापना /फेब्रिकेशन का कार्य | 20.82 | 2.08 | A | 03 माह | 2860.00 | 20.03.2026 |

नोट- उपरोक्त कार्यों से सम्बन्धित शर्ते www.etender.up.nic.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव**

# अकीदत के साथ जुमे की नमाज की अदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुकद्दस माह रमजान के दूसरें जुमा की नमाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत के साथ अदा की गई। इस दौरान अकीदतमंदों ने बारगाह-ए-इलाही में देश व दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की।

दारुल उलूम देवबंद की रशीदिया मस्जिद में जुमा की नमाज मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने अदा कराई। उन्होंने नमाज के बाद कुरआन की फजीलत और रोजों की अहमियत पर ब्यान किया। दारुल उलूम की छत्ता मस्जिद में पेश इमाम और मरकजी जामा मस्जिद में मोहम्मद राफे उस्मानी ने नमाज-ए-जुमा अदा कराई इनके अलावा शहर व देहात की सभी प्रमुख जामा मस्जिदों में अकीदतमंदों ने जुमा की नमाज अदा कर देश में अमनो अमान और समृद्धि के लिए दुआएं की। मस्जिद-ए-रशीदिया में नमाज के बाद खिताब करते हुए मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने कहा कि माह-ए-रमजान में ही कुरआन को पैगंबर मोहम्मद पर अता किया गया। उन्होंने अकीदतमंदो से कहा कि रमजान का पहले की इबादत पूरी हो चुकी है। अब दूसरें अशरे की इबादत बिना किसी गफलत के ओर मेहनत के साथ कर अपने रब को राजी करना चाहिए। दारुल उलूम की छत्ता मस्जिद में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमे रमजान में अपने गुनाहो की तलाफी कर लेनी चाहिए। कहा कि पूरी ताकत के साथ कोशिश करें कि हमसे अल्लाह की नाफरमानियां न हो। साथ ही जन्नत की तलब करनी चाहिए। नगर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मस्जिदों व चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। उधर, देहात क्षेत्र से आए भारी संख्या में अकीदतमंदों ने जुमा की नमाज के ईद के लिए जमकर खरीदारी की। जिसके चलते बाजारों में खरीदारी से दुकानदारों के चेहरे खिले रहे।





# घर-घर यज्ञ मुहिम को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**देवबन्द।** आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वैदिक धर्म जागृति सम्मेलन एवं शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वतंत्रता आंदोलन, नारी शिक्षा, सामाजिक समरसता तथा कुरीतियों के उन्मूलन में आर्य समाज के महत्वपूर्ण योगदान का बखान हुआ। इस दौरान वैदिक यज्ञ हुआ और घर-घर यज्ञ मुहिम को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं तथा अतिथियों को सम्मानित किया गया। जिला आर्य उप प्रतिनिधि के तत्वावधान में स्टेट हाइवे स्थित एक सभागार में हुए कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद ने कहा कि यदि भारत को पुन: विश्वगुरु बनाना है तो वसुधैव कुटुंबकम की भावना को समाज में सशक्त करना होगा। देश की उन्नति और प्रगति का मार्ग सामा. जिक सौहार्द, समरसता और नैतिक मूल्यों से होकर गुजरता है। आर्य समाज द्वारा जातिवाद, सांप्रदायिकता, धार्मिक अंधविश्वास, नारी उत्पीडन, नशाखोरी जैसी कुरीतियों से मुक्त समाज के निर्माण का सतत प्रयास किया जा रहा है। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आजादी के आंदोलन में आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एक वर्ष में विभिन्न संगठनों के माध्यम से एक लाख युवाओं को आर्य समाज से जोडने का लक्ष्य रखा गया है। अनूप राठी, अशोक बहादुर व चौधरी विपिन आर्य ने भी आर्य समाज द्वारा किए जा रहे कार्य बताए। अमरेश शास्त्री ने यज्ञ संपन्न कराया। स्वामी शांतनु महाराज, कृष्णानंद स्वामी, महीपाल आर्य, डा. सुरेंद्र आर्य, जनेश्वर प्रसाद, अजब सिंह, राजबीर आर्य, अवनीश आर्य, रामकिशोरी आर्य, मांगेराम आर्य, देवेंद्र आर्य, मुकेश आर्य आदि शामिल रहे।



# सीडीओ ने किया खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने गुरुवार को देवबंद स्थित खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का शत-प्रतिशत अनुश्रवण कराए जाने को निर्देशित किया। साथ ही सरकार द्वारा विकासकारी योजनाओं को परिसर की दीवारों पर पेंटिंग कराए जाने को निर्देशित किया।

सीडीओ सुमित राजेश महाजन ने देवबंद विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर में निष्प्रोज्य आवासो के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई को निर्देशित करते हुए परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयो में भ्रमण करते हुए अभिलेखो और पत्रावलियों को उध्यतन कराए जाने को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने शासकीय पद्धति को पेपर लैस ऑफिस परिवर्तित किए जाने के उद्देश्य से कार्यालय में पत्रावलियों का व्यवहार एवं पत्राचार अनिवार्य रुप से ई-आफिस के माध्यम से कराए जाने को निर्देशित किया। सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को जनता दर्शन में प्राप्त समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए जाने और आईजीआरएस पर प्राप्त संदर्भो का स्वंय अनुश्रवण करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण कराए जाने को निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने परिसर में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के फाईलो के रखरखाव सुव्यस्थित ढ़ंग से कराए जाने को भी निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में लगे वाटर कूलर के बंद मिलने पर उसको तुरंत ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को 15 दिनों में दिवारों पर लिखवाने और परिसर में चल रहे कैंटिन को कैफे में परिवर्तित करने को भी निर्देशित किया। इस दौरान बीडीओ अमित नारंग, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, एडीओ समाज कल्याण सहित सभी सचिव आदि मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों ने किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भायला पिजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

ग्राम भायला कलां में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार के मार्गदर्शन में चलाया गया। छात्र एवं छात्राओं ने दोपहिया वाहन चालकों को समझाया कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें ,यह हमारे जीवन के लिए आवश्यक है।कार चालकों को समझाया की कार चलते समय सीट बेल्ट अवश्य पहनें,निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, ओवर स्पीड कभी न चले। अपनी गाड़ी का होरन और लाइट हमेशा ठीक रखें , रात में वाहन चलाते समय डिपर का प्रयोग अवश्य करें।वाहन चलाते समय नशा ना करें गलत साइड से कभी ओवरटेक ना करें।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलने का उद्देश्य यही है की सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी नियमों की जानकारी हो जिससे वह स्वयं भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखें और सड़क पर दुर्घटनाएं कम से कम हो। रिया, प्राची, साक्षी, संजना, खुशी आदि छात्राएं व कॉलेज का समस्त स्टाफ शिविर में शामिल रहा। शिविर का संचालन तुषार राणा महाविद्यालय प्रवक्ता ने किया।




# त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं: पालिकाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते है। सभी त्योहारो को आपस में मिल जुलकर मनाना चाहिए।

पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ देवबंद शाखा के तत्वावधान में वाल्मीकि बस्ती में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने आशवस्त किया कि होली से पूर्ण कर्मचारियों की सैलरी उनके खाते में पहुंच जाएगी। ताकि कर्मचारियों को होली का त्योहार मनाने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ने महिला सफाई कर्मचारियों को पटका पहनाकर सम्मानित करने के साथ उन्हें होली पर्व की सफाई कर्मचारी एवं यूनियन के पदाधिकारी के साथ पुष्पों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, मेला चेयरमैन विपिन त्यागी, नगर उपाध्यक्ष राहुल वाल्मीकि, महामंत्री राम मोहन सैनी, विनय कुचल, अजय गर्ग, मनीष कश्यप, भारतीय सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील झुंझरवाल, महामंत्री अविनाश वाल्मीकि,उपाध्यक्ष सुनील मुहाने गौतम मनीष आरूण रोबिन सनी लहरी रोहित कपिल अहमद मोबीन देवेंद्र संतरपाल नंदकिशोर सतीश लहरी वासुराज अशोक तनिष्क बिरला अनद झंझरवाल विशाल पीवाल गीता भारती प्रिया कुसुम कौशल आशा सीमा सोनिया भारती पूजा लहरी आदि शामिल रहे।





# युवती ने वीडियो वायरल कर मांगी माफी

**नांगल सोती।** गांव पूंडरी कलां निवासी कुछ लोगों द्वारा एक युवती को उसके पति की जमानत कराने का झांसा देकर ग्राम प्रधान के पति पर दुष्कर्म का आरोप लगवाया था। मामले में अब युवती वीडियो जारी कर प्रधान पति से माफी मांग रही है और दुष्कर्म के आरोप को झूठा बता रही है। कश्मीर की एक युवती का निकाह गांव पूंडरी कलां में हुआ था। युवती का पति जेल में बंद है। युवती ने कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान के पति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले में ग्राम प्रधान के पति की ओर से कई लोगों के खिलाफ पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# रमजान माहः मुहब्बत, प्यार व भाईचारे का देता है पैगाम : अब्बास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** रमजान उल मुबारक रहमत, बरकत और इंसानियत का महीना है। यह महीना हमें सब्र, शुक्र और आपसी हमदर्दी का पैगाम देता है। रोजा सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि अपने दिल को साफ करने और समाज के कमजोर तबके का एहसास करने का नाम है। आजकल देखने में आ रहा है कि रमजान के दौरान कई रेस्टोरेंट और खासकर चिकन व अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों के मालिक अपने कारोबार के प्रचार-प्रसार के लिए यू-ट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। इफ्तार के खास पैकेज, महंगे पकवान और सजी-धजी दावतों के वीडियो और तस्वीरें बड़े स्तर पर साझा की जा रही हैं। दूसरी ओर, हमारे समाज में ऐसे भी बहुत से लोग हैं जिनके पास इफ्तार के लिए भरपेट खाना तक उपलब्ध नहीं है। कई परिवार रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में जब अमीर तबका अपने दस्तरखान की भव्य तस्वीरें और महंगे व्यंजनों की नुमाइश सोशल मीडिया पर करता है, तो यह जरूरतमंद लोगों के दिलों को ठेस पहुंचा सकता है। रमजान का असली मकसद दिखावा नहीं, बल्कि सादगी और इंसानियत है। इस पाक महीने में हमें चाहिए कि हम अपने आस-पास के गरीब और जरूरतमंद लोगों का खास ख्याल रखें। अगर अल्लाह ने हमें नेमतों से नवाजा है, तो उसका शुक्र अदा करने का सबसे बेहतर तरीका यही है कि हम दूसरों के साथ बांटकर खाएं। सभी से गुजारिश है कि इफ्तार की तस्वीरें और शानो-शौकत का प्रदर्शन करने से बचें। इसकी बजाय अगर किसी जरूरतमंद की मदद की तस्वीर साझा करनी हो, तो वह भी बिना दिखावे के करें। कोशिश करें कि रमजान के इस मुकद्दस महीने में ज्यादा से ज्यादा सादगी अपनाएं और अपने आसपास ऐसे लोगों तक मदद पहुंचाएं जिन्हें इसकी सख्त जरूरत है। रमजान हमें बराबरी, भाईचारे और मुहब्बत का पाठ पढ़ाता है। आइए, इस महीने की रूह को समझें और समाज में मोहब्बत, हमदर्दी और एक-दूसरे के जज्बात का सम्मान करने की मिसाल कायम करें।



# खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम-खम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** देव भूमि संस्थान, सहारनपुर परिसर में दो दिवसीय एचपी बंसल स्मारक वार्षिक खेल. कूद प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के बीटेक, एमबीए, एमबीएआईटी, पॉलिटेक्निक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम व फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बास्केटबॉल जैसे आधुनिक खेलों के साथ-साथ भारत के पारंपरिक खेलोंकृरस्साकशी, पंजा कुश्ती, खो-खो और कबड्डीकृको भी विशेष स्थान दिया गया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद तथा रिले दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन सर्व संजय जी बंसल एवं कर कमलों द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर तथा खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर किया गया। तिरंगे रंग के गुब्बारों से आसमान भी देशभक्ति के रंग में रंग गया। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

इसके बाद सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। संस्थान के निदेशक डॉ। दीपक राज ने स्वयं बास्केटबॉल कोर्ट पर छात्रों के साथ खेलकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रथम चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। द्वितीय चरण में ट्रैक एंड फील्ड की प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गईं। बैडमिंटन में 205 खिलाड़ियों ने भागीदारी की, जबकि शतरंज और कैरम सहित इंडोर गेम्स में लगभग 165 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों का उत्साह देखने लायक था।

शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों का आनंद लिया। संस्थान प्रशासन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक और मान. सिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, और खेलकूद राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव ने संस्थान परिसर को उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से सराबोर कर दिया।



# आरवीआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**बिजनौर।** आर वी इंस्टीट्यूट ऑफ पार्मेसी बिजनौर के बी. फार्मा तृतीय सेमेस्टर, पंचम सेमेस्टर और सप्तम सेमेस्टर का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। तृतीय सेमेस्टर से दानिया जिया ने 79.58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, देव कुमार ने 75.73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आफरीन खातून ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पंचम सेमेस्टर से साजिया परवीन ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अकरम अली ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं सौम्या द्विवेदी ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सप्तम सेमेस्टर से खुशी सिंह ने 87.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रोशनी कुमारी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अंकिता मिश्रा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए। प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल और फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा.हितेश कुमार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम जठ नगला निवासी गजराज पुत्र हरिश्चंद रेलवे ट्रैक के समीप मौजूद था। तभी अचानक मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हायर सेंटर ले जाते समय युवक की मौत हो गई।

# शिक्षकों ने बीएसए को पत्र सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से मिलकर उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने अनावश्यक रूप से सीसीएल निरस्त ना करने तथा निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का अनावश्यक उत्पीड़न बंद कराने, ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को उचित सम्मान दिये जाने, हाईकोर्ट द्वारा मौहम्मद यामीन बनाम उत्तर प्रदेश सरकार याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में मृतक आश्रित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाए जाने की मांग की। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# मौलाना इजहार ने बताई रमजान माह की खास फजीलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** माहे रमजान के दूसरे जुमे के दिन शहर की शिया जामा मस्जिद अंसारियान के पेश इमाम मौलाना इज़हार हैदर ने कहा कि त्योहार कोई भी हो और किसी का भी हो प्यार, मुहब्बत व भाईचारे का ही पैगाम देता है। शिया जामा मस्जिद में रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज के दौरान अपने खुतबे में मौलाना इज़हार ने कहा कि रमजान का मुकद्दस महीने का ऐहतराम करना चाहिए। यह महीना सभी गुनाहों को माफ कराने का जरिया है। मस्जिद में पहुंचे नमाजियों को मौलाना इज़हार ने अल्लाह की राह में खर्च करने की फजीलत को भी बयान किया और बताया कि अल्लाह के रास्ते में खर्च किए गए माल को अल्लाह तआला सात सौ गुना बदला देंगे और कई लोगों को खुलूसे नियत की बिना पर उससे भी ज्यादा मिलेगा। उन्होंने कहा कि माहे रमजान में एक-दूसरे का अदबो अहतराम करें। यह महीना सभी गुनाहों को माफ कराने का एक जरिया है।

जिसमें खुदा अपनी रहमत के सभी दरवाजे खोल देता है। उन्होंने कहा कि त्योहार किसी भी धर्म व मजहब के मानने वाले का हो वे सभी आपसी भाईचारे व प्यार-मुहब्बत का पैगाम देते हैं। इसलिए हम सभी को एक-दूसरे से नफरत नहीं करनी चाहिए और मेल मिलाप से रहना चाहिए। यही हमारा इस्लाम मजहब भी सिखाता है।



मौलाना इज़हार

# थाना परिसर में बैठक

**स्योहारा।** आगामी होली तथा रमजान माह के दौरान आने वाले ईद-उल-फितर पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने की, जिसमें नगर के विभिन्न धर्मों, संगठनों व सामाजिक प्रति. निधियों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति नगर की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास न करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों के सहयोग से होली और ईद के त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है, किंतु यदि कोई अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्पीड ब्रेकर से राहगीरों को परेशानी

**नांगल सोती।** मंडावली मार्ग पर सराय आलम नहर पुलिया के निकट लोक निर्माण विभाग द्वारा कांवड़ यात्रा से पहले स्पीड ब्रेकर बनाए गये थे। कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद भी स्पीड ब्रेकर नहीं हटाए गए हैं। भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर सिंह, राजवीर काकरान, उज्जवल, पुनीत, मुनेंद्र आदि ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन एई एमएस पांडेय को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राहगीर आए दिन स्पीड ब्रेकर पर गिरकर घायल हो रहे हैं। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में गन्ना वाहनों का आवागमन होता है। स्पीड ब्रेकर से संबंधित कोई संकेतक नहीं होने से रात्रि में दोपहिया वाहन हादसे का शिकार हो रहे हैं।

# विभूति खन्ना रही प्रथम स्थान पर

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी की छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुन: सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र प्रीतम को गलत संगत व आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेन देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

रामदास पुत्र केसरिया
निवासी ग्राम शेखपुर,
रसूरपुर टांक देवबंद (सहारनपुर)

# श्रीलंका के खिलाफ पाक का करो या मरो मैच



● **सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए पाक के लिए श्रीलंका को हराना जरूरी**

**पल्लेकेले, वार्ता।** यह सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं है। यह जिंदा रहने का टेस्ट है। पाकिस्तान टी 20 वर्ल्ड कप के अपने आखिरी सुपर 8 मैच में यह जानते हुए उतरेगा कि सिर्फ जीत काफी नहीं होगी। शनिवार शाम को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में, उन्हें अपने सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए श्रीलंका को हराना होगा - और उन्हें आसानी से हराना होगा। नेट रन रेट अब पाकिस्तान का सबसे बड़ा विरोधी है। एक बारिश के पानी में डूबा मैच और सुपर 8 स्टेज में पहले मिली हार के बाद, पाकिस्तान हार के कगार पर है। उनका समीकरण बहुत मुश्किल है: बड़ी जीत, और उम्मीद है कि इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हरा देगा। इससे कम कुछ भी, और कैंपेन खत्म हो जाएगा। इस दबाव ने इस मुकाबले को टूर्नामेंट के सबसे ड्रामैटिक मैचों में से एक बना दिया है। इसके उलट, श्रीलंका पहले ही बाहर हो चुका है। फिर भी यह उन्हें और खतरनाक बना सकता है। खोने के लिए कुछ नहीं होने और घर की इज्जत दांव पर होने के कारण, उनके पास पाकिस्तान को कॉम्पिटिशन से बाहर करने का मौका है।

जाहिर है, सबकी नजरें साहिबजादा फरहान पर होंगी, जो इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के सबसे धमाकेदार बैट्समैन हैं। 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 283 रन बनाकर, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में तेज शुरुआत दी है। अगर वह पावरप्ले में फिर से हावी हो जाते हैं, तो पाकिस्तान 180 से ज्यादा के टोटल की ओर बढ़ सकता है, जिसकी उन्हें सख्त जरूरत है। अगर वह जल्दी आउट हो जाते हैं, तो जरूरी तेजी से मिडिल ऑर्डर की पोल खुल सकती है, जो दबाव में कमजोर दिखा है। कप्तान सलमान आगा को बाबर आजम और फखर जमान से भी अच्छे योगदान की उम्मीद होगी, जबकि अगर पाकिस्तान बड़े टोटल का पीछा कर रहा है या उसे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, तो शादाब खान और मोहम्मद नवाज का फिनिशिग रोल बहुत जरूरी हो जाता है। श्रीलंका की उम्मीदें पथुम निसंका और कुसल मेंडिस पर बहुत ज्यादा टिकी होंगी। निसंका की टूर्नामेंट में पहले नाबाद सेंचुरी ने दिखाया कि वह अकेले दम पर मैच जिता सकते हैं। मेंडिस उनकी बैटिग की रीढ़ रहे हैं, उनका एवरेज 40 है और तीन फिफ्टी हैं। अगर दोनों चल गए, तो पाकिस्तान का सेमीफाइनल का हिंसाब जल्दी बिगड़ सकता है। पल्लेकेले की पिच पर आम तौर पर 150-170 के बीच का मुश्किल टोटल बनता है, लेकिन अगर पाकिस्तान पहले बैटिग करता है तो उसका टारगेट काफी बड़ा होगा। दोनों टीमों के स्पिनर्स से बीच के ओवरों में असर डालने की उम्मीद है, खासकर जब लाइट्स में पिच धीमी हो जाती है। टॉस अहम साबित हो सकता है, क्योंकि बादल छाए रहने पर कप्तान पहले फील्डिंग कर सकते हैं। शुरुआती विकेट न सिर्फ मैच तय कर सकते हैं - बल्कि आखिरी चार में जगह भी तय कर सकते हैं। पाकिस्तान के लिए, दांव आसान लेकिन मुश्किल हैं।

श्रीलंका टीम: पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरिथ असालंका, कामिडू मेंडिस, दासुन शनाका, दुनिथ वेल्लालेज, महेश थीक्षाणा, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, पवन रत्नायके, नुवान तुषारा, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, मथीशा पथिराना।

पाक टीम: साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान आगा, बाबर आजम, फखर जमान, उस्मान खान, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी, उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सलमान मिर्जा, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान।

# अपनी लय वापस पाकर खुश हैं हार्दिक पांड्या



चेन्नई, वार्ता। हार्दिक पांड्या ने कहा है कि टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ स्टेज में जिम्बाब्वे पर भारत की 72 रन की जीत में मैच जिताने वाला ऑलराउंड प्रदर्शन करने के बाद वह अपनी लय वापस पाकर खुश हैं। 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाने और फिर तीन ओवर में 21 रन देकर अच्छा स्पैल करने वाले पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पांड्या ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि काफी खुश हूं। यह 23-बॉल-50 जैसा लगता है, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भी स्थिति को फिर से देखना पड़ा। मुझे लगा कि मैं बहुत जोर से हिट करने की कोशिश कर रहा था। और बस गेम में, मुझे एहसास हुआ कि मैं बॉल को टाइम कर सकता हूं और छक्के भी मार सकता हूं। रिदम जारी रखने के लिए यह एक अच्छा गेम था क्योंकि मुझे लगता है कि कुछ गेम में मैं वह नहीं कर पाया जो मैं करना चाहता था। जब पूछा गया कि क्या टीम दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच पहले हुए मैच पर नजर रख रही थी, तो पंड्या ने माना कि खिलाड़ियों को हालात के बारे में पता था लेकिन वे अपनी परफॉर्मेंस पर फोकस कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जाहिर है, हम सब नजर रख रहे थे। अब यह सब अच्छा क्रिकेट खेलने, अपनी स्किल पर भरोसा करने, प्रेशर झेलने और यह पक्का करने के बारे में है कि आप अपना बेस्ट दें। हम नजर रख रहे थे, लेकिन जब वह गेम खत्म हो गया, तो हमने इस बात पर फोकस किया कि यह हमारा गेम है। भारत ने बैटिंग करने के बाद 4 विकेट पर 256 रन बनाकर टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा टोटल बनाया। अभिषेक शर्मा (55) और संजू सैमसन (24) ने पावरप्ले में जबरदस्त शुरुआत दी। ईशान किशन (38) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने बीच के ओवरों में मोमेंटम बनाए रखा।

## खेल विशेष

### विंडीज के खिलाफ रविवार का मैच जबरदस्त होगा : गावस्कर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया, जिसमें अभिषेक शर्मा और हार्दिक पांड्या की हाफ-सेंचुरी ने कमाल कर दिया, और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल की तैयारी कर ली। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने प्लेइंग ग्ग में भारत के बदलावों की तारीफ की, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की पारियों की तारीफ की, और वेस्टइंडीज की जबरदस्त बैटिंग के खतरे के बारे में चेतावनी दी। गावस्कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की वापसी की तारीफ की कि भारत ने दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद जिम्बाब्वे पर शानदार जीत के साथ जबरदस्त वापसी की।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उस हार के अंतर ने खिलाड़ियों को हिला दिया होगा, लेकिन उन्होंने सिकंदर रजा की टीम के खिलाफ इसका पॉजिटिव इस्तेमाल किया और जबरदस्त वापसी की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद, इस बात पर बहस हुई कि भारत को प्लेइंग ग्ग में बदलाव करने चाहिए या नहीं और उन्होंने दो बदलाव किए और दोनों ही काफी अच्छे रहे। संजू सैमसन ने फिफ्टी नहीं बनाई, लेकिन भारत को जबरदस्त शुरुआत दी। इससे पहले, ओपनर डक पर आउट हो रहे थे, अभिषेक शर्मा तीन मैचों में जीरो रन पर आउट हो गए, जबकि ईशान किशन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बिना रन बनाए आउट हो गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ, सैमसन ने तेजी से 24 रन बनाए। उन्होंने और अभिषेक ने पावरप्ले में 10 से ज्यादा रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए, जो शानदार था। बॉलिंग में भी सुधार हुआ। अक्षर पटेल ने चीजों को संभाला और एक विकेट लिया, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं मिला था।



# जे-के का रणजी चैंपियन बनना पक्का

## सकारात्मक सोच से एक और सफल रणजी सीजन खेलने में मदद मिली : आकिब नबी

**हुबली, वार्ता।** जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक से फॉलोऑन न करा कर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और रणजी फाइनल के चौथे दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बना लिए हैं। जम्मू-कश्मीर ने इस तरह अपनी कुल बढ़त 477 रन पहुंचा कर खिताब पर पहली बार कब्जा करना पक्का कर लिया है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक को पहली पारी में 293 रन पर समेटने के बाद फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने नाबाद 94 रन बनाए, जबकि अब्दुल समद ने 32, कप्तान पारस डोगरा ने 16 और साहिल लूथरा ने नाबाद 16 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां कर्नाटक ने कल के पांच विकेट पर 220 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में साहिल लूथरा ने कृतिक कृष्णा (36) को पगबाधा आउट कर जम्मू-कश्मीर को छठी सफलता दिलाई। विद्याधर पाटिल (11) सुनील कुमार का शिकार बने। 91वें ओवर में आकिब नबी ने एक छोर थामे रन बना रहे शतकवीर मयंक अग्रवाल को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। मयंक अग्रवाल ने 266 गेंदों में 21 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। शिखर शेट्टी (शून्य) को नबी ने आउट किया। 94वें ओवर की तीसरी गेंद पर युद्धवीर सिंह चरक ने प्रसिद्ध कृष्णा (चार) को आउट कर 293 के स्कोर पर कर्नाटक की पहली पारी का अंत कर दिया। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। युद्धवीर सिंह चरक और सुनील कुमार को दो-दो विकेट मिले। साहिल लूथरा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। वहीं अपनी शानदार गेंदबा. जी से जम्मू -कश्मीर को पहले रणजी खिताब के करीब पहुंचा चुके तेज गेंदबाज आक्बि नबी ने कहा कि नतीजों के बारे में सोचने के बजाय सकारात्मक सोच बनाए रखनेष से उन्हें एक और शानदार रणजी ट्रॉफी सीजन खेलने में सफलता मिली है। नबी ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ तीन विकेट लिए और चौथे दिन उसे पंजे में बदला। इससे जम्मू और कश्मीर ने इस मैच में पहली पारी की बढ़त सुनिश्चित की और उसका पहला रणजी खिताब जीतना भी तय हो गया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नबी का स्वप्निल प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। पिछले दो सीजन में उनके नाम 13-58 की औसत से 108 विकेट हैं। इनमें से 60 विकेट मौजूदा रणजी सीजन में आए हैं, जो इस सीजन संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। उन्होंने हुबली में कर्नाटक के खिलाफ तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा कि मैंने अपनी स्किल्स पर कोचों के साथ और नेट्स में खुद भी काफी मेहनत की है। मैंने नतीजों के बारे में सोचने की बजाय सकारात्मक सोच रखी।

# किदांबी श्रीकांत बाहर भारत का अभियान खत्म

● **चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-ई से सिफ 32 मिनट में हार गए किदांबी श्रीकांत**

**मुल्हेम एन डेर रूहर, वार्ता।** जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-ई से सिर्फ 32 मिनट में 21-14, 21-9 से हार गए।

ताइवानी शटलर के खिलाफ इतने ही हेड-टू-हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था। श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, लिन ने धीरे-धीरे वापसी की, कमी को दूर करते हुए 12-10 से आगे हो गए और फिर आराम से पहला गेम जीत लिया। इंटरवल के बाद ताइवानी शटलर का मोमेंटम मजबूत रहा, उन्होंने दूसरे गेम में 7-1 की बढ़त बना ली और पूरे गेम में कंट्रोल बनाए रखा, जिससे श्रीकांत वापसी नहीं कर पाए। इंडियन खिलाड़ी ने इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के बाद इस टूर्नामेंट में एंट्री की थी और इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भी देश को रिप्रेजेंट किया था। बुधवार को जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, मालविका बंसोड़ और किरण जॉर्ज के पहले राउंड से बाहर होने से भारत की चुनौती पहले ही कम हो गई थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

● **जॉर्जिया वॉल ने नाबाद 101 रनों की पारी खेली, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को पांच विकेट से हराया**



जॉर्जिया वॉल का फाइल फोटो

**होबार्ट, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 101) और फीबी लिचफील्ड (88) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को भारत को 83 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत के 251 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को काश्वी गौतम ने पांचवें ओवर में एलिसा हीली (नौ) को बोल्ड कर पहला विकेट झटका। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जॉर्जिया वॉल ने फीबी लिचफील्ड के साथ दूसरे विकेट के लिए 119 रन जोड़कर अपनी टीम के लिए जीत की नींव रखी। 20वें ओवर में क्रांति गौड़ ने शतक की ओर बढ़ रही फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। फीबी लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 88 रन बनाए। 31वें ओवर में काश्वी गौतम ने शतक बना चुकी जॉर्जिया वॉल को श्री चरणी के हाथों कैच आउट करा दिया। जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 101 रनों की पारी खेली। बेथ मूनी (31) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। पांचवें विकेट के रूप में ऐनाबेल सदरलैंड (10) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 36-1 ओवर में पांच विकेट पर 252 बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। भारत के लिए दीप्ति और काश्वी ने दो-दो विकेट लिए। क्रांति ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले प्रतिका (52) और कप्तान (54) की पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने दूसरे वनडे मुकाबले में नौ विकेट पर 251 रन का स्कोर बनाया था।

# गांगुल ने आकिब नबी की जमकर तारीफ की



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी कैंपेन और तेज गेंदबाज आकिब नबी की जमकर तारीफ की, और नेशनल सिलेक्शन के लिए इस युवा खिलाड़ी का साथ दिया। म्मू-कश्मीर ने दुनिया को दिखाया है कि कोशिश और इरादा क्या कर सकते हैं। उन्होंने उस इलाके को उन पर गर्व महसूस कराया है। मुश्किल माहौल लोगों को मुश्किल बनाता है। आकिब नबी नेशनल टीम की तरफ बढ़ रहे हैं। गर्मियों में इंग्लैंड से शुरुआत करनी चाहिए, गांगुली ने एक्स पर यह बात लिखी, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर को टैग किया। नबी मौजूदा रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे शानदार परफॉर्मर रहे हैं, 10 मैचों में 12-56 की जबरदस्त औसत से 60 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, जिसमें सात बार पांच विकेट लेना भी शामिल है।

हुबली में कर्नाटक के खिलाफ फाइनल में, नबी ने एक और अहम स्पेल किया, पहली इनिंग में 54 रन देकर 5 विकेट लिए। उनकी कोशिश से आठ बार की चैंपियन टीम 93-3 ओवर में 293 रन पर ऑल आउट हो गई, जबकि जम्मू-कश्मीर ने 584 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। चौथे दिन पांच विकेट पर 220 रन से आगे बढ़ते हुए, कर्नाटक ने अपने आखिरी पांच विकेट सिर्फ 73 रन पर गंवा दिए।

# भारतीय पहलवान प्रियांशी ने रजत और मुस्कान ने जीता कांस्य पदक

● **अंडर-23 एशियन चैंपियन प्रियांशी प्रजापत ने कजाकिस्तान की बयानोवा को हराया**

**तिराना (अल्बानिया), वार्ता।** भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत और मुस्कान ने मुहामेत मालो 2026 में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।

अंडर-23 एशियन चैंपियन भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उन्हें फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की जेनिप बयानोवा से 13-2 से हार का सामना करना पड़ा। यह 21 वर्षीय प्रियांशी का यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग की रैंकिंग सीरीज में पहला पदक है। प्रियांशी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एरिन गोल्स्टन को 10-2 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने न्यूट्रल एथलीट वलेरिया तिउकपिकोवा को पिन कर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती मुकाबले में प्रियांशी ने ब्राजील की ओलिवेरिया डी फ्रेइटास को टेक्निकल सुपीरियॉरिटी से मात दी थी। वहीं 19 वर्षीय मुस्कान, जो पूर्व अंडर-17 विश्व चैंपियन हैं उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया।

कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अमेरिका की केंद्रा रयान को 10-0 से हराया। सेमीफाइनल में मुस्कान को जेनिप बयानोवा से 12-1 से हार मिली थी, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए पदक सुनिश्चित किया। यह मुस्कान का इस महीने दूसरा रैंकिंग सीरीज पदक है। इससे पहले उन्होंने जाग्रेब ओपन में कांस्य पदक जीता था। उसी प्रतियोगिता में भारत की नीलम ने 50 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया था। हालांकि, गुरुवार का दिन भारत के लिए पूरी तरह परफेक्ट नहीं रहा।

# टीम इंडिया के जबरदस्त प्रदर्शन से सूर्या खुश

## भारत को अपने पहले सुपर-8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था

**चेन्नई, वार्ता।** बल्ले से थोड़ी देर के लिए कुछ खास करने के बाद, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पूरी टीम से बहुत खुश थे, जिन्होंने सबसे जरूरी मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि पिछली चैंपियन टीम ने कल रात यहां जरूरी मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया।

बैट्समैन ने बाएं हाथ के अभिषेक शर्मा की जबरदस्त हाफ सेंचुरी से शो जीत लिया, जिन्होंने तीन बार डक के बाद अपनी बड़ी हिटिंग स्किल में वापसी का इशारा दिया, और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या ने जिम्बाब्वे के अटैक का जमकर मजा लिया, जिससे इंडिया ने चार विकेट पर 256 रन बनाए, जो इंडिया का अब तक का सबसे बड़ा टोटल और टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। बाद में, बॉलर्स ने भी बैट्समैन के अच्छे काम में अपनी भूमिका निभाई और जिम्बाब्वे को छह विकेट पर 184 रन पर रोक दिया, जिससे इंडिया ने 72 रन के बड़े अंतर से जीत हासिल की और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें जिदा रखीं। भारत को अपने पहले सुपर आठ मुक. ाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पघ था। भारत का अगला मैच वेस्ट इंडीज के खिलाफ मशहूर ईडन गार्डन में एक तरह से क्वार्टरफाइनल नॉकआउट होगा, जिसमें जीतने वाला लास्ट फोर ग्रेड में पहुंच जाएगा।मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी बैट्समैन का योगदान देखकर खुशी हुई, उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ दिया (प्रोटियाज के खिलाफ हार)। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकती थी, लेकिन स्काई ने कहा कि जीत तो जीत होती है और कैरिबियन के खिलाफ नॉक आउट मुकाबले से पहले शिकंजा कसने की अहमियत के बारे में बात की। सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के बैट्समैन को भी पूरा क्रेडिट देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत स्मार्ट बैटिंग की, जिसमें ओपनर ब्रायन बेनेट 97 (8ग4, 6ग6) रन पर नाबाद रहे और एक ऐसे टारगेट का पीछा करते हुए अकेले ही आगे बढ़े जो नामुमकि. कन साबित हुआ। स्काई ने कहा कि हम सब कुछ पीछे छोड़ना चाहते थे, पिछला गेम, ग्रुप स्टेज। सभी बैट्समैन का योगदान था और यह देखकर खुशी हुई।हम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकते थे लेकिन जीत तो जीत होती है। हमें वेस्ट इंडीज मैच से पहले अपना शिकंजा कसने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं जिम्बाब्वे के बैटर्स से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। जिस तरह से उन्होंने बैटिग की, वह बहुत स्मार्ट थी। बॉलिंग के नजिरए से, हम और स्मार्ट हो सकते थे। जब हम ऐसे हालात में होते हैं, तो हमें हिम्मत दिखानी होती है। जब हम कोलकाता पहुंचेंगे तो हम प्लान के बारे में सोचेंगे। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि टीम अपने डिफेंसिव प्लान बेहतर तरीके से बना सकती थी और इंडियंस को लगभग 210-220 रन पर रोक सकती थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ओपनर्स ने पावर प्ले में बैटिग की, जिम्बाब्वे ने खुद को मौका दिया, लेकिन एक बार जब फील्ड फैल गई और रेगुलर इंटरवल पर स्ट्राइक करना शुरू कर दिया, तो चेज खत्म हो गया। रजा ने कहा कि पिछले गेम में 250 रन थे और बैटिग लाइन-अप में रश था। आज, हम पहले छह ओवर में शांत थे और हमने खुद को मौका दिया। बॉलिंग के बारे में उन्होंने कहा कि हम अपने डिफेंसिव प्लान थोड़े बेहतर बना सकते थे। एक बार जब ट्रेन चल पड़ती है, तो उसे रोकना मुश्किल होता है। हम उन्हें 210-220 तक रोक सकते थे और फिर क्या पता। बॉलिंग और फील्डिग में हम बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा कि पिछले गेम ने हमें सिखाया कि बड़े टोटल का पीछा कैसे करना है। कोई बहाना नहीं बनाना चाहता, लेकिन टीम में बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं, जो अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं, पहली बार इंडिया में खेल रहे हैं।

# चोट के चलते सोफी भारत के खिलाफ सीरीज से हुई बाहर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की सभी प्रारूपों की कप्तान सोफी मोलिनक्स पीठ की दिक्कत की वजह से भारत के खिलाफ बाकी बहु-प्रारूप सीरीज से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 28 साल की ऑलराउंडर होबार्ट में दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण नहीं खेल पाईं। मोलिनक्स ब्रिस्बेन में सीरीज के पहले मैच में खेली थीं, जिसमें उन्होंने पांच ओवर गें. दबाजी की और 17 रन देकर एक विकेट लिया था। इस चोट की वजह से अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उनका खेलना मुश्किल हो सकता है, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इशारा किया है कि सीरीज से पहले उनकी फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया का ऑल-फॉर्मेट कैप्टन बनाया गया था।

### रमजान मुबारक



**दसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.23 |
| | शिया | 5.14 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.20 |
| | शिया | 6.33 |

मुसलमान का अखलाक उसकी खास पहचान है।किसी मुसलमान की वजह से किसी को भी किसी भी तरह की तकलीफ नहीं पहुँचनी चाहिए। पैगम्बर ए इस्लाम के फरमान पर गौर करें तो अखलाक की अहमियत पता चलती है।आपने हर किसी के हक बताए और बराबरी का पैगाम दिया। इसलिए ऐसा कोई भी काम न करें जो किसी के लिए परेशानी का सबब बने।

**कुरआन करीम**

# मुस्लिमों ने की जुमे की नमाज अदा, डीएम एसएसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पवित्र रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज जनपद भर की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाजियों ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगीं। जिलाधिकारी मनीष बंसल व एसएसपी अभिनंदन सिंह ने जामा मस्जिद पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नगर के चौक फव्वारा स्थित प्रमुख जामा मस्जिद में नमाज के दौरान विशेष पुलिस बल तैनात रहा। मस्जिद के कारी अरशद गोरा ने नमाज अदा कराई तथा रमजान माह के महत्व और उसके आध्यात्मिक संदेश पर प्रकाश डाला। नमाज के बाद नमाजियों ने देश में शांति, सौहार्द और तरक्की की कामना की। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह जामा मस्जिद पहुंचे। उन्होंने तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और नमाजियों से भी संवाद कर उनकी सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष जताया। जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी ने व्यवस्थाओं में पूर्ण योगदान दिया।

प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई तथा प्रमुख मस्जिदों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। जनपद की अन्य मस्जिदों में भी शांतिपूर्ण माहौल में जुम्मे की नमाज अदा की गई। प्रशासन ने नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और त्यौहारों को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

**नकुड़।** माहे रमजान के दूसरे जुमे पर कस्बे का माहौल पूरी तरह रूहानियत में डूबा नजर आया। नगर की शाही जामा मस्जिद सहित प्रमुख









मस्जिदों में अकीदतमंदों ने पुरसुकून वातावरण में जुमे की नमाज अदा की। नमाज के बाद रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर अपने गुनाहों की तौबा मांगी और मुल्क की अमन-ओ-सलामती व तरक्कघी के लिए खास दुआएं की।

शुक्रवार को नगर की शाही जामा मस्जिद में हजारों नमाजियों ने मस्जिद के खघ्तीब मौलाना मुनव्वर हुसैन की इमामत में जुमे की नमाज अदा की। नमाज से पूर्व अपने खुत्बे में उन्होंने जकात की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि जकात अदा करना हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान पर फर्ज है। जकात देने से समाज में बराबरी व भाईचारे की भावना मजबूत होती है। जकात में कोताही बरतने के दुष्परिणामों पर भी उन्होंने खुलकर बयान किया। इसके अलावा लक्कड़ वाली मस्जिद, शेख जादगान मस्जिद, मरकज मस्जिद बंजारान, इमली वाली मस्जिद, कघ्लंदर वाली मस्जिद, मदनी मस्जिद, पीर वाली मस्जिद, हमजा मस्जिद, उमर मस्जिद, बस स्टैंड वाली मस्जिद और जोगियान मस्जिद में भी अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद बाजारों में रौनक बढ़ गई। रोजेदारों ने इफ्तार और सहरी के लिए जमकर खरीदारी की।

साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने सुबह से विशेष अभियान चलाया, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष शाहनवाज खान, सभासद जुनैद असगर, सभासद पति हसीब निजामी, सभासद फरमान निजामी, सभासद आमिर कुरैशी, सभासद अमीर आलम, पूर्व सभासद अरशद निजामी, इरशाद निजामी, डॉक्टर इदरीस अहमद, नासिर अंसारी आदि मौजूद है।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे मुकद्दस रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज हजारो नमाजियों ने अकीदत के साथ अदा की नमाज के बाद हजारों हाथ अल्लाह की बार गाह में उठाकर मुल्क में अमनो अमान, खुशहाली व तरक्की के साथ-साथ कौम की सलामती के लिए दुआएं माँगी। रोजेदारों मे काफी उत्साह देखने को मिला नमाज के बाद रोज. ेदारों ने ईद की तैयारी को लेकर खरीदारी भी की गई।इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से मस्जिदों के आस पास कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे। आज मुकद्दस रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज नगर की शाही जामा मस्जिद में शाही इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी, बस स्टैंड शेखों वाली मस्जिद में मुफ्ती असजद अली, मस्जिद जाहिदिया वाली मस्जिद में मुफ्ती आमिर, थाने के बराबर मे मस्जिद अबूबकर में कारी सनाउल्लाह, मनिहारान मस्जिद में मुफ्ती शादाब अहमद ने इमामबाड़े वाली अलीशान मस्जिद में कारी तस्लीम, मनिहारान मस्जिद में मुफ्ती तकी उल्लाह खान, मदरसा कसरुल उलूम में काजी साजिद कुरैशी, मस्जिद उमर फारूक में कारी उस्मान ने जुमें की नमाज अदा कराई । नमाज के बाद हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में कौम की सलामती व मुल्क में अमनोअमान, खुशहाली व तरक्की के लिए दुआ के लिए उठे। नगर के अलावा गांव संसारपुर, कलसिया, , रायपुर, बाद शाहीबाग, ताजपुरा, मुजफ्फराबाद, मगनपुरा, ताजपुरा, सलेमपुर, दबकोरा, मुजफ्फराबाद, जसमौर, कुरड़ीखेड़ा आदि गाँवो में भी मुकद्दस रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस फोर्स के साथ मस्जिदों के आस पास तैनात रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस बल गश्त करता रहा। नमाज के बाद रोजेदारों ने ईद की तैयारी को लेकर जमकर खरीदारी की गई। भीड़ भाड़ वाले बाजारों मे पुलिस तैनात रही।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में रमजान मुबारक के दूसरे जुमा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदो के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

नगर की मस्जिदों में रमजान मुबारक के दूसरे जुमा की नमाज अदा करने के बाद सभी अकीदतमंदों ने हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, सलामती, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के लिए दुआएं मांगी। जामा मस्जिद कुरैशियान चिलकाना के इमाम मौलाना मुअव्वज ने बताया कि रोजा रखने के साथ साथ नमाज पढ़ना भी जरूरी है। रोजा का मतलब सिर्फ भूखा प्यासा रहने से नही है बल्कि हर बुरे काम से बचने का मतलब रोजा है, गलत देखना, गलत सुनना व गलत बोलने से भी रोजा रोकता है।

जुमा की नमाज जामा मस्जिद कुरैशियान में मौलाना मुअव्वज, मस्जिद अंसरियान में मुफ्ती हैदर अली, मस्जिद जंगल वाली में मौलाना इस्माईल, मस्जिद छप्पर वाली में कारी नदीम, मस्जिद जोहड़ी वाली में मौलाना अब्दुल माजिद, मदरसा तहफिजुल कुरान में मौलाना अहबाब ने अदा करवाई। वहीं क्षेत्र के ग्राम घाटहेड़ा, बुड्ढाखेड़ा, कातला, संगमौर, पटनी, सीकरी, पटना, दुमझेड़ा, दुमझेडी, चालाकपुर, टोडरपुर, पठेड़, दूधगढ़, सालीरी, गुमटी, मलकपुर, फिरोजाबाद आदि गांवों में भी जुमा की नमाज शंतिपूर्ण रूप से अदा की गई।

**गंगोह।** मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमे की नमाज क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। पुलिस प्रशासनिक टीम लगातार गश्त करती नजर आई।

इस समय पवित्र रमजान माह का पहला अशरा चल रहा है। इस मुकद्दस माह में मुसलमान बड़े ही अदब-अहतराम के साथ नमाज रोजे में लगे हुए हैं। शुक्रवार को इस पवित्र माह के दूसरे जुमे की नमाज विभिन्न मसजिदों मे बड़े ही अकीदत के साथ पढ़ी गई। मदरसा अशरफ उल-उलूम मस्जिद, जामा मस्जिद, बहारली मस्जिद, पठानों वाली मस्जिद, पीठ बाजार, नूरी मस्जिद के अलावा लखनौती, सांगाठेड़ा व कुंडा की अनेक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। हजारों लोगों ने नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। सभी मस्जिद पर कड़ी सुरक्षा रही। नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई व्यवस्था करायी गई। पुलिस प्रशास. निक टीम लगातार गश्त करती नजर आई।

## पुलिस ने सीज की तीन ट्रैक्टर ट्राली

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से ओवरलोड खनन से भरी एवं बिना वैध प्रपत्र के परिवहन करती तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर दिया।

थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा व संग्रह अमीन रजनीश व ओमसिंह के नेतृत्व में रात्रि के समय शाहजहांपुर चौकी पर चैकिंग के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों संख्या सोनालिका, महेंद्रा को रोककर चौकिंग की गई तो तीनों ट्रैक्टर-ट्रालियों में ओवरलोड खनन भरा पाया गया तथा मांगने पर कोई भी वैध प्रपत्र चालकों द्वारा नहीं दिया गया।

# कुश्ती हमारा पुस्तैनी खेलः चौ. नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वर्गीय चौ. बीरसैन सिंह की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल कुश्ती दंगल का शुभारंभ राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह एवं समापन सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने किया।

चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि लुहारी गांव के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ऐसे खिलाड़ियों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी देशभर में अपनी पहचान बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अनुशासन, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देती हैं। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने



अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय चौ. बीरसैन सिंह का जीवन समाज सेवा, भाईचारे और खेल भावना का प्रेरक उदाहरण रहा है।ग्रामीण क्षेत्र में कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को नशे और भटकाव से दूर रखकर अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ते हैं।

सामूहिक कुश्ती प्रतियोगिता समिति, लुहारी के निवेदक डा. संजीव आर्य एवं डा. अशोक कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, ग्रामीणों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# नितिन गडकरी को पत्र भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** समाजसेवी विपिन जैन ने सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सरसावा टोल प्लाजा पर इस 8 महीने की देरी के लिए जिम्मेदार एनएचएआई अधिकारियों और टोल एजेंसी की जवाबदेही तय किये जाने की मांग की है।

विपिन जैन ने पत्र में लिख है जहाँ सरकार का विजन है कि नीतिगत फैसले एक सिंगल क्लिक पर पूरे देश में लागू होने चाहिए। इसी विजन के तहत 1 जुलाई 2025 को अधिसूचना जीएसआर 437(ई) जारी की गई थी, ताकि बड़े पुलों (जैसे सरसावा का यमुना पुल) पर राजमार्ग का उपभोग करने वालों पर टोल का बोझ कम हो सके। अधिसूचना जारी होने के 8 महीने बाद भी सरसावा टोल पर इसे लागू नहीं किया गया है। डिजिटल गवर्नेंस के इस दौर में जहाँ फास्टटैग के माध्यम से पलक झपकते ही पैसे कट जाते हैं, वहां एक सरकारी आदेश को सॉफ्टवेयर में अपडेट करने में 8 महीने लग जाना अपने आप में विस्मयपूर्ण व विभागीय स्तर पर लापरवाही है। निजी टोल एजेंसी आज तक भी पुरानी और ऊंची दरों पर वसूली कर रही है। अधिसूचना जारी होने के बाद से पिछले 8 महीनों में लाखों यात्रियों से करोड़ों रुपये की अतिरिक्त राशि वसूली जा चुकी है।

इसलिये सरसावा टोल प्लाजा पर इस 8 महीने की देरी के लिए जिम्मेदार एनएचएआई अधिकारियों और टोल एजेंसी की जवाबदेही तय की जाए।

# विधायक उमर ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा से बेहट विधायक उमर अली खान ने मलकपुर पेयजल योजना में जलार्पण किया।

उमर अली खान ने अधिशासी अभियंता मौ.हाशिम, जूनियर इंजीनियर दुष्यंत कुमार, फर्म प्रतिनिधि विजय कुमार, दीपक कुमार, प्रधान श्रीमती अलका सैनी के साथ इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के पूर्ण हो जाने से सरकार के उद्देश्य जल जीवन मिशन योजना के अंर्तगत भारत के प्रत्येक घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना है।, ताकि कोई भी नागरिक अशुद्ध जल की वजह से बीमार न हो तथा शुद्ध




जल के अभाव में कोई अशुद्ध जल न पिये। योजना के तहत 529 नग गृह पेयजल संयोजनों में अवर जलाशय के माध्यम से क्लोरीन युक्त पेयजल आपूर्ति समय निर्धारित करते हुए सुचारू रूप से की जा रही है।

## दस वर्षीय उवैस ने रखा दूसरा रोजा



**सहारनपुर।** रमजान के पाक महीने में कैलाशपुर निवासी 10 वर्षीय मोहम्मद उवेश ने जुमे के दिन अपना दूसरा रोजा रखा।

परिवार के अनुसार मोहम्मद उवेश पढ़ाई के साथ-साथ दीन की बातों में भी रुचि रखते हैं। उन्होंने सुबह सहरी के समय उठकर रोजे की नीयत की और पूरे दिन रोजा रखा इतनी कम उम्र में रोजा रखना आसान नहीं होता, लेकिन मोहम्मद उवेश ने पूरे जज्बे और हिम्मत के साथ रोजा रखकर यह साबित कर दिया कि इबादत की राह में उम्र मायने नहीं रखती। मोहम्मद उवेश ने बताया कि वह रमजान के महीने में नमाज पढ़ने और अच्छे काम करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका यह रमजान का दूसरा रोजा है।

## चौपालों में समस्याएं सुनी

**बेहट।** ग्राम पंचायत जैतपुर कलां व ग्राम संसारपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया।

जिसमे ग्राम सचिव जसबीर सिंह,संसारपुर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नजीम खान एडवोकेट प्रधान अशरफ,एवं जैतपुर कलां में ग्राम सचिव प्रदीप काम्बोज ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याएं सुनीं। दोनों ही ग्राम पंचायतों में चौपाल कार्यक्रम जनसमस्याओं के समाधान और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। दोनों ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिव प्रदीप काम्बोज ग्राम जैतपुर कलां व ग्राम संसारपुर ग्राम सचिव जसबीर सिंह ने ग्रामीणों को वीबी जी राम जी योजना के बारे में जागरूक किया।

# हाजी इकबाल की संपत्ति कुर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सहारनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश स्तर पर टॉप-10 माफिया में चिन्हित हिस्ट्रीशीटर हाजी इकबाल की रुपये 275 करोड़ 97 लाख से अधिक की अचल संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर ली।



यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर क्षेत्राधिकारी बेहट एवं एसडीएम बेहट की मौजूदगी में नियमानुसार मुनादी कराकर संपन्न कराई गई। पुलिस के अनुसार हाजी इकबाल के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 52 संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस जैसी केंद्रीय एजेंसियां भी उसके विरुद्ध विभिन्न मामलों की जांच कर रही हैं। जांच में यह भी सामने आया कि अभियुक्त ने अवैध तरीके से अर्जित संपत्तियों को छिपाने के लिए कई संपत्तियां अन्य लोगों के नाम पर तथा शेल कंपनियों के माध्यम से खरीदी थीं। पुलिस द्वारा इन्हीं बेनामी और अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने फूलों संग खेली होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया बार प्रांगण में अधिवक्ताओ ने बड़े ही उत्साह के साथ फूलों की होली खेली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल त्यागी एड़ अध्यक्ष व संचालन पालम राणा एड़ महासचिव ने किया।होली का मुख्य संदेश बुराई पर अच्छाई की जीत, सामाजिक एकता, प्रेम और सौहार्द्र है, जो रंगों के माध्यम से सभी भेदभावों को मिटाकर लोगों को एक साथ लाता है और जीवन में खुशियों व नएपन का संदेश देता है, साथ ही यह आध्यात्मिक शुद्धि और नकारात्मकता को जलाने का भी प्रतीक है।



कार्यक्रम में सिद्धार्थ शंकर त्यागी, चौधरी रणधीर सिंह,अशोक पुण्डीर, आदित्य अंगीरस,आदित्य सिंह, पुण्डीर,अम्बेश कपिल,रौनक अली मुनव्वर खान,जमाल साबरी,विक्रम सैनी,कमल दयाल,अरविन्द रोड,जयवीर सिंह पुण्डीर,गामीद खान, राकेश त्यागी उर्फ नीटू त्यागी,नितिन शर्मा,राधे श्याम पुण्डीर,सचिन सैनी,सुशील गोयल,सतीश चौधरी,संजय वर्मा,बलविन्द्र सिंह,अरूण साढौली, कंवरपाल,अजय शर्मा,बाबू राम, धमेन्द्र,आदित्य सिंह पुण्डीर, सुचेत राणा,रविश माहेश्वरी, इन्द्रपाल,प्रमोद,मुकेश लाम्बा,विनोद सिद्धार्थ,सोनू सैनी,अब्दुल रहमान,शाहजमाँ,अनिता शर्मा,माया शर्मा, रूमन लाम्बा,अनिता,मीनू चावला ,प्रवेश,फैसल चौहान, ईशान अहमद, पूजा,संदीप पंवार,सोहन लाल कश्यप,आदि सैकडों अधिवक्तागण कार्यक्रम में मौजूद रहे।





















शाह टाइम्स
सम्पादकीय
शनिवार, 28 फरवरी 2026
Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# किताब पर रोक

किसी किताब में एक चैप्टर को लेकर शायद ही कभी इतना बवाल मचा हो, जिस तरह का इस समय नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की सोशल साइंस की आठवीं क्लास की किताब को लेकर होता दिखाई दे रहा है। यह चैप्टर है करप्शन इन ज्यूडिशरी जिसको हम हिन्दी में कह सकते हैं 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार।' हंगामा बढ़ते देख सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस किताब पर न सिर्फ पूरी तरह बैन लगा दिया है, बल्कि एनसीईआरटी के निदेशक और जिन विद्यालयों तक पुस्तक पहुंची है, उनके प्रधानाचार्यों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि ये पुस्तकें जब्त की जाएं। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी को देखते हुए एनसीईआरटी ने तुरंत एक प्रेस नोट जारी कर माफी भी मांगी है, लेकिन अदालत उसकी माफी से संतुष्ट होती दिखाई नहीं दे रही है। जानकारी के अनुसार कक्षा आठ की एसएसटी की किताब भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र किया गया है, जिसमें पेंडिंग केस और जजों की कमी का भी जिक्र किया गया है। एससी के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कर दिया है कि वह यह सुनवाई बंद करने नहीं जा रहे हैं और अदालत को पता करना है कि इसके पीछे कौन-कौन हैं, जब तक अदालत संतुष्ट नहीं होगी यह मामला चलेगा। अब इसकी अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। अब यह मामला कहां तक जाएगा, यह तो आगे देखा जाएगा, लेकिन इस समय एससी पूरी तरह नाराज दिखाई दे रहा है। असल में पुस्तक में एक और चिंताजनक अध्याय है जिसमें कहा गया है जस्टिस डिलेड जस्टिस डिनाइड। इससे माननीय मुख्य न्यायाधीश बुरी तरह खफा हैं। उन्होंने कहा भी है कि ऐसा नहीं कहा जा सकता यहां कोई न्याय से वंचित नहीं है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। हालांकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को भरोसा दिलाया कि इस अध्याय को तैयार करने वाले दो लोग कभी भी एनसीईआरटी या किसी भी मंत्रालय में काम नहीं करेंगे, तो चीफ जस्टिस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि तब यह बहुत आसान हो जाएगा और वह बरी हो जाएंगे। उन्होंने गोली चलाई है न्यायपालिका आज खून से लथपथ है। वैसे सच तो यह है कि न्यायपालिका ही नहीं बल्कि कोई भी विभाग भारत में ऐसा नहीं रह गया है जहां भ्रष्टाचार न पहुंचा हो। किसी एक विभाग को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। देखने वाली बात यह भी होगी कि अगर कल अन्य विभाग के बारे में कोर्ट के सामने ऐसी स्थिति पेश आती है क्या तब भी सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेगा। अब यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा कि किताब में दिए गए चैप्टर को लेकर अधिकारियों की क्या मंशा थी।

## आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र



दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा, केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है, मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है, यह पूरा केस फर्जी था, आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है, सत्यमेव जयते, पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा



**योगेश कुमार गोयल**



आज का युग विज्ञान का युग है, जहां मनुष्य कम से कम मेहनत करके ज्यादा से ज्यादा सुख-सुविधाएं पाने की ख्वाहिश रखता है। अपनी इन्हीं सब ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए उसने जो नए-नए आविष्कार किए हैं, सब विज्ञान की ही देन हैं। ऐसे ही अनगिनत आविष्कारों के कारण आधुनिक युग में मानव जीवन पहले से बहुत ज्यादा आरामदायक हो गया है। रेडियो से लेकर टीवी, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, इंटरनेट इत्यादि विज्ञान की ही ऐसी देन हैं, जिन्होंने इंसानी जिंदगी को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। मोबाइल मैसेजिंग, व्हाट्सएप, फेसबुक इत्यादि सोशल मीडिया जैसी सुविधाओं के चलते अब कोई भी व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में दूसरे व्यक्ति से पलभर में सम्पर्क करने में सक्षम है तो यह सब विज्ञान की ही बदौलत संभव हुआ है। बिजली की खोज हो या यातायात के साधनों का दुनियाभर में बिछा जाल, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कृषि क्षेत्र इत्यादि आज लगभग हर क्षेत्र में विज्ञान का बोलबाला है। चंद घंटों में ही आज हम किसी एक स्थान से हजारों मील दूर तक का सफर तय कर सकते हैं। बिजली की खोज आधुनिक युग में विज्ञान की सबसे अहम देन मानी जा सकती है क्योंकि आज लगभग सभी कार्य बिजली के द्वारा ही सम्पन्न होते हैं, फिर भले ही अखबारों या किताबों की छपाई हो या औद्योगिक इकाईयों में कामकाज अथवा घरेलू कार्य। बिजली की बदौलत ही विकास की गति कई गुना तेज हुई है और लोगों का जीवन बेहद आसान हो गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में तो इसी विज्ञान ने ऐसी क्रांतिकारी खोजें की हैं कि अब कई असाध्य मानी जाती रही बीमारियों का इलाज तो मामूली सी गोलियों से ही हो जाता है। यहां तक कि नई-नई कोशिकाओं के निर्माण में भी सफलता प्राप्त कर ली गई है। भारतीय समाज में विज्ञान से होने वाले लाभों और विज्ञान के जरिए लोगों में जागरूकता लाने, युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने और छात्रों को बतौर कैरियर विज्ञान को चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में एक निर्धारित थीम के जरिए 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना', जो इस ऐतिहासिक विरासत को नए आयाम देता है। देश में पहला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 1987 को मनाया गया था। दरअसल राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने वर्ष 1986 में केन्द्र सरकार को 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने का सुझाव दिया था, जिसके बाद सरकार द्वारा उसी वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह प्रस्ताव स्वीकार करते हुए 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के माध्यम से युवाओं को विज्ञान के प्रति आकर्षित एवं प्रेरित करते हुए जनसाधारण को विज्ञान तथा देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने का प्रयास किया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान् वैज्ञानिक सर सी।वी। रमन की स्मृति में मनाया जाता है। उनकी उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज 'रमन प्रभाव' (रमन इफैक्ट) को चिह्नित करने और विज्ञान की गति को तेज करने के लिए लोगों के दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोग का प्रसार करने के उद्देश्य से इस दिवस की रूपरेखा बनाई गई। सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन इफैक्ट की खोज 28 फरवरी 1928 को की थी, जिसके लिए उन्हें भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में वर्ष 1930 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके द्वारा की गई खोज 'रमन इफैक्ट' फोटोन कणों के लचीले वितरण के संबंध में है। 1920 के दशक में एक बार सीवी रमन समुद्री जहाज से भारत लौट रहे थे, तब उनकी नजर भूमध्य सागर के जल में अनोखे नीले और दूध जैसे सफेद रंग पर पड़ी। उसके बाद कोलकाता पहुंचकर उन्होंने इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस की प्रयोगशाला में काम करते हुए पार्थिव वस्तुओं में प्रकाश के बिखरने का नियमित अध्ययन शुरू कर दिया। इस पर उन्होंने सात वर्षों से भी अधिक समय तक गहन अध्ययन किया और अंतत: उनकी खोज 'रमन इफैक्ट' के नाम से 28 फरवरी 1928 को पूरी दुनिया के सामने आई। बहरहाल, विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार अत्यावश्यक है और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे आयोजन निश्चित रूप से वैज्ञानिक .ष्टिकोण के प्रसार में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। विज्ञान दिवस देश में विज्ञान की निरन्तर उन्नति का आव्हान करता है। इस दिवस के जरिए लोगों को संदेश दिया जाता है कि विकास के मार्ग में विज्ञान के बगैर तेज गति से आगे बढ़ना संभव नहीं है और विज्ञान ही है, जिससे समाज में व्याप्त गलत धारणाओं और अंधविश्वासों का विनाश होता है। दरअसल समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी निर्मूल धारणाओं और अंधविश्वासों से घिरा हुआ है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के जरिए ही ऐसे अंधविश्वासों और धारणाओं को दूर किया जाता है। विज्ञान के जरिए ही हमारे महान् वैज्ञानिक कभी असंभव माने जाने वाले कार्यों को भी संभव बनाने में सफल हुए हैं। भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में सफलता के नए-नए शिखरों को छुआ है और विज्ञान की मदद से ही कई तरह की क्रांतिकारी खोजें कर वैज्ञानिकों ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई अनगिनत तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में आए दिन करते हैं। निसंदेह विज्ञान के द्वारा ही समाज में लोगों का जीवन स्तर आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा खुशहाल बनाया जा सकता है। विज्ञान के क्षेत्र में अब जिस प्रकार वैज्ञानिक नित नए-नए प्रयोगों के जरिए नई-नई तकनीकों का विकास करते हुए भारत को तकनीकी दृष्टि से विश्व में एक सशक्त राष्ट्र बनाने में जी-जान से जुटे हैं, उस योगदान को शब्दों में व्यक्त करना इतना आसान नहीं है। विज्ञान की मदद से ही हम कम्प्यूटर, रोबोट जैसी प्रौद्योगिकी का आविष्कार करने के साथ अंतरिक्ष में पहुंचने तक में भी सफल हुए हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के चुनिंदा ऐसे देशों में शामिल हैं, जिसने चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और भारतीय वैज्ञानिकों की काबिलियत का लोहा पूरी दुनिया ने माना। वैसे मानव हित में विज्ञान के जितने फायदे हैं, उसके कहीं न कहीं कुछ नुकसान भी हैं और दुरूपयोग की संभावनाएं भी हैं। हमारे जीवन को सुलभ बनाने के साथ ही विज्ञान ने कई प्रकार के गंभीर रोग, प्रदूषण और खतरे भी पैदा किए हैं। नाभिकीय और परमाणवीय प्रयोगों तथा औद्योगिक गतिविधियों के कारण प्रदूषण की समस्या विकराल हो चुकी है। बिजली उत्पन्न करने के कार्य में परमाणु ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है लेकिन दूसरी ओर से इसी से निर्मित परमाणु हथियार समस्त सृष्टि से लिए अत्यंत विनाशकारी साबित हो सकते हैं। बेहतर यही है कि विज्ञान का उपयोग आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए ही किया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दर्द कैसा भी हो, रामबाण लाभ पहुंचाता है जायफल

**जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमिनिन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं।**

जायफल रसोई में इस्तेमाल होने वाली एक महत्वपूर्ण स्पाइस है। इसे दुनियाभर में विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाद्य पदार्थों में मिठास लाता है। जायफल न सिर्फ भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इससे खाने से काफी अच्छी महक आती है। यूं तो आप भी जायफल का इस्तेमाल अपने भोजन में करते होंगे, लेकिन क्या आप इससे होने वाले फायदों से वाकिफ हैं। तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं।



## दूर करे तनाव

अगर आप हर दिन अत्याधिक तनाव का सामना करते हैं तो आपको जायफल का सेवन अवश्य करना चाहिए। जायफल में मिरिस्टिसनि और एलिमिसिन पाया जाता है, यह कपांउड दिमाग को रिलैक्स करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, जायफल में मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जिसके कारण आप तनाव व अवसाद से आसानी से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा जायफल पाउडर लेकर उसे आंवला के रस में मिलाकर सेवन करें।

## तेज करे दिमाग

जायफल का सेवन आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। दरअसल, जायफल में मिरिस्टिसनि और मैकलिगनन होता है, जो मानव के मस्तिष्क और उसकी मेमोरी पावर को बूस्टअप करने का काम करता है। इतना ही नहीं, जायफल एकाग्रता और ध्यान केन्द्रति करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में जरा सा जायफल का पाउडर मिक्स करके इसका सेवन करें।

## अनिद्रा से बचाव

जिन लोगों को रात में ठीक तरह से नींद न आने की समस्या होती है, उनके लिए जायफल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह अनिद्रा के लिए एक नेचुरल रेमिडी है। दरअसल, जायफल में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मैग्नीशियम मस्तिष्क में तंत्रिका तनाव को कम करने और सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास दूध में चुटकी भर जायफल पाउडर, बादाम व इलायची डालकर सेवन करें।




## जोड़ों और मांसेशियों के दर्द से राहत

जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमिनिन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं। वैसे आप चाहें तो इसे अपने भोजन में भी शामिल कर सकती हैं।

**-साभार**

# डाटा विज्ञान के बिना इंटरनेट की दुनिया अधूरी



हम इंटरनेट युग में जी रहे हैं जहां पूरी दुनिया डाटा से घिरी हुई है। यह डाटा और कुछ नहीं बल्कि हमारी यादें, अनुभव, सूझ-बूझ, दुख-दर्द के क्षण और कभी-कभी सांसारिक गतिविधियों के बारे में है। जैसे, कोई विगत यात्रा या महीने और वर्ष में दिन के किसी विशेष घंटे में क्या खाया या फिर दैनिक जीवन के सामान्य घटनाक्रम का लेखा-जोखा। क्या ऐसा पहले नहीं था? ऐसे तथ्यात्मक, भावनात्मक, आनुभविक और व्यवहारिक क्षणों को संग्रहित और संरक्षित करना हमेशा से एक मानवीय प्रवृत्ति रही है। अंतर केवल इतना है कि हमारे पूर्वज डाटा को अपनी स्मृतियों में या गुफाओं, पत्थरों या कागजों पर उकेरी गई छवियों के माध्यम से संग्रहित करते थे, जबकि आज हम प्रौद्योगिकी एवं उपकरणों की मदद से ऐसा करते हैं। अतीत में, बातों को मानव स्मृति में संग्रहित करने के साथ-साथ पत्थर पर नक्काशी करना, पत्तों पर और बाद में कागजों पर ग्रंथ लिखना काफी श्रमसाध्य था। यह संग्रहण कुछ समय तक ही रह पाता था। समय के साथ, जलवायु के प्रहार पत्थरों, कागजों को नष्ट कर डाटा को भी विलोपित कर देते थे। मानव स्मृति की भी डाटा संग्रहण की एक निर्धारित क्षमता होती है। दूसरे शब्दों में, प्राचीन काल से चली आ रही डाटा संग्रहण की मानवीय प्रवृत्ति, वर्तमान युग की वैज्ञानिक तकनीकों एवं साधनों की आसान उपलब्धता से डाटा विज्ञान का उदय हुआ है।

**डाटा विज्ञान: शुरुआती वर्ष**

शब्द डाटा विज्ञान 1960 के दशक में एक नए पेशे का वर्णन करने के लिए गढ़ा गया था, जो उस समय भारी मात्रा में एकत्रित होने वाले डाटा को समझने और उसका विश्लेषण करने में सहायक सिद्ध हुआ। वैसे संरचनात्मक रूप से इसने 2000 की शुरुआत में ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह एक ऐसा विषय है जो सार्थक भविष्यवाणियां करने और विभिन्न उद्योगों में सूझ-बूझ प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर विज्ञान और सांख्यिकीय पद्धतियों का उपयोग करता है। इसका उपयोग न केवल सामाजिक जीवन, खगोल विज्ञान और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में बल्कि व्यापार में भी बेहतर निर्णय लेने के लिए किया जाता है। 1962 में अमेरिकी गणितज्ञ जॉन डब्ल्यू। टुकी ने सबसे पहले डाटा विज्ञान के सपने को स्पष्ट किया। अपने प्रसिद्ध लेख दी फ्यूचर ऑफ डाटा एनालिसिस में उन्होंने पहले पर्सनल कंप्यूटर से लगभग दो दशक पहले इस नए क्षेत्र के उद्गम की भविष्यवाणी की थी। एक अन्य प्रारंभिक व्यक्ति डेनिश कंप्यूटर इंजीनियर पीटर नॉर थे, जिनकी पुस्तक कॉन्साइस सर्वे ऑफ कंप्यूटर मेथड्स डाटा विज्ञान की सबसे पहली परिभाषाओं में से एक प्रस्तुत करती है। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि डाटा विज्ञान एक मान्यता प्राप्त और विशिष्ट क्षेत्र के रूप में उभरा। कई डाटा विज्ञान अकादमिक पत्रिकाएं प्रकाशित होने लगीं, और जेफ वू और विलियम एस। क्लीवलैंड आदि ने डाटा विज्ञान की आवश्यकता और क्षमता को विकसित करने और समझने में मदद करना जारी रखा। पिछले 15 वर्षों में, पूरे विषय को व्यापक उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और प्रक्रिया के द्वारा परिभाषित और लागू करने के साथ एक भलीभांति स्थापित पहचान मिली है।

**डाटा विज्ञान और जीवन**

पिछले 100 वर्षों में मानव जीवन शैली में बहुत कुछ बदला है और विज्ञान और प्रौद्योगिकी से 20 वर्षों में तो बदलावों का सैलाब-सा ही आ गया है। अलबत्ता, जो चीज समय के साथ नहीं बदली, वह है मूल मानव व्यवहार और अपने क्षणों और अनुभवों को संग्रहित करने की उसकी प्रवृत्ति। मानवीय अनुभव और क्षण (डाटा), जो मानव स्मृति, नक्काशी और चित्रों में रहते थे, उन्हें प्रौद्योगिकी के जरिए एक नया शक्तिशाली भंडारण मिला है। अब मानव डाटा छोटे/बड़े बाहरी ड्राइव्स, क्लाउड स्टोरेज जैसे विशाल डाटा भंडारण उपकरणों में संग्रहित किए जा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि अब डाटा को, पहले के विपरीत, बिना किसी बाधा के, जितना चाहें उतना और जब तक चाहें तब तक संग्रहित रखा जा सकता है।

पिछले 20 वर्षों में, एक और दिलचस्प बदलाव इंटरनेट टेक्नॉलॉजी के आगमन से भी हुआ। इंटरनेट टेक्नॉलॉजी की शुरुआत के साथ, मानव व्यवहार और उसके सामाजिक संपर्क की प्रवृत्ति ने एक बड़ी छलांग लगाई। लोगों ने दिन-प्रतिदिन हजारों किलोमीटर दूर विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अन्य मनुष्यों से जुड़ना शुरू कर दिया और इस तरह विभिन्न तरीकों से बातचीत करने और अभिव्यक्ति की मानवीय क्षमता कई गुना बढ़ गई। आज छत्तीसगढ़ के घने जंगलों के ग्रामीण इलाके का कोई बच्चा बॉलीवुड की किसी मशहूर हस्ती को सुन सकता है और उससे जुड़ सकता है, वहीं न्यूयॉर्क में रहते हुए एक व्यक्ति उत्तरी अफ्रीका में रह रहे किसी पीड़ित बच्चे की भावनाओं से रूबरू हो सकता है। इंटरनेट क्रांति ने इस पूरी दुनिया को मानो एक बड़े से खेल के मैदान में बदल दिया है जहां हर एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति, विषय या घटना से तत्काल जुड़ सकता है। इन क्षमताओं के रहते पूरा विश्व नई तरह की संभावनाओं और अभिव्यक्तियों के प्रयोगों से भर गया है। इस तरह की गतिविधियों ने अपनी एक छाप छोड़ी है (जिन्हें हम डाटा कह सकते हैं) और टेक्नॉलॉजी ने इसे असीमित रूप से एकत्रित और संग्रहित करना शुरू कर दिया है। नई दुनिया के यह परिवर्तन विशाल डाटा के रूप में प्रस्फुटित हुए। अधिकांश लोग (जो इंटरनेट वगैरह तक पहुंच रखते हैं) डाटा (यानी शब्द, आवाज, चित्र, वीडियो वगैरह के रूप में) के जरिए यादों और अनुभवों से सराबोर हैं। यह डाटा न केवल सामाजिक या अंतर-वैयक्तिक स्तर पर, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर (जैसे ऑनलाइन भुगतान, ई-बिल, ई-लेनदेन, क्रेडिट कार्ड) और यहां तक कि अस्पतालों के दौरों, नगर पालिका की शिकायतों, यात्रा के अनुभवों, मौसम के परिवर्तन तक में नजर आते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संपूर्ण जीवन की गतिविधियां डाटा पैदा कर रही हैं और इसे संग्रहित किया जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली बड़ी मात्रा में डाटा उत्पन्न करती है। डाटा की मात्रा इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि आधुनिक तकनीक ने बड़ी मात्रा में डाटा निर्मित करना और संग्रहित करना आसान बना दिया है। पिछले कुछ वर्षों में, दुनिया में पैदा किया गया 90 प्रतिशत से अधिक डाटा संग्रहित कर लिया गया है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हर घंटे 2 करोड़ से अधिक छवियां पोस्ट करते हैं।

**डाटा विज्ञान: कार्यपद्धति**

मानव मस्तिष्क विभिन्न उपकरणों में संग्रहित विशाल डाटा का समय-समय पर उपयोग करना चाहता है। इस कार्य के लिए एक अलग प्रकार की तकनीकी क्षमता की आवश्यकता थी, जो संग्रहित डाटा को निकालने और निर्णय लेने का काम कर सके। यह मस्तिष्क के संचालन की नकल करने जैसा था। ऐसे जटिल दिमागी ऑपरेशनों को दोहराने के लिए एक कदम-दर-कदम चलने वाले एक समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है ताकि डाटा इष्टतम तरीके से संग्रहित किया जाए, डाटा को कुशलतापूर्वक, शीघ्रता से प्रबंधित, पुनर्प्राप्त, संशोधित, और विलोपित किया जा सके, डाटा की व्याख्या आसानी से और शीघ्रता से की जा सके, इससे भविष्य के बारे में निर्णय लेने में मदद मिलती है। वैसे तो हमारा मस्तिष्क सूक्ष्म और जटिल तरीके से डाटा को आत्मसात करने और निर्णय लेने का काम करता आया है, लेकिन मस्तिष्क की क्षमता सीमित है। डाटा से जुड़ी उक्त प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मानव मस्तिष्क जैसे एक विशाल स्पेक्ट्रम की आवश्यकता हुई। टेक्नॉलॉजी ने इस प्रक्रिया के लिए डाटा भंडारण (विशाल डाटा सर्वर), पुन:प्राप्ति के विभिन्न साधनों को सांख्यिकीय/गणितीय जानकारी से युक्त करना शुरू कर दिया। जावा, पायथन, पर्ल जैसी कोडिंग भाषा, विभिन्न मॉडलिंग तकनीकों (जैसे क्लस्टरिंग, रिग्रेशन, भविष्यवाणी और डाटा माइनिंग) के साथ-साथ ऐसी मशीनें विकसित हुईं जो डाटा को बार-बार समझ सकती हैं और स्वयं सीखकर खुद को संशोधित कर सकती हैं (मशीन लर्निंग मॉडल)। मूल रूप से कोशिश यह थी कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान के सहारे हम अपने मस्तिष्क जैसी निर्णय लेने की क्षमता मशीन में पैदा कर सकें। प्रौद्योगिकी द्वारा मानव मस्तिष्क की क्षमताओं के प्रतिरूपण की इस पूरी प्रक्रिया को डाटा विज्ञान का नाम दिया गया है। डाटा विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है जो डाटा से अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए सांख्यिकी, वैज्ञानिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डाटा विश्लेषण सहित कई विषयों को जोड़ता है। **-संजीव**

# वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट-2026 में 3 भारतीय महिलाएं

■ सफीना ने 20 लाख बेटियों को स्कूल लौटाया

■ 14 देशों को मुफ्त दवा दिलवा रहीं रेशमा

■ 7.5 लाख छात्राओं को सशक्त कर रहीं सौजानी

**न्यूयार्क।** टाइम मैगजीन ने 2026 के वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट के लिए 16 महिलाओं को चुना है। लिस्ट में भारतीय और भारतीय मूल की तीन महिलाएं भी हैं। ये सभी लीडर्स ज्यादा बराबरी वाली दुनिया बनाने के लिए काम कर रही हैं। साथ ही महिलाओं और लड़कियों की सबसे बड़ी चुनौतियां हल करने में जुटी हैं। यह प्रोजेक्ट टाइम के सालाना वुमन ऑफ द ईयर लिस्ट से अलग है। इसे 2020 में शुरू किया गया था। कवर पर हालीवुड अभिनेत्री टेयाना टेलर हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनादर' में उनका प्रदर्शन उम्दा रहा है।

कुछ अनदेखे चेहरे जैसे- सिएरा लियोन के पहले मातृत्व केंद्र की अगुआई करने वाली इसाता डुम्बुया, अमेरिका -मैक्सिको बॉर्डर पर ह्यूमैनिटेरियन अभियान चला रही सिस्टर नारमा पिमेंटेल भी हैं। सफीना हुसैन की पढ़ाई अधूरी रही, इसी टीस को ताकत बनाया, जीता 'एशिया का नोबेल,बचपन गरीबी, हिंसा व अधूरी पढ़ाई के दर्द से गुजरा। इसी टीस को ताकत बनाया और मुंबई में 'एजुकेट गर्ल्स' की नींव रखी। वे कहती हैं,'मैं जानती हूं पीछे छूट



जाना कैसा लगता है। बीते साल संस्था ने भारत के गांवों की 20 लाख लड़कियों को स्कूल लौटाने में सफलता हासिल की। लक्ष्य 15 लाख ही था। इसके लिए संस्था को रैमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला। उनका एनजीओ यह सम्मान पाने वाला पहला संगठन बना। हाल में आई उनकी किताब 'एवरी लास्ट गर्ल' में अंतिमबा. ला का किरदार हर उस लड़की का प्रतीक है, जिसकी आवाज अनसुनी कर दी गई। 'कोई भी लड़की बकरी चराना या बाल वधू बनना नहीं चाहती, हर लड़की... बस स्कूल जाना चाहती है'- सफीना। रेशमा केवलरमानी ने सिकल सेल का इलाज खोजा, अब डायबिटीज को हराने में जुटीं, ठान चुकी हैं, लाइलाज बीमारियों को जड़ से मिटाना है। किडनी डाक्टर से शुरू हुआ सफर आज दुनिया की दिग्गज बायोटेक कंपनी (वर्टेक्स) की पहली महिला सीईओ बनने तक जा पहुंचा है।

उनके नेतृत्व में वर्टेक्स भारत समेत दुनिया के 14 देशों में सिस्टिक फाइब्रोसिस (फेफड़ों की बीमारी) की महंगी दवाएं मुफ्त उपलब्ध करा रही है। रेशमा के नेतृत्व में कंपनी ने सिकल सेल बीमारी के लिए क्रिस्पर आधारित पहली जीन-एडिटिंग थेरेपी लान्च की। अब डायबिटीज और किडनी रोगों को पूरी तरह खत्म करने वाली थेरेपी पर काम कर रही हैं। रेशमा सौजानी अमेरिकी माताओं की आवाज, चाइल्डकेयर अभियान का चेहरा हैं, शरणार्थी की बेटी और पहली भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस प्रत्याशी ने साहस से सत्ता को झकझोरा। इससे अमेरिका में माताओं के लिए सस्ते चाइल्डकेयर और न्यूयार्क में 'यूनिवर्सल केयर' का रास्ता खुला। अपनी संस्थाओं 'माम्स फर्स्ट' व 'गर्ल्स हू कोड' के जरिए 7.6 लाख छात्राओं को सशक्त कर रही हैं।

## भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर सचिव स्तर की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत तथा भूटान ने बाढ़ प्रबंधन और बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर सचिव स्तर पर द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा तंत्रों की समीक्षा कर क्षमता निर्माण तथा तकनीकी आदान-प्रदान से सहयोग बढ़ाकर मौसमी घटनाओं से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान पर व्यापक चर्चा की है। आधिकारिक सूचना के अनुसार भारत के जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में 24 से 27 फरवरी तक भूटान यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर विचार विमर्श किया। दौरे का मकसद सीमा पार नदियों पर सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करना और भारत सरकार के साथ साझेदारी में भूटान में कार्यान्वित की जा रही पुनात्सांगचू-1 जलविद्युत परियोजना की गति. विधियों की समीक्षा करना था।



पश्चिम बंगाल। नादिया में होली के त्योहार से पहले उच्च माध्यमिक परीक्षा देने के बाद 'गुलाल' से खेलती छात्राएं।

## वेनेजुएला ने 19 तेल और गैस समझौतों को निलंबित किया, मादुरो के कार्यकाल में हुए थे

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला के तेल मंत्रालय ने निजी कंपनियों के साथ किए गए 19 तेल और गैस प्रोडक्शन-शेयरिंग समझौतों को निलंबित कर दिया है। ये समझौते पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के कार्यकाल में हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन अनुबंधों की वैधता और कंपनियों के बैकग्राउंड की समीक्षा की जा रही है। हालांकि, इन समझौतों को सस्पेंड करने से देश के तेल और गैस उत्पादन पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है। सरकार के कंट्रोल वाली कंपनी च्क्टै। संबंधित परियोजनाओं से निकले कच्चे तेल की बिक्री जारी रखे हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला और अमेरिका इन एग्रीमेंट्स की शर्तों की समीक्षा कर रहे हैं।

## एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर सांसद करें, ट्रम्प से सवालः क्लिंटन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सांसदों से अपील की है कि उन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संबंधों को लेकर उनसे सवाल करने चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुक्लिटन इस मामले को लेकर कांग्रेस (संसद) की समिति के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें ट्रम्प से एपस्टीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। सुक्लिटन ने कांग्रेस समिति के समक्ष घंटों गवाही देने के बाद कहा कि मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं। इस मामले में सुक्लिंटन के पति एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन शुक्रवार को गवाही देंगे। हालांकि दोनों ने समिति की ओर से तलब किए जाने का विरोध किया है और इसे इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। बाद में ए दोनों फिर गवाही देने के लिए सहमत हो गए क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की संभावित कार्रवाई की आशंका थी। क्लिंटन और ट्रम्प ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर कुछ भी गलत करने से इनकार किया है।

# तालिबान ने मार गिराया पाक का एफ-16 !

### अफगान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया



■ वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है

■ विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है

**काबुल।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हवाई हमलों के बाद शुक्रवार को जंग का ऐलान कर दिया। इस बीच तालिबान ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान का एक अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 मार गिराया है। अफगानिस्तान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैंडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है। इसके साथ ही विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है। अमर उजाला इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ हवाई लड़ाइयों में दो या दो से ज्यादा पाकिस्तानी एफ-16 विमानों को मार गिराया है। विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तानी शस्त्रागर का अहम हिस्सा माना जाने वाला एफ-16 लड़ाकू विमान केवल नाम का ही खतरनाक है। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब पाकिस्तान की ओर से काबुल और कंधार पर हवाई हमले किए गए हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों के खिलाफ ऑपरेशन गजब-लिल-हक चलाया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसने हमलों में 133 आतंकियों को ढेर किया है। वहीं, इन हमलों के बाद अफगानिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अफगान सैनिकों ने सीमा पर हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके हवाई हमले गुरुवार रात को अफगान बलों द्वारा पाकिस्तानी सीमा सैनिकों पर किए गए हमले के जवाब में हैं। इन हमलों को तालि. बान सरकार ने पहले हुए घातक हवाई हमलों का प्रतिशोध बताया है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में हमले करने वाले आतंकवादी समूहों के खिलाफ कुछ नहीं किया है, जिसे तालिबान सरकार ने नकार दिया है।

## पाकिस्तान ने आतंकवाद को बनाया पैसे कमाने का जरियाः अफगान सांसद सोलेमानखिल

**कबुल।** अफगानिस्तान की निर्वासित सांसद मरियम सोलेमान खिल ने पाकिस्तान पर आंतकवाद को लेकर गंभीर आरोप लगाया है। सांसद का कहना है कि पाकिस्तान आतंकवाद का व्यपार करता है। वह तालिबान और कई प्राक्सी समूह तैयार कर रहा है, जो दोंनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस्लामाबाद के खिलाफ हो गए हैं। सोलेमानखिल ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के द्वारा किए गए हवाई हमलों की आलोचना की। इसे उन्होंने अफगान परिवारों के लिए बहुत बुरा बताया। उन्होंने इस्लामाबाद के आतंकवादियों को निशाना बनाने के के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमले के बावजूद इस्लामाबाद ने किसी भी मशहूर आतंकी के मारे जाने का कोई सबूत नहीं दिया है। सोल. `मानखिल ने पाकिस्तान के प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने सरकार के साथ लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आंतकी समूहों के संबंध बताए। साथ ही इन रिशतों को कैंसर बताया। साथ ही अल-कायदा लीडर ओसामा बिन लादेन को पनाह देने के लिए भी निशाना साधा। सोलईमानखिल ने कहा कि मेरे अपने पैतृक गांव बरमल, पक्तिका पर हमला हुआ, और यह पहली बार नहीं है। हर बार जब पाकिस्तान एयरस्ट्राइक करता है, तो वे दावा करते हैं कि वे आतंकवादियों को मार रहे हैं।

## चीन ने पाक-अफगान से युद्धविराम की अपील की

**बीजिंग।** चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हिसक झड़पों को लेकर बहुत चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से युद्धविराम के लिए बातचीत की है। गौरतलब है कि इन झप्पों में 133 अफगान तालिबान लड़ाके और पाकिस्तान के दो जवान मारे गए हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा राजधानी काबुल सहित अफगानिस्तान के बड़े शहरों पर बमबारी के बाद चीन संघर्ष के बढ़ने पर बहुत चिंतित है। चीन ने दोनों पक्षों से शांत रहने और संयम बरतने की अपील करते हुए कहा है कि जितनी जल्दी हो सके युद्धविराम और खून-खराबा से बचा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष में लगातार मध्यस्थता की है और आगे भी तनाव कम करने में एक रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखने को वह तैयार है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय और पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में चीन के दूतावास इस मामले पर दोनों देशों में संबंधित पार्टियों के साथ काम कर रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार का कहना है कि 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात



■ एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने व्हाइट हाउस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ट्रम्प को एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके।

यह रणनीति डोनाल्ड ट्रम्प को लुभाने के लिए बनाई गई है, जो अपनी मीडिया कवरेज को लेकर काफी चौकन्ने रहते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक मेयर के बीच पिछले साल हुई पहली मुलाकात के बाद से सौहार्दपूर्ण संबंध बने हुए हैं। जोहरान ममदानी की संचार निद. `शक अन्ना बहर ने बताया कि मेयर की टीम ने ट्रम्प को दिखाने के लिए एक नकली मुखपृष्ठ और सुर्खियां तैयार कीं। जिससे उन्हें पता चले कि नए संघीय आवास निवेश से किस तरह की प्रतिक्रिया हो सकती है। नकली न्यूयार्क डेली न्यूज के मुखपृष्ठ पर लिखा है कि ट्रम्प ने शहर से कहारू चलो निर्माण करें।श यह 1975 के उस मशहूर मुखपृष्ठ का एक व्यंग्यात्मक रूप है, जिस पर लिखा था, 'फोर्ड ने शहर से कहारू मर जाओ।' जो जेराल्ड फोर्ड की ओर से शहर को वित्तीय सहायता पर रोक लगाने की कसम का संदर्भ था। न्यूयॉर्क के मेयर ने ट्रम्प के साथ अखबारों के पहले पन्नों वाली बैठक की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट की। बहर ने कहा कि ट्रम्प, ममदानी के प्रस्ताव को लेकर बेहद उत्साहित थे। इस प्रस्ताव के तहत क्वींस के सनसाइड यार्ड में रेल यार्ड के ऊपर एक डेक बनाने के लिए 21 अरब डालर से अधिक के संघीय अनुदान प्राप्त करके 12000 नए किफायती घर बनाए जा सकेंगे। मेयर कार्यालय का अनुमान है कि इस परियोजना से 30000 नौकरियां पैदा हो सकती हैं और यह पिछले 50 वर्षों में आवास और बुनियादी ढांचे में किया गया सबसे बड़ा निवेश होगा।

# ईरान के अस्पताल बने निगरानी केंद्र !

### एजेंटों पर घायलों के इलाज मे दखल के आरोप, डॉक्टरों ने सुनाई आपबीती




■ जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ

**बेरूत।** पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के दौरान जब बड़ी संख्या में घायल प्रदर्शनकारी ईरान के एक अस्पताल में लाए गए, तो एक युवा डाक्टर आपात कक्ष की ओर दौड़ा। वह करीब 40 साल के एक व्यक्ति का इलाज करना चाहता था। उस व्यक्ति के सिर में बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी।

डाक्टर और अन्य कर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश की। तभी सादे कपड़ों में हथियारबंद सुरक्षाकर्मी वहां आ गए। उन्होंने डाक्टरों को रोक दिया। कुछ को अपनी बंदूकों से धक्का दिया। उस डाक्टर ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को यह बात बताई। उत्तरी शहर रश्त के डाक्टर ने कहा, उन्होंने मुझे घेर लिया। हमें आगे बढ़ने नहीं दिया। कुछ ही मिनट बाद उस व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने उसका शव काले बैग में रखा। फिर अन्य शवों के साथ उसे एक वैन में डालकर ले गए। यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ। ईरानी सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये प्रदर्शन 47 साल पुराने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ थे। हजारों लोग घायल हुए। सादे कपड़ों में एजेंट अस्पतालों में फैल गए। वे इलाज पर नजर रखते थे। कई बार इलाज रोकते थे। कर्मचारियों को डराते थे। प्रदर्शनकारियों को पकड़ लेते थे। शवों को बैग में डालकर ले जाते थे।दर्जनों डाक्टरों को गिरफ्तार किया गया। यह रिपोर्ट एसोसिएटेड प्रेस की जांच पर आधारित है। ईरान के तीन डाक्टरों से बात की गई। विदेश में रह रहे छह ईरानी चिकित्सा विशेषज्ञों से भी बात हुई। ये लोग देश के अंदर के डाक्टरों से संपर्क में हैं। मानवाधिकार समूहों की रिपोर्ट देखी गई। सोशल मीडिया के एक दर्जन से ज्यादा वीडियो की जांच की गई। ईरान के अंदर के सभी डाक्टरों ने अपना नाम न छापने की शर्त रखी, क्योंकि उन्हें बदले की कार्रवाई का डर था। समाचार एजेंसी ने बर्लिन स्थित संगठन म्नेमोनिक के साथ काम किया। इस संगठन ने अस्पतालों में हिंसा से जुड़े ऑनलाइन वीडियो और सामग्री की पहचान की। ईरान और विदेश के डाक्टरों ने कहा कि अस्पतालों में इस स्तर की हिंसा पहले कभी नहीं देखी गई। ईरान में दशकों से विरोध पर कार्रवाई होती रही है। सार्वजनिक संस्थानों पर निगरानी भी रहती है।

## अमेरिका ने इजरायल से गैर-आपातकालीन दूतावास कर्मचारियों की रवानगी को दी मंजूरी

**यरूशलम।** इजराइल स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अमे. रिकी विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं के कारण गैर-आपातक. ालीन अमेरिकी सरकारी कर्मियों और उनके परिवारों को इजराइल से बाहर जाने की अनुमति दे दी है। दूतावास ने एक वक्तव्य में कहा कि जब तक व्यावसायिक उड़ानों का संचालन हो रहा है, तब तक व्यक्तियों को इजराइल से बाहर जाने पर विचार कर लेना चाहिए। सुरक्षा घटनाओं के जवाब में और बिना किसी अग्रिम सूचना के अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों को इजराइल के कुछ क्षेत्रों के साथ-साथ यरूशलम के पुराने शहर और वेस्ट बैंक की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## अमेरिका और ईरान के बीच तीसरे दौर की बातचीत समाप्त

■ अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगाः अमेरिकी अधिकारी

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु हथियारों के मुद्दे पर तीसरे दौर की बातचीत यहां समाप्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों देश अगले हफ्ते वियना में तकनीकी स्तर की बातचीत कर सकते हैं।

अमेरिका इस बात को लेकर सोच रहा है कि क्या नई कूटनीति से ईरान के परमाणु हथियारों के इरादों पर रोक लग सकती है या आखिरकार सैन्य बलों का ही सहारा लेना पड़ सकता है। बातचीत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान पर फोर्डो, नतांज और इस्फाहान में अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने और यूरेनियम के बचे हुए भंडार को देश से बाहर भेजने का दबाव डाला है। सूत्रों के अनुसार ईरान के अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने, काफी यूरेनियम को अमेरिका को भेजने और एक स्थाई समझौते के लिए अमेरिका की ओर से रखी गई शर्तों मानने की उम्मीद कम है। ईरान का प्रस्ताव अमेरिका की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता है और ईरान अमे. रिका से रियायतें लेने के लिए ऐसे आर्थिक फायदे पाने की कोशिश कर रहा है जिनका अमेरिका की मांगों से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले कहा था कि अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगा।

## प्रवास के दौरान 2025 में 7600 लोग मारे गए या लापता हो गएः आईओएम

**जिनेवा/बर्लिन।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के नए आंकड़ों के अनुसार, 2025 में दुनिया भर में प्रवास करते समय कम से कम 7667 लोगों की मृत्यु हुई है या वे लापता हो गए। ये आंकड़े प्रवासियों के संकट के वैश्विक स्तर को दर्शाते हैं। आईओएम ने इन आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन तस्करी नेटवर्कों को खत्म करने का आह्वान किया है जो प्रवासियों का शोषण करते हैं और उनके जीवन को जोखिम में डालते हैं। आईओएम की महानिदेशक एमी पोप ने कहा कि प्रवास के दौरान जीवन की निरंतर हानि एक वैश्विक किलता है जिसे हम सामान्य रूप में स्वीकार नहीं कर सकते।

## आरोप-बांग्लादेश सरकार ने डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर बनाया

■ विपक्ष बोला- ये बर्दाश्त नहीं कर सकते, देश में भीड़तंत्र चल रहा

**ढाका।** बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की शुरुआत जैसा है।

बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमा. सान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि यह फैसला पीएम की शह पर लिया गया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने अहसान हबीब मंसूर का कार्यकाल अचानक खत्म कर दिया था, जिन्हें मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने नियुक्त किया था। मंसूर ने कहा कि उन्होंने न इस्तीफा दिया और न ही उन्हें हटाए जाने की कोई आधिकारिक सूचना मिली। उन्हें यह खबर मीडिया के जरिए पता चली। मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति इसलिए अलग मानी जा रही है क्योंकि अब तक बांग्लादेश में केंद्रीय बैंक का गवर्नर आमतौर पर अनुभवी बैंकर, अर्थशास्त्री या वरिष्ठ सिविल सेवक होते रहे हैं। मोस्ताकुर एक कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट और गारमेंट कारोबारी हैं। वे हेरा स्वेटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और हालिया चुनाव में तारिक रहमान की बीएनपी पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति से भी जुड़े रहे थे।

# अफगानिस्तान में पत्नी को पीटने पर 15 दिन जेल

### संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की, अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला दिया



■ अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है, इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे

**एथेंस।** संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की है और कहा है कि महिलाओं और लड़कियों को समाज से अलग करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता।

नया कानून अभिव्यक्ति की आजादी पर भी सख्त है। इसमें तालि. बान सरकार या उसके नेताओं की आलोचना करना अपराध माना गया है। कई अपराधों के लिए कोड़े मारने जैसी शारीरिक सजा का भी प्रावधान रखा गया है। अफगानिस्तान में तालि. बान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है। इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे। इस नए कानून में कुल 119 धाराएं हैं और इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं, जिन पर संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस कानून में पत्नी को पीटने पर सजा सिर्फ 15 दिन की जेल रखी गई है, वह भी तब जब पत्नी अदालत में साबित कर दे कि उसे चोट लगी है और शरीर पर कट, घाव या नीला निशान दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर, अगर कोई महिला अपने पति की अनुमति के बिना अपने मायके चली जाती है और वहां रुकती है, तो उसे तीन महीने की जेल हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर उसके मायके वाले उसे वापस पति के पास नहीं भेजते, तो उन्हें भी सजा दी जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र के मानवा. धिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा है कि यह कानून अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है और महिलाओं के साथ भेदभाव को कानूनी रूप देता है। यूएन वुमेन की प्रतिनिधि सुसान फर्ग्यूसन ने भी कहा कि इस कानून से पुरुषों को महिलाओं पर अधिकार की स्थिति में रखा गया है और महिलाओं के लिए न्याय पाना और मुश्किल हो जाएगा। इस कानून में एक और चौंकाने वाली बात यह है कि जानवरों को लड़ाने पर पांच महीने तक की जेल हो सकती है। अफगानिस्तान में मुर्गों और तीतरों की लड़ाई एक आम परंपरा रही है, लेकिन तालिबान ने 2021 में सत्ता में आने के बाद इस पर रोक लगा दी थी। अब नए कानून में जानवरों की लड़ाई की सजा पत्नी को गंभीर रूप से पीटने की सजा से कहीं ज्यादा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि एक ही अपराध के लिए अलग-अलग सामाजिक वर्गों के लोगों को अलग सजा दी जाएगी। धार्मिक विद्वानों और बड़े लोगों को सिर्फ चेतावनी दी जा सकती है, जबकि आम लोगों को जेल और निचले वर्ग के लोगों को शारीरिक सजा दी जा सकती है। हालांकि हत्या के मामलों में यह फर्क नहीं होगा और दोषी पाए जाने पर मौत की सजा दी जा सकती है।

